राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-352
लखनऊ, रविवार 11 अगस्त 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





बिना विलंब करें सबकी समस्या का समाधान : योगी आदित्यनाथ 03

आजादी की लड़ाई में गुजरात ने दिया अहम योगदान : जेपी नड्डा 12


## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने अवैध शराब का भंडाफोड़ किया, 8 गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में पुलिस ने एक कथित अवैध शराब निर्माण इकाई का भंडाफोड़ किया और आठ लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि उन्होंने तनवीर अहमद के स्वामित्व वाले ईंट भट्टे में एक नियमित निरीक्षण के दौरान इसके उत्पादन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरणों के साथ-साथ बड़ी मात्रा में देशी शराब जब्त की। पुलिस के बयान में कहा कि घटनास्थल से आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया और 13,600 रुपये नकद भी जब्त किया, जो शराब की बिक्री से प्राप्त आय मानी जा रही है। संबंधित कानूनी धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और फिलहाल जांच जारी है।

### कठुआ हमले में शामिल चार आतंकियों के स्केच जारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कठुआ हमले में शामिल चार आतंकवादियों के स्केच जारी किए हैं। साथ ही प्रत्येक आतंकवादी पर पांच लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया है। चारों को आखिरी बार कठुआ जिले के मल्हार, बानी और सियोजधार के ढोकों में देखा गया था। यह जानकारी कठुआ पुलिस चौकी ने एक्स पर साझा की है। इसमें कहा गया है कि ठोस सूचना देने वाला व्यक्ति इस इनाम का हकदार होगा। आतंकवादियों की विश्वसनीय सूचना देने वाले को भी उचित इनाम दिया जाएगा।

### पुलिस ने आतंकियों से बरामद ग्रेनेड किए डिफ्यूज

**कठुआ।** गत जुलाई माह में जिला कठुआ की हीरानगर तहसील के सैडा गांव में हुए आतंकी हमले के बाद आतंकियों से बरामद ग्रेनेड शनिवार को डिफ्यूज कर दिया गए। इस अवसर पर हीरानगर पुलिस ने स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी और एफएसएल के साथ संयुक्त तौर पर बसंतपुर रावी दरिया के जंगली इलाके में आठ ग्रेनेड डिफ्यूज किए। गौरतलब हो कि इस आतंकी हमले में सीआरपीएफ का एक जवान शहीद हो गया था जबकि कुछ ग्रामीण घायल हुए थे। 16 घंटे से भी ज्यादा चले इस ऑपरेशन में सुरक्षा बलों ने दो आतंकियों को मार गिराया था और उनसे गोला बारूद बरामद किया गया था।

### घुसपैठ कर रहे बांग्लादेशियों को बीएसएफ ने रोका

**धुबड़ी (असम)।** बांग्लादेश में जारी हिंसा के बीच आज सुबह धुबड़ी जिले की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर असम में जबरन घुसने की कोशिश कर रहे बांग्लादेशी नागरिकों को बीएसएफ ने रोक दिया। बांग्लादेशी नागरिकों का यह झुंड गेट नंबर 50 को पार करके धुबड़ी के भोगडांगा और फौशकरकुटी स्थित भारतीय गांवों में जबरन घुसने की कोशिश कर रहा था। ये गांव तीन तरफ से बांग्लादेश से घिरे हुए हैं। धुबड़ी जिले के बरभंगी ग्राम पंचायत स्थित ये गांव चिकन नेक क्षेत्र का हिस्सा हैं। यहां 642 लोग रहते हैं। घुसपैठ के प्रयास की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और सीमा पर तैनात स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने तुरंत उन्हें रोका। ये बांग्लादेशी नागरिक कुरीग्राम जिले के नागेश्वरी, कसाकाटा और देवी बारी क्षेत्र से आए थे। बीएसएफ के जवानों ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। उन्हें बांग्लादेश बॉर्डर गार्ड (बीजीबी) के सहयोग से वापस भेजने का प्रयास चल रहा है।

### सीएम आवास में अवैध निर्माण के लिए तीन अफसर निलंबित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) ने अपने तीन इंजीनियरों को निलंबित कर दिया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के 6 फ्लैग स्टाफ रोड स्थित आधिकारिक आवास के निर्माण में अवैध कार्य में उनकी भूमिका के लिए इन्हें निलंबित किया गया है। सूत्रों के मुताबिक निलंबित इंजीनियर में एडीजी (सिविल) सीपीडब्ल्यूडी, अशोक कुमार राजदेव, मुख्य अभियंता, प्रदीप कुमार परमार और अधीक्षण अभियंता, अभिषेक राज शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास में हुए निर्माण कार्यों में गतिविधियां और आवश्यकता से अधिक सुविधाओं पर हुए खर्च को लेकर जांच चल रही है। भारतीय जनता पार्टी मैं मुख्यमंत्री आवास को शीश महल घोटाला कहकर संबोधित किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वायनाड लैंडस्लाइड प्रभावित इलाकों का किया दौरा, कहा

# वायनाड त्रासदी 'सामान्य नहीं'

एजेंसी

**वायनाड।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को केरल सरकार से 30 जुलाई को राज्य के वायनाड जिले में भूस्खलन के कारण हुये नुकसान के बारे में एक विस्तृत ज्ञापन सौंपने को कहा। श्री मोदी ने कहा कि यह त्रासदी 'सामान्य नहीं' है। भूस्खलन की तबाही सामान्य नहीं है, इससे वायनाड में हजारों परिवार प्रभावित हुये हैं।

श्री मोदी ने राज्य सरकार से कहा कि सौंपे जाने वाले ज्ञापन में भूस्खलन से बचे लोगों और पीड़ितों के पुनर्वास के लिये राशि शामिल होनी चाहिये। उन्होंने पीड़ितों और जीवित बचे लोगों के पुनर्वास और वायनाड में बुनियादी सुविधायें फिर उपलब्ध कराने के लिये हर संभव वित्तीय सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी कहा, सभी पीड़ितों के परिवार या केरल अकेला नहीं है, आपदा की स्थिति से उबरने के लिये पूरा देश वायनाड के लोगों के साथ खड़ा है। श्री मोदी आपदा क्षेत्रों का दौरा करने के



बाद कलपेट्टा में कलेक्ट्रेट के सम्मेलन कक्ष में एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुये यह बोल रहे थे। उन्होंने स्थिति का जायजा लेने और हवाई सर्वेक्षण करने के लिये वायनाड में लगभग छह घंटे बिताये। प्रधानमंत्री ने राहत शिविरों और अस्पतालों का भी दौरा किया, जहां वायनाड जिले के मेप्पडी में भूस्खलन से पीड़ितों का उपचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा, राज्य सरकार से इमारतों, फसलों की क्षति, अन्य प्रकार के नुकसान और जीवित बचे लोगों के पुनर्वास के लिये ज्ञापन प्राप्त करने के बाद केंद्र सरकार इस पर निर्णय लेगी। श्री मोदी ने आश्वासन दिया कि केंद्र और राज्य सरकार भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों को फिर से पहले की तरह बनाने के लिये मिलकर काम करेंगी और धन की कमी के कारण पुनर्वास कार्य में बाधा नहीं आयेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी केंद्रीय एजेंसियां आपदा प्रभावित लोगों की मदद करेंगी। उन्होंने कहा, मैंने आपदा स्थल पर जाकर स्थिति देखी है और राहत शिविरों और अस्पतालों में घायल लोगों से मुलाकात की है। श्री मोदी ने कहा वायनाड भूस्खलन की घटना सुनने के बाद मैंने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से संपर्क किया और सभी केंद्रीय एजेंसियों को बचाव कार्य के लिये भेजा। राजस्व मंत्री के. राजन ने संवाददाताओं को बताया कि एक मसौदा ज्ञापन पहले ही केंद्र सरकार को सौंप दिया गया है और उम्मीद है कि केंद्र इस संबंध में केरल को सभी वित्तीय सहायता प्रदान करेगा।

### केरल को राहत प्रयासों में हर संभव सहायता का आश्वासन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि हमारी प्रार्थनाएं वायनाड में भूस्खलन से प्रभावित लोगों के साथ हैं और केंद्र राहत प्रयासों में सहायता के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन देता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सभी सहायता और राहत कार्यों के लिए राज्य सरकार के साथ खड़ी है। समीक्षा बैठक में मोदी ने भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार और देश इस दुख की घड़ी में आपदा प्रभावितों के साथ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे वायनाड में बचाव कार्यों पर कड़ी नज़र रख रहे हैं और अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन कोष पहले ही जारी कर दिया गया है और शेष राशि भी तुरंत जारी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा स्थिति से निपटने में सक्षम सभी केंद्रीय एजेंसियों को सक्रिय कर दिया गया है और वे प्रभावित लोगों की मदद कर रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना, राज्य पुलिस, स्थानीय चिकित्सा बल, एनजीओ और अन्य सेवाभावी संस्थाओं के कर्मियों की सराहना की, जो आपदाग्रस्त क्षेत्र में तुरंत पहुंचे और खोज एवं बचाव कार्य शुरू किया। मोदी ने प्रभावित लोगों, खासकर अपने परिजनों को खो चुके बच्चों की सहायता के लिए नई दीर्घकालिक योजनाएं बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

### पीएम फसलों की 109 उच्च उपज देने वाली किस्में आज करेंगे जारी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को सुबह करीब 11 बजे भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), नई दिल्ली में 109 उच्च उपज देने वाली, जलवायु अनुकूल और जैव-सशक्त फसलों की किस्में जारी करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शनिवार को बताया कि प्रधानमंत्री 61 फसलों की 109 किस्में जारी करेंगे, जिनमें 34 खेत की फसलें और 27 बागवानी फसलें शामिल हैं। खेत की फसलों में बाजरा, चारा फसलें, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास, फाइबर और अन्य संभावित फसलों सहित विभिन्न अनाजों के बीज जारी किए जाएंगे। बागवानी फसलों में फलों, सब्जियों, बागान फसलों, कंद फसलों, मसालों, फूलों और औषधीय फसलों की विभिन्न किस्में जारी की जाएंगी। प्रधानमंत्री ने हमेशा टिकाऊ खेती और जलवायु परिवर्तन के अनुकूल तरीकों को अपनाने को प्रोत्साहित किया है।

## अनंतनाग में आतंकियों से मुठभेड़ दो जवान शहीद, तीन लोग घायल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में शनिवार (10 अगस्त) को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में 2 जवान शहीद हो गए। 3 जवान जख्मी हैं। इसके अलावा फायरिंग में 2 नागरिक भी घायल हो गए हैं। एनकाउंटर दोपहर 2 बजे से जारी है। माना जा रहा है कि आतंकी डोडा से अनंतनाग के इलाके में घुसे थे। ऑपरेशन जिले के कोकेरनाग टाउन में चल रहा है।

पुलिस अधिकारियों को आतंकवादियों के छिपे होने का इनपुट मिला था। इसके बाद पुलिस और सिक्योरिटी फोर्सेज की ज्वाइंट टीम सर्च ऑपरेशन में लग गई। इसी दौरान आतंकियों ने हमला कर दिया। इलाके में दो से तीन आतंकी होने की आशंका है। पिछले एक साल में कोकेरनाग में यह दूसरी बड़ी मुठभेड़ है। इससे पहले सितंबर 2023 में कोकेरनाग जंगल में आतंकवादियों के साथ एनकाउंटर में तीन जवान शहीद हुए थे। शुक्रवार, 9 अगस्त को पुलिस ने 4 आतंकवादियों के स्केच जारी किए थे।



इन्हें आखिरी बार कठुआ जिले के मल्हार, बानी और सोजधर के ढोक में देखा गया था। पुलिस ने आतंकियों की जानकारी देने वालों को 5 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की है। ये आतंकी कठुआ में हुए सेना के काफिले पर हमले में शामिल हैं। कुपवाड़ा के केरन इलाके में 17 जुलाई को सेना ने एनकाउंटर में 2 आतंकियों को मार गिराया था। सेना को यहां कुछ आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया था। इसके अलावा उसी दिन डोडा में भी दो जगह एनकाउंटर चला। इसमें आतंकवादियों के हमले में दो सैनिक घायल हो गए थे। डोडा में ही 15 जुलाई को आतंकियों से मुठभेड़ में सेना के एक कैप्टन और पुलिसकर्मी समेत 5 जवान शहीद हो गए थे।

## मुरादाबाद जिले में हैं उत्तर प्रदेश की सर्वाधिक वक्फ संपत्तियां

- कानून बनने पर जिले की सभी संपत्तियों पर होगी सरकार की नजर

समृद्धि न्यूज

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में सुन्नी वक्फ बोर्ड की 10,386 और शिया वक्फ बोर्ड की 3603 संपत्तियां हैं। यह पूरे उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक है। वक्फ संशोधन विधेयक के कानून बन जाने पर मुरादाबाद जिले में इसका बड़ा असर दिखाई देगा, सभी वक्फ संपत्तियां सरकार की निगरानी में आ जाएंगी।

मुरादाबाद के जिला अल्पसंख्यक अधिकारी दिलीप कुमार ने शनिवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि मुरादाबाद में उत्तर प्रदेश सुन्नी वक्फ बोर्ड और उत्तर प्रदेश शिया वक्फ बोर्ड की कई संपत्तियों की सूची बना ली गई है। वक्फ संपत्तियों पर पूरी निगरानी की जा रही है। कहीं किसी संपत्ति पर विवाद को अभी वक्फ बोर्ड देखते हैं, किन्तु बदले परिवेश में इसे आडिट से गुजरना होगा। जमीयत उलेमा ए हिंद के कानूनी सलाहकार मौलाना सैयद काब रशीदी ने बताया कि बहुत से लोग कौम, दीनी शिक्षा एवं जनकल्याण के लिए अपनी जमीन, अपनी संपत्ति वक्फ बोर्ड को दे देते हैं। सरकार को इसमें हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

### वित्त सचिव टीवी सोमनाथन दो साल के लिए कैबिनेट सचिव नियुक्त

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वित्त सचिव टीवी सोमनाथन को 30 अगस्त से 2 साल के लिए कैबिनेट सचिव नियुक्त किया है। वे 1982 बैच के आईएएस अधिकारी राजीव गौबा का स्थान लेंगे। सरकार की ओर से शनिवार को जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने टीवी सोमनाथन, आईएएस की कैबिनेट सचिवालय में विशेष कार्य अधिकारी के रूप में नियुक्ति को भी मंजूरी दे दी है, जो कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से लेकर कैबिनेट सचिव का पदभार ग्रहण करने तक लागू रहेगा। तमिलनाडु कैडर के 1987 बैच के के वरिष्ठ अधिकारी टीवी सोमनाथन को अप्रैल 2021 में वित्त सचिव नियुक्त किया गया था।

## अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप के बाद हत्या

- पुलिस ने आरोपी संजय को 14 दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा

एजेंसी

**कोलकाता।** कोलकाता के सरकारी अस्पताल की महिला डॉक्टर की रेप के बाद हत्या की गई। शनिवार (10 अगस्त) को आरोपी संजय को 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया है। उसे सियालदह कोर्ट में पेश किया गया था। 23 अगस्त को कस्टडी खत्म होगी।

पुलिस ने संजय को 9 अगस्त को गिरफ्तार किया था। सामने आया है कि वो अस्पताल का कर्मचारी नहीं है, बाहरी व्यक्ति है। लेकिन उसकी अस्पताल के अलग-अलग विभागों में काफी पहुंच है। पुलिस के मुताबिक, संजय की हरकतें संदिग्ध हैं। वह सीधे तौर पर घटना में है। साथ ही पुलिस घटना की रात ट्रेनी डॉक्टर के साथ हॉस्पिटल में मौजूद 5 लोगों से पूछताछ कर रही है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर मुरली धर ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता के सेक्शन 103 (1) हत्या और सेक्शन 64 (बलात्कार) के तहत केस दर्ज किया है। यह रेप और हत्या का मामला है। जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम बनाई है।

कोलकाता के सरकारी अस्पताल (आरजी कर मेडिकल कॉलेज) के सेमिनार हॉल में शुक्रवार (9 अगस्त) को पोस्ट-ग्रेजुएट ट्रेनी महिला डॉक्टर का अर्धनग्न शव मिला था।

### प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की

कोलकाता के आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के बाहर शनिवार को माहौल तनावपूर्ण हो गया, जब एक महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के मामले में विरोध प्रदर्शन कर रहे बाहरी प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हो गई। ये बाहरी लोग आंदोलनरत जूनियर डॉक्टरों का समर्थन करने के लिए वहां पहुंचे थे। जैसे ही पुलिस ने उन्हें अस्पताल के अंदर जाने से रोका, स्थिति और बिगड़ गई। सुबह से ही आर.जी. कर अस्पताल का माहौल गर्म था लेकिन जैसे-जैसे दिन बीतता गया, विरोध और प्रदर्शनों का तेवर बढ़ता गया। दोपहर बाद एक समूह ने जबरन अस्पताल में प्रवेश करने की कोशिश की जिससे पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प शुरू हो गई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की बैरिकेड को तोड़ने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने काफी देर तक उन्हें अंदर घुसने से रोके रखा।

### साइबर ठगों में महिला से निवेश के नाम पर ठगे तीन करोड़ 10 लाख रुपए

**गाजियाबाद ।** इंदिरापुरम वैभव खंड निवासी एक महिला से साइबर ठगों ने तीन करोड़ 10 लाख 34 हजार 240 रुपये ठग लिए। अब पीड़ित महिला ने साइबर अपराध थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। नबनिता मिश्रा नामक इस महिला ने पुलिस में दर्ज कराई एफआईआर में कहा है कि उन्होंने फेसबुक पर शेयर ट्रेडिंग के विज्ञापन को देखकर क्लिक किया था, जिसके बाद वह एक व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़ गईं। ठगों ने इसके बाद उनसे ट्रेडिंग में मोटी कमाई का झांसा देकर रुपये निवेश कराए और तीन जुलाई से दो अगस्त तक 22 ट्रांजेक्शन कराकर तीन करोड़ 10 लाख 34 हजार 240 रुपये ट्रांसफर करा लिए।

### माता वैष्णो देवी कटड़ा-वाराणसी व वाराणसी-चंडीगढ़ के बीच चलेंगी चार ट्रेनें

**मुरादाबाद।** उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने शनिवार को बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से वाराणसी के मध्य फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 04624/04623 एवं वाराणसी से चंडीगढ़ के मध्य सुपरफास्ट स्पेशल गाड़ी संख्या 04211/04212 का संचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 04211 वाराणसी से 17 अगस्त और 04212 चंडीगढ़ से 18 अगस्त को चलेगी। 04624 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से प्रत्येक रविवार 11, 18 और 25 अगस्त और 04623 वाराणसी से 13, 20 व 24 अगस्त को चलेगी। दोनों ट्रेनें 3-3 फेरे लगाएंगीं।

## मुख्तार के कब्जे वाली जमीन पर बन रहे गरीबों के लिए फ्लैट, लॉटरी के जरिए होगा आवंटन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** मुख्तार अंसारी की मौत के बाद भी उसके परिवार की मुश्किलें कम नहीं हुई। लखनऊ में कभी मुख्तार के कब्जे वाली जमीन पर अब लखनऊ डेवलपमेंट अथॉरिटी गरीबों के लिए फ्लैट बना रहा है। यह जमीन हजरतगंज स्थित डालीबाग में थी और इसी पर मुख्तार का घर था। जमीन काफी बेशकीमती मानी जाती है और यहां पर मुख्तार अंसारी का कब्जा था।

मुख्तार के कब्जे वाली जमीन पर दो मकान बने हुए थे। यह जमीन आजादी के बाद भारत छोड़कर




पाकिस्तान गए लोगों की थी और कागजों में इस पर मुख्तार की मां का नाम था। दोनों मकानों को गिरा दिया गया और अब इस पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घरों का निर्माण हो रहा है। वीसी एलडीए प्रथमेश कुमार के मुताबिक 3 महीने में घरों का निर्माण पूरा हो जाएगा और उसके बाद चुनिंदा लोगों को लॉटरी के माध्यम से आवास आवंटित किए जाएंगे। 76 आवासों का निर्माण किया जा रहा है और जल्द ही आवंटन शुरू हो जाएगा। डालीबाग लखनऊ का सबसे वीवीआईपी इलाका है। इस कॉलोनी में अधिकारियों, नेताओं और वीवीआईपी लोगों के घर हैं। यहां पर दो वीवीआईपी गेस्ट हाउस भी हैं। साढ़े 7 लाख रुपये की कीमत पर 300 स्क्वायर फीट का फ्लैट आवास योजना के अंतर्गत दिया जाएगा। इसके लिए लाभार्थी की वार्षिक आय 3 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। साढ़े 7 लाख रुपए का आवास होगा, उसमें ढाई लाख रुपये सरकारी सब्सिडी मिलेगी। मतलब यह मकान गरीबों के लिए 5 लाख में होगा।

### जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अवैध खनन पर नकेल कसी सात वाहन किए जब्त

**किश्तवाड़।** अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए निर्णायक कार्रवाई करते हुए जिला पुलिस किश्तवाड़ ने खनिजों के अवैध निष्कर्षण और परिवहन में शामिल सात वाहनों को शनिवार को जब्त किया है। जब्त किए गए वाहनों में 5 टिपर और 2 महिंद्रा पिकअप शामिल हैं जिनका इस्तेमाल कानून का उल्लंघन करते हुए किया जा रहा था। जिला पुलिस किश्तवाड़ को जिले में अवैध खनन के परिवहन से संबंधित एक विशेष सूचना मिली। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय किश्तवाड़ की देखरेख में एसएचओ पीएस किश्तवाड़ के नेतृत्व में शालीमार में एक नाका स्थापित किया गया और जिले में अवैध खनन व्यापार में शामिल वाहनों को जब्त कर लिया गया।

## राष्ट्रपति मुर्मु तिमोर-लेस्ते के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित

एजेंसी

**दिली/नयी दिल्ली।** तिमोर-लेस्ते की राजकीय यात्रा पर गईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को वहां राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्ता ने देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार ग्रैंड-कॉलर ऑफ द ऑर्डर ऑफ तिमोर-लेस्ते से सम्मानित किया है।

श्रीमती मुर्म को यह पुरस्कार सार्वजनिक सेवा में उनकी उपलब्धियों और शिक्षा, सामाजिक कल्याण तथा महिलाओं के सशक्तीकरण के प्रति समर्पण के लिए दिया गया है। बाद में, दोनों राष्ट्रपतियों ने द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें आईटी, डिजिटलीकरण, स्वास्थ्य और दवा, कृषि और क्षमता निर्माण पर चर्चा हुई। श्रीमती मुर्मु ने प्रधानमंत्री



सानाना गुसमाओ के साथ भी चर्चा की। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता और राष्ट्रपति कार्यालय ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्ता ने राष्ट्रपति मुर्मु को देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, ग्रैंड-कॉलर ऑफ द ऑर्डर ऑफ तिमोर-लेस्ते से सम्मानित किया। यह पुरस्कार सार्वजनिक सेवा में उनकी उपलब्धियों व शिक्षा, सामाजिक कल्याण और महिलाओं के सशक्तीकरण के प्रति समर्पण के लिए है।

## सरकार विशेष संसद सत्र बुलाए व सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बदले

- मायावती ने भाजपा कांग्रेस व सपा पर जमकर हमला बोला

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने उच्चतम न्यायालय द्वारा राज्यों को अनुसूचित जाति और जनजातियों के आरक्षण में उप-वर्गीकरण करने के फैसले को लेकर एक बार फिर राजधानी लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने इस दौरान भाजपा, कांग्रेस सपा पर जमकर हमला बोला।

मायावती ने कहा कि सभी पार्टियां चुनाव के दौरान संविधान और आरक्षण बचाने का दावा करती थी, लेकिन अभी तक किसी पार्टी ने इस मुद्दे को लेकर अपना रुख साफ करें। उन्होंने कहा कि



पीएम मोदी ने अनुसूचित जाति और जनजातियों के सांसदों को भरोसा दिया था कि क्रीमी लेयर लागू नहीं किया जाएगा। संसद का सत्र समाप्त हो गया उसके बाद संविधान संशोधन बिल लाकर सुप्रीम के फैसले को सरकार ने नहीं पलटा।

मायावती ने एससी,एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर को लेकर कहा कि सरकार विशेष संसद सत्र बुलाए और सुप्रीम कोर्ट के फैसले को तुरंत बदले बसपा इसका समर्थन करेगी, नहीं तो अनुसूचित जाति और जनजाति अपने अपने आप को ठगा महसूस करेगा।

अनावरण

मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या विद्यापीठ में जनसभा को किया संबोधित

## मधुसूदनाचार्य महाराज ने अलग-अलग क्षेत्रों को किया अभिसिंचित

- विद्यापीठ परिसर में श्रीराम दरबार व अशर्फी भवन के पूज्य आचार्यों की प्रतिमाओं की हुई स्थापना

समृद्धि न्यूज

**अयोध्या।** शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अशर्फी भवन के नवनिर्मित श्री राम मंदिर के नूतन विग्रह में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा एवं ब्रह्मलीन जगदाचार्य स्वामी मधुसूदनाचार्य जी महाराज तथा ब्रह्मलीन जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी माधवाचार्य जी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया। यह अनावरण कार्यक्रम विद्यापीठ कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज करमडाडा में



किया गया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर मुख्यमंत्री का स्वागत प्रभारी मंत्री/कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर राम दरबार व स्वामी माधवाचार्य जी महाराज व स्वामी मधुसूदनाचार्य जी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया तथा परिसर में आयोजित जनसभा में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की शुरूआत 'रामाय रामभद्राय रामचन्द्राय वेधसे। रघुनाथाय नाथाय सीतायाः पतये नमः।। से करते हुये आचार्यो एवं जनप्रतिनिधियों व अयोध्या विद्यापीठ समिति पदाधिकारियों, अशर्फी धाम के भक्तों, अभिभावकों तथा विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि अयोध्या की इस पावन धरा पर श्रीराम दरबार के यहां पर भव्य विग्रहों की स्थापना का कार्य करने का गौरव प्राप्त हुआ है। साथ ही इस पूरी धरा को जिन्होंने अपने धर्माचरण से पवित्र करके इस पूरे क्षेत्र में सौ वर्ष पहले जिन्होंने श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर इस जागरण के बड़े कार्यक्रम को अपने हाथों में लिया था, ऐसे पूज्य संतों, पूज्य स्वामी मधूसूदनाचार्य जी महाराज,पूज्य स्वामी जगतगुरू रामानुजाचार्य स्वामी माधवाचार्य जी महाराज की दिव्य प्रतिमाओं की आज यहां पर स्थापना का कार्य सम्पन्न हुआ है। उन्होंने कहा कि मधुसूदनाचार्य महाराज ने अयोध्या धाम के साथ-साथ पूरे देश के अलग अलग क्षेत्र को अभिसिंचित करने का कार्य किया। रामानुजाचार्य पूज्य स्वामी माधवाचार्य जी महाराज का कार्यकाल भले ही अल्प रहा हो, लेकिन अपनी साधना के साथ उन्होंने लोगों के जीवन को बदलने का कार्य किया।मुख्यमंत्री ने अयोध्या विद्यापीठ के माध्यम से कोरोना जैसी महामारी के वक्त किये गये लोक कल्याणकारी कार्यों को याद किया।उन्होंने कहा कि जब पूरी दुनिया हताश थी तब हमारे धर्मस्थल और पूज्य संत और ऐसे संस्थान लोक कल्याण के अभियान के साथ जुड़े थे। उन्होंने कहा है कि विगत सात साल में अयोध्या को नई पहचान मिली है। ये पहचान आसानी से नहीं, बल्कि लंबे संघर्ष के बाद मिली है और इसे बचाए रखने का दायित्व भी अयोध्यावासियों का होना चाहिए। हमारी आजादी सुरक्षित होगी, तभी हमारा भविष्य भी सुरक्षित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अपने हित और अहित को पहचानना होगा।

# जनभागीदारी से फाइलेरिया उन्मूलन अभियान होगा सफल: अधीक्षक

**फरधान में फाइलेरिया के खिलाफ अभियान शुरू, आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर खिलाएंगी दवा**

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है, जो एक विशेष प्रकार के मच्छर क्यूलेक्स के काटने से एक दूसरे में फैलती है, बीमारी के लक्षणों में हाथ, पैर, महिलाओं के स्तन में सूजन, हाईड्रोसिल, पेशाब में सफ़ेद रंग का पानी आना और सूखी खांसी शामिल हैं एक बार लक्षण प्रकट होने के बाद इस बीमारी का कोई इलाज नहीं है लेकिन साल में एक बार लगातार पांच साल तक 5 खुराक दवा सेवन करने से फाइलेरिया से बचा जा सकता है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 10 अगस्त से 02 सितम्बर तक सामूहिक दवा सेवन अभियान (एमडीए) चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में फरधान सीएचसी क्षेत्र में आयोजित फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की सफलता के लिये जनभागीदारी जरूरी है फाइलेरिया के प्रसार को कम करने के लिए 10 अगस्त से 02 सितम्बर तक ट्रिपल ड्रग थेरेपी के तहत आइवर मेक्टिन, डीइसी व एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी, सीएचसी क्षेत्र में 358 टीमो की लक्षित 03 लाख 20 हजार आबादी को दवा सेवन करानी है एक टीम मे एक आशा और एक पुरुष कार्यकर्ता शामिल होगा इनकी निगरानी के लिए 72




सुपरवाइजर रखे गए हैं जो इनपर नजर रखेंगे और इनका सहयोग करेंगे। अधीक्षक डॉ. अमित बाजपेई ने बताया कि सर्वजन दवा सेवन के तहत सबसे जरूरी है कि इस दवा को बांटना नहीं है बल्कि उसे अपने सामने ही खिलाना है तीनों दवाओं में से एल्बेंडाजोल की गोली को हमेशा चबाकर खाना है यह दवा एक साल से कम उम्र के बच्चों, गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों व गर्भवती स्त्रियों को नहीं खिलानी है बताया कि ट्रिपल ड्रग थेरेपी के सेवन से कुछ लोगों में प्रतिकूल प्रभाव भी देखने को मिलते हैं, वह मतली, चक्कर, हल्की बुखार के रूप में भी हो सकते हैं इन दुष्प्रभावों से घबराने की बिल्कुल जरूरत नहीं है यह दुष्प्रभाव तभी होगा जब आपके अंदर माइक्रोफाइलेरिया होंगे? पांच साल के ऊपर लोगों को खिलाई जाएगी। यह दवा खाना खाने के बाद ही देनी है खाली पेट दवा का सेवन नहीं करना है 10 अगस्त से 02 सितम्बर तक चलने वाले इस अभियान के दौरान सीएचसी व पीएचसी या आशा कर्मी से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं यह दवा सभी स्वस्थ लोगों को सेवन करना जरूरी है इस बीमारी से बचाव के लिए घर-घर पहुंचकर दवा खिलाई जाएगी हर दिन 25 परिवारों को फाइलेरिया की दवा खिलानी है फरधान सीएचसी अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई ने बताया कि फाइलेरिया से बचाव की दवाएं पूरी तरह सुरक्षित और कारगर हैं।

# जिओ-एयरटेल टेलीकॉम कंपनी का नेटवर्क ध्वस्त

**कम्पनी कर रही है उपभोक्ताओं का शोषण ,पोर्ट करवाना ही एक मात्र विकल्प**

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**



मितौली कस्बा सहित क्षेत्र में लगभग दो माह गुजर जाने के बावजूद भी जिओ एवं एयरटेल नेटवर्क की स्थिति बद से बत्तर , मोबाईल व जनसेवा केंद्र उक्त कम्पनियां नेटवर्क के सहारे चल रहे थे उनका काम हुआ ठप। उक्त कम्पनियों ने रिचार्ज महंगा करने के बाद भी नेटवर्क किया ध्वस्त, उक्त कम्पनी क्षेत्र में उपभोक्ताओं की जेब पर डाल रही डाका। बेहतरीन नेटवर्क देने के वादे कर जनता को बेवकूफ बना रही जिओ एवं एयरटेल टेलीकॉम कंपनी। मितौली कस्बे से महेज 1500 सौ मीटर की दूरी पर बसे कचियानी गांव के कुछ उपभोक्ताओं ने उक्त कम्पनियों में शिकायत करने के बावजूद कान में जूं नही रेगे।

कुछ एयरटेल उपभोक्ताओं ने बताया मोबाइल में अक्सर सिग्नल न रहने पर मितौली कस्बे के एयरटेल कम्पनी के डिस्ट्रीब्यूटर से जब फोन के माध्यम से वार्ता की गई तब उसने सीधा जवाब दिया आप किसी भी कम्पनी में पोर्ट करा दो मेरी कम्पनी पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। वहीं जिओ कंपनी के नेटवर्क से जुड़े लोगों को भी काफी समस्या हो रही है, जिओ का नेटवर्क बाधित होने के चलते लोगों का कॉल करना मुश्किल हो गया है। सैकड़ों शिकायतों के बाद भी पुरसाहाल नही हुआ। यूजर अपने आपको ठगा महसूस कर रहा है।

# पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझकर करें दूर : डीएम



**राजस्व-पुलिस से शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए**

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा थाना फूलबेहड़ में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे, जहां दोनो अफसरों ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। समाधान दिवस में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए।

इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। डीएम-एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया।

इस दौरान नायब तहसीलदार अश्विनी कुमार, प्रभारी निरीक्षक सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



# 150 कांवड़ियों का जत्था छोटी काशी रवाना

**बिजुआ खीरी।** छोटी काशी गोलागोकर्णनाथ को ग्राम भानपुर से 150 कावंड़ियों का एक जत्था शनिवार को मोक्षदायिनी सारदा नदी से जल भरकर गोला के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर कांवड़ियों को गाजे-बाजे के साथ रवाना करने के लिए पडरिया तुला पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी सन्दीप यादव मय फोर्स व ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा इलाका शिवमय हो गया। कस्बा भानपुर में सुबह से ही शिवभक्तों की भीड़ इकट्ठा होनी शुरू हो गयी। ट्रैक्टर ट्रॉली पर गाजे बाजे के साथ हर-हर महादेव के जयघोष के साथ समाजसेवी व श्री भानपुर शिव सेवा कांवर संघ के अध्यक्ष आदित्य तिवारी के नेतृत्व में करीब 150 शिवभक्तों का एक जत्था सारदा नदी के घाट पर पहुंचा। इसके बाद करीब दस बजे पूजन वंदन के बाद कांवड़ में जल भरा। शिव भक्त गाते-बजाते हुए छोटी काशी गोला गोकरन नाथ के लिए रवाना हो गए।

# नदी का कटान तेज, खत्म हो रहा नयापुरवा का अस्तित्व!

**मंदिर सहित आठ मकान नदी में समाएं अब गांव में बचे 6 है सिर्फ मकान**

**बिजुआ-खीरी, समृद्धि न्यूज।**



पिछले कुछ दिनों से पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश के बाद नदियां उफान पर हैं ऐसे में एक बार फिर शारदा नदी का जल स्तर बढ़ने से सारदा ने रुद्र रूप धारण कर लिया है और तराई क्षेत्र में पुनः कटान तेज हो गया है। विकास खण्ड बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत करसौर के मजरा नयापुरवा में शारदा नदी का कटान भी तेज हो गया है जिससे शारदा नदी ने तीन दिन में गांव का पौराणिक मंदिर सहित आठ घरों को अपने आगोश में ले लिया है,अगर इसी प्रकार सारदा नदी कटान करती रही तो जल्द ही नयापुरवा गांव का अस्तित्व खत्म हो जाएगा, गांव सिर्फ कागजों पर ही नजर आएगा। शारदा नदी में बनबसा से छोड़े गए पानी के कारण जल स्तर बढ़ गया है जिससे शारदा नदी में कटान तेज हो गया है। शारदा नदी बेलहा सिकटिहा और नया पुरवा में रुक रुक कर कटान करती नजर आ रही है ग्राम पंचायत करसौर के मजरा नयापुरवा में कटान पुन~ तेज हो गया है और गांव में स्थित पौराणिक देवी मंदिर को काटते हुए गांव की मैंना देवी पत्नी हरद्वारी, सरोजनी पत्नी विनोद, रेनू देवी पत्नी कंधई, रेशमा देवी पत्नी सोबरन, अरुण पुत्र राजाराम, राजाराम पुत्र लालाराम, बेच पुत्र तनसुख, राम मनोहर पुत्र बेचे के मकान कट कर शारदा नदी में समा गए हैं लेखपाल अविनाश मिश्रा ने बताया की बृहस्पतिवार से शारदा नदी ने नायापुरवा में कटान पुनः चालू कर दिया है जिसमें गांव में स्थित देवी मंदिर सहित आठ मकान नदी में समा गए हैं अब गांव में करीब 6 मकान बचे हुए हैं,जो घर बचे है उनको ग्रह स्वामी अपने हाथो से तोड़ रहे हैं अगर यू ही कटान होता रहा तो जल्द ही नयापुरवा का अस्तित्व खत्म हो जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### सोहक गांव में फैली गंदगी, रोड बना तालाब

**पसगवां खीरी।** पसगवॉ विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत सोहक में विकास कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार दिख रहा है। गांव सोहक में इन दिनों गंदगी का अंबार लगा हुआ है। पूरे गांव में गंदगी व कीचड़ और चौक नालियों का पानी रोड पर बहने से लोगों को खासी परेशानी उठाना पड़ रही है। मुख्य रोड पर पानी सड़क पर बहने से कीचड़ हो गया। इस कीचड़ से लोगों को निकलना पड़ रहा है जिससे आसपास के राहगीरों को गंदे पानी व कीचड़ से काफी दिक्कतें होती हैं। विकास खण्ड का ग्राम सोहक स्वच्छता अभियान की पोल खेल रहा है। सफाई कार्य न होने से गांव का मुख्य मार्ग ही गंदगी से पट गया है। घरों से निकलने वाले पानी ने गलियों को नालियों में तब्दील कर दिया है। बावजूद जिम्मेदार आंख बंद किए बैठे हैं।गांव में वैसे भी नालियों का अभाव है। जो हैं वह जाम हो चुकी हैं। नतीजतन घरों का पानी गलियों व गांव के मुख्य मार्ग पर फैल रहा है। ग्राम वासियों का कहना है ग्राम प्रधान द्वारा गांव में सफाई कार्य नहीं कराया जाता है?।

### रंगोली एवं वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित



**सिंगाही-खीरी।** क़स्बे में स्वच्छ सारथी क्लब के सदस्यो व छात्र/छात्राओं के साथ विद्यालय में सफाई के साथ-साथ स्वच्छता रंगोली एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अधिशाषी अधिकारी एसडीएम राजीव निगम की उपस्थिति में सुरेंद्र पाल सिंह नोडल अधिकारी (स्वच्छ भारत) के द्वारा स्वच्छता का महत्त्व पर विद्यालय प्राँगण में उपस्थित स्वच्छ सारथी क्लब के सदस्यो व छात्र/छात्राओं एवं शिक्षकों से विस्तार से चर्चा भी की गई। इन दौरान कस्बे के तीन स्कूलों में बच्चों की सफाई के साथ-साथ स्वच्छता, पृथक्कीकरण व रिसाइक्लिंग पर रंगोली एवं वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें काफ़ी बच्चों ने भाग लिया और अपनी कला के माध्यम से स्वच्छ भारत के निर्माण के संदेश दिये। प्रतियोगिता में राजा प्रताप विक्रम शाह इंटर कालेज में शिवानी सोनी ने प्रथम प्रशांत वर्मा द्वितीय कामिनी कार्गो ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंजुमन इस्लामियां स्कूल में जेबा ने पहला आफरीन बानो ने दूसरा व नाजरीन बानो ने तीसरा स्थान हासिल किया। भोजराज पन्त कन्या विद्यालय में आरुषि ने प्रथम स्थान गुड्डी कश्यप ने दूसरा स्थान और नेहा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया इस दौरान प्रतियोगिता में चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि बच्चे हमारा कल हैं और हमें कल को संवारने के लिए अच्छी आदत डालनी ज़रूरी है। उन्होंने सभी बच्चों की प्रशंसा की और कहा कि उन्हें रोज़ स्कूल में अपने टीचर की बात मानने और साफ सफायी का ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित किया।

# बांसी के तीर्थ में श्रद्धालु लगाते हैं आस्था की डुबकी



**बिजुआ-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

ब्लाक क्षेत्र के अलीगंज बिजुआ मार्ग के मध्य ग्राम पंचायत बांसी स्थित शिवालय पौराणिक काल से ही श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहा है। क्लेश हरण बाबा नाम से प्रसिद्ध इस स्थान पर सावन भर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ती है। मंदिर परिसर में बने तीर्थ में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाते हुए भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक कर आराधना करते हैं। इस स्थान पर प्रत्येक माह की अमावस्या को मेला लगता है इस मार्ग से छोटी काशी गोला जाने वाले कांवडिया यहां रुक कर तीर्थ स्नान,विश्राम,पूजा,जलपान आदि करने के बाद ही प्रस्थान करते हैं। मान्यता है कि साढे चार सौ वर्ष पूर्व यहां पर आप रूपी शिवलिंग का प्रादुर्भाव हुआ था पशु चराते समय चरवाहे को छोटी सी मठिया दिखाई पड़ी। तत्कालीन रानी कुंवर साहिबा को पता लगा तो मठिया की साफ सफाई करा दी और खुद ही नियमित पहुंचकर पूजा पाठ करने लगीं।



मंदिर के पुजारी रामशरण दास ने बताया कि इस शिवालय की ख्याति दूर-दूर तक फैली है। सावन माह में हजारों श्रद्धालु भगवान आशुतोष पर जलाभिषेक करने आते हैं यहां पर श्रद्धालु भगवान की आराधना करके जो भी मांगते हैं वह मनोकामना अवश्य पूरी होती है।

**माह की प्रत्येक अमावस्या को मंदिर परिसर में लगता है मेला, बड़ी संख्या में जुड़ते हैं श्रद्धालु**

तीन किलोमीटर दूर सहसपुर ग्राम पंचायत से आकर कई महीनो तक पूजा पाठ करने के बाद रानी कुंवर साहिब के मन में विचार आया कि क्यों न मठिया को खुदवा कर अपने यहां ले चलें तो आना नहीं पड़ेगा वहीं पूजा कर लिया करेंगे।

बताया जाता है कि 10 दिनों तक मजदूर मठिया खोदते रहे किंतु मठिया का आकार नीचे की तरफ बढ़ता ही चला जा रहा था। मजदूरों ने हार मानकर खुदाई बंद कर दी। इस पर रानी कुंवर साहिब ने वहीं पर मंदिर का निर्माण करा दिया बाद में समय-समय पर श्रद्धालुओं द्वारा इसका जीणोद्धार कराया जाता रहा है।

# उचौलिया थाना क्षेत्र के सोनौआ से डाक कांवड़ यात्रा रवाना

**उचौलिया-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को गांव सुनौआ से भगवान शिव की आरती और पूजन के बाद प्रथम डाक कावड़ यात्रा रवाना की गई।

थाना प्रभारी उचौलिया के द्वारा डाक कांवड़ यात्रा में शामिल होने वाले सभी भक्तों के ऊपर पुष्प वर्षा की गई शिवजी की आरती के बाद थाना प्रभारी द्वारा सभी डाक कावड़ यात्रा के शिव भक्तों का चंदन तिलक लगाकर मिष्ठान खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया गया। डाक कावड़ यात्रा को ले जाने वालों में विपिन सक्सेना धीरज प्रजापति सुभाष मौर्य उपेंद्र यादव हिमांशु मोर्य अवधेश कुशवाहा रणजीत मौर्य दीपेश मौर्य शोभित मौर्य सहित करीब चार दर्जन शिव भक्त डाक कांवड़ यात्रा को लेकर के गांव सोनौआ लखीमपुर खीरी से फर्रूखाबाद को गंगा जी से जल लेने के लिए रवाना हुए हैं। शिव भक्त घटिया घाट फर्रुखाबाद से छोटी काशी गोला में शिव जी के जलाभिषेक के लिए जाएंगे। डाक कांवड़ यात्रा को श्री मनीष कुमार सिंह थाना प्रभारी उचौलिया, डॉ.बलवीर शर्मा आदि ने सभी कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की तथा सभी को प्रसाद वितरित कर रवाना किया।

कांवड़ यात्रा प्राचीन शिव मंदिर सोनौआ से प्रारंभ हुई जो घटिया घाट फर्रुखाबाद से गंगा जल लेकर कल छोटी काशी गोला में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेगी।

# राहत किट की मांग पर ग्रामीण ने किया प्रदर्शन

**फुलवरिया के ग्रामीणों ने कहा उन्हें नहीं मिली राहत किट**

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज।**




पलिया के गांव फुलवरिया के ग्रामीणों ने राहत किट उपलब्ध कराए जाने को लेकर प्रदर्शन किया। राहत किट न मिलने से नाराज दर्जनों ग्रामीणों ने तहसील में पहुंचकर प्रदर्शन किया।

इस दौरान ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन देते हुए राहत किट उपलब्ध कराए जाने की मांग की। एसडीएम ने जांच के बाद समस्या के समाधान की बात कही। शारदा नदी से आया बाढ़ का पानी दर्जनों गांवों में जा घुसा था। बाढ़ के पानी के चलते ग्रामीणों को घरों से पलायन करना पड़ गया था। लेकिन अब हालात धीरे धीरे सामान्य हो रहे हैं। अभी भी कई स्थानों पर बाढ़ का पानी भरा हुआ है। बाढ़ पीड़ितों में प्रशासन द्वारा लगातार राहत किटों के बांटने का कार्य किया जा रहा है, लेकिन कुछ स्थानों पर राहत किटों के वितरण सही न किए जाने की शिकायतें भी समय समय पर मिलती रहती हैं जिन पर प्रशासन तुरंत कार्रवाई भी करता है। शनिवार को एक बार फिर तहसील पहुंचे गांव फुलवरिया के ग्रामीणों ने राहत किट उपलब्ध न कराए जाने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान महिलाओं ने एसडीएम कार्तिकेय सिंह को ज्ञापन देकर राहत किट उपलब्ध कराए जाने की मांग की। ज्ञापन में ग्रामीणों ने प्रधान और लेखपाल पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए किट उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।

# ऊदन हत्याकांड में फरार आरोपी गिरफ्तार

**मितौली-खीरी, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के तहसील परिसर निकट कचियानी पुरवा की राजा लोने सिंह पेट्रोल पम्प के पास खड़ंजे पर ग्राम ढखिया कुस्तौल के मजरा अम्बेडकरनगर गांव के रहने वाले 30 वर्षीय ऊदन गौतम को दिन दहाड़े बाइक सवार दो लोगो ने गोली मारकर हत्या कर फरार हो गए थे। बताते है कि ऊदन गौतम तीन सालों से मितौली तहसील के पास बसे कचियानी पुरवा में अपने परिवार के साथ घर बनाकर रह रहा था। 6 नवम्बर 2023 दिन सोमवार की सुबह लगभग 10 बजे वह दाढ़ी बनवाकर वापस घर की ओर जा रहा था तभी पीछे से आये बाइक सवार दो लोगों ने ताबड़ तोड़ तीन गोली मार दी और फरार हो गए थे। यह पूरी वारदात पास के घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मृतक के बड़े भाई सुशील ने बताया बताया था उनकी पुरानी रंजिश गांव के रहने वाले प्रधान, हरिवंश, गजोधर से थी कई बार मुकदमे भी दर्ज हुए थे।

लेकिन पुलिस ने सही से कार्यवाही नही की गई थी मौके का फायदा देखकर वह मेरे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। फ़िलहाल पुलिस ने मृतक के पिता तौलेराम की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू की थी। पूर्व में एक अभियुक्त को पुलिस ने जेल भेजा था ।ऊदन हत्या कांड के दूसरे हत्यारोपी राजीव बनिया उर्फ राजू को शनिवार को लगभग 11 बजे कस्ता ममरी रोड के डहर गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी पर हत्या और एससी एसटी एक्ट की धारा के तहत पुलिस कार्रवाई कर रही है।

# भीरा पलिया रोड पर बाढ़ के पानी से गुजरे लोग

**तेज बहाव के चलते पीएससी बल के साथ ही गोताखोरों को भी किया गया तैनात**

**भीरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

भीरा पलिया रोड पर लगातार चौथे दिन भी शारदा नदी की बाढ़ का पानी तेज धार से चलता नजर आया। प्रशासन के लगातार मना करने के बाद भी दोपहिया वा ई रिक्शा चालक सवारियों को बैठाकर बाढ़ के पानी के बीच निकलते नजर आए।



बताते चलें बाढ़ के पानी में ई रिक्शा,बस,और फोर व्हीलर व टू व्हीलर वाहनों के संचालन को लेकर प्रशासन द्वारा मना किया गया है। इसके बावजूद भी बाइक व ई रिक्शा चालक बात नहीं मान रहे हैं, और अपनी वा अपनी सवारी की जान जोखिम में डालकर रोड पर चल रहे हैं। तेज बहाव पानी में घुसाकर ईरिक्शा को निकाल रहे हैं। चंद पैसों के लालच में ईरिक्शा चालक किसी भी सवारी की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने तेज बहाव के चलते पीएससी बल के साथ ही गोताखोरों को तैनात किया है, लेकिन पुलिस द्वारा मना न करने के कारण ई रिक्शा चालको के हौसले बुलंद हैं और वह बेखौफ होकर सवारियों को भरकर आवागमन कर रहे हैं। इस बारे में एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने बताया की सीओ से वार्ता के बाद जल्द कोई निर्णय निकाला जाएगा, और ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाई की जाएगी।

# ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने के लिये हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ग्रामोद्योग विकास योजना के अन्तर्गत प्रधानमंत्री कौशल केन्द्र मेला मैदान में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आयोग द्वारा चलाई जा रही ग्रामीण उद्योगों के बारे में लोगों को जागरूक करना था। कार्यक्रम में लगभग 200 ग्रामीण क्षेत्र के युवा एवं प्रधानमंत्री कौशल केन्द्र के प्रशिक्षार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम के शुरूआत में आयोग के सहायक निदेशक आशुतोष कुमार सिंह द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय,




भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के बारे में पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया गया।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग, लखनऊ के राज्य निदेशक डॉ नितेश धवन ने ग्रामोद्योग विकास योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। योजना के बारे में उनके द्वारा अवगत कराया गया कि अधिकतम 20 प्रतिशत स्वयं का अंशदान लगाकर ग्रामोद्योग विकास योजना जैसे हनी बी-बॉक्स, विद्युत चालित चाक, तेल एवं मसाला निर्माण मशीन, प्लम्बर, इलेक्ट्रिशियन, सिलाई मशीन इत्यादि वर्टिकल में टूल किट्स का वितरण आयोग द्वारा किया जा रहा है जिसमें लाभार्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण भी आयोग द्वारा प्रदान किया जा रहा है। पीएमईजीपी योजना के बारे में जानकारी देते हुए डॉ नितेश धवन द्वारा बताया गया कि योजना के माध्यम से विनिर्माण क्षेत्र में रू0 50 लाख तथा सेवा क्षेत्र में 20 लाख रुपए तक की स्वीकार्य लागत की इकाई का ऋण बैंकों द्वारा उपलब्ध कराई जाती है, जिसमें लाभार्थी को कुल परियोजना लागत का 15-35 प्रतिशत तक की अनुदान राशि दी जाती है। उद्योग / इकाई के सफलतापूर्वक संचालन हेतु उद्यमी को ऋण वितरण से पूर्व ईडीपी प्रशिक्षण (उद्यमिता विकास कार्यक्रम) भी दिया जाता है। डॉ नितेश धवन द्वारा यह भी अवगत करायाा गया कि पीएमईजीपी योजना अन्तर्गत विगत 5 वर्षों में जनपद-लखीमपुर में 873 इकाईयाँ स्थापित की गई, जिसमें मार्जिन मनी 2762.68 लाख रुपए निर्गत किया गया एवं लगभग 7000 लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ।

**डॉ नितेश धवन ने ग्रामोद्योग विकास योजना के बारे में दी विस्तृत जानकारी**

# ऐलान : रक्षाबंधन के दिन राज्य परिवहन निगम की बसों में महिलाएं करेंगी निशुल्क यात्रा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रदेश की बहनों के लिए बड़ा ऐलान किया है। राज्य परिवहन निगम की बसों में महिलाओं का टिकट नहीं लगेगा। बहनें यूपी रोडवेज की बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगी। यह फ्री बस यात्रा की यह सुविधा केवल रक्षाबंधन के दिन लागू रहेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के फैसले को बहनों के लिए रक्षाबंधन का गिफ्ट माना जा रहा है। सीएम ने इस संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें निर्णय लिया गया कि रक्षाबंधन के दिन यूपी रोडवेज की बसों में महिलाओं से टिकट का पैसा नहीं वसूला जाएगा। रक्षाबंधन का त्योहार 19 अगस्त को मनाया जाएगा। बड़ी संख्या में बहनें अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने के लिए उत्तर प्रदेश रोडवेज बसों में यात्रा करती हैं। इसको देखते हुए यूपी की योगी सरकार ने राखी के त्योहार को लेकर व्यापक इंतजाम किए हैं। सरकार ने भाई-बहन के खास पर्व पर 18 अगस्त की रात 12 बजे से 19 अगस्त की रात 12 बजे तक महिलाओं के लिए बसों में निशुल्क यात्रा का फैसला लिया है।

### छोटे शहरों के लिए चलेंगी अतिरिक्त बसें

**लखनऊ।** महिलाओं की सहूलियत के लिए रक्षाबंधन पर लखनऊ से छोटे शहरों के लिए 200 से अधिक अतिरिक्त बसें चलेंगी, रक्षाबंधन पर 18 अगस्त की रात से 19 अगस्त की रात तक महिलाओं को बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। कैसरबाग से सीतापुर, गोंडा, बाराबंकी, बहराइच, बलरामपुर के लिए अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। चारबाग अड्डे से कानपुर, रायबरेली, मौरावां, फतेहपुर, अयोध्या, ऊंचाहार व आलमबाग अड्डे से वाराणसी, प्रयागराज के लिए बसें मिलेंगी। आरएम का दावा है कि जिन रूटों पर अधिक यात्री होंगे, उनपर बसों की संख्या ज्यादा रहेगी।

# एक प्रजाति से दूसरे प्रजाति में अनुवांशिक डीएनए का जाना कैंसर का कारक

## बीएचयू के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग और जनरल सर्जरी विभाग की रिसर्च में हुआ खुलासा

समृद्धि न्यूज



**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग और जनरल सर्जरी विभाग में की गयी रिसर्च में महत्वपूर्ण तथ्य सामने आया है। एक प्रजाति से दूसरे प्रजाति में अनुवांशिक डीएनए का जाना पित्त की थैली के कैंसर का कारक हो सकता है।

मनुष्य की क्रमागत उन्नति के दौरान मनुष्य के जीन में बैक्टीरिया और वायरस के जीन के कुछ हिस्से भी सम्मिलित हो गए हैं, जो लाखों साल से एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में स्थानांतरित होते हैं। ये डीएनए के उन हिस्सों में है, जिन्हें अब तक जंक डीएनए समझा जाता था और ऐसा सोचा जाता था कि इनका कोई कार्य नहीं है । क्योंकि इन हिस्सों से प्रोटीन नहीं बनते। इस रिसर्च में सामने आया है कि डीएनए के ये हिस्से कोडिंग डीएनए को नियंत्रित कर सकते हैं। और सेल कौन सा प्रोटीन बनाएगा या विभाजित होगा या नहीं, उसे भी नियंत्रित कर सकते हैं। बैक्टीरिया या वायरस इन्फेक्शन होने पर इन जीन के सक्रिय होने की सम्भावना होती है, जो मूल रूप से बैक्टीरिया या वायरस को मनुष्य के अंदर रहने और बढ़ने में सक्षम बनाते हैं। किन्तु इसके साथ साथ ये मनुष्य के सेल को अनियंत्रित बढ़ने, इम्यून सिस्टम से बचने और सेल को मरने से रोक सकते हैं। अगर यह होता है तो नार्मल सेल कैंसर में तब्दील हो सकता है। यह विश्व में पहली बार है जहाँ से परिकल्पना की गयी है कि कैसे बैक्टीरिया और वायरस एक नार्मल सेल को कैंसर में तब्दील कर सकते हैं। रूही दीक्षित, मोनिका राजपूत, प्रो. वी. के. शुक्ल और प्रो. मनोज पांडेय की संयुक्त रिसर्च स्प्रिंगर के वर्ल्ड जर्नल ऑफ़ सर्जिकल ऑन्कोलॉजी में प्रकाशित हुई है। इस रिसर्च में 17 ड्डह्व ऋह्न मिले हैं, जो पित्त की थैली के कैंसर में हैं। किन्तु नार्मल पित्त की थैली में नहीं होते। इनमें से 15 में बैक्टीरिया या वायरस के डीएनए के हिस्से पाए गए हैं। इनमें से 14 पहली बार पित्त की थैली के कैंसर में पायी गयी हैं। जिन बैक्टीरिया के अंश पाए गए हैं उनमें क्लेबसिएला न्युमोनी, बैसिलस परक्लिकेमिफोर्मिस, स्टेफाईलोकोकस औरयस, पासचुरेला, राल्स्टोनिआ और वायरस में ज़ीका वायरस, चिकन गुनिया वायरस, और रेट्रो वायरस हैं। यह शोध माइक्रो बायो और मेटाब्लेमिक्स के अध्ययनों को एक नयी दिशा देगा। इससे कैंसर के नए कारणों का पता चलने से उनके इलाज में नई दिशा मिलने की आशा है।

## खबरें एक नजर में

### नाले में फंसी गाय को नगर निगम की टीम ने किया रेस्क्यू

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ नगर निगम की टीम ने वार्ड बालागंज जोन-6 में नाले में फंसी गाय को सकुशल बाहर निकालकर इलाज के लिए पशु कल्याण विभाग भेजा। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक रामजीत पांडे के नेतृत्व में सुपरवाइजर अमित कुमार ने गाय के बचाव कार्य को अंजाम दिया। शनिवार सुबह वार्ड बालागंज जोन-6 निवासी इसरत ने नाले में गाय गिरने की सूचना दी। नगर निगम की टीम ने तुरंत संज्ञान में लेते हुए गाय को सकुशल बाहर निकाला। गाय काफी चोटिल हो गई थी, इसलिए उसे तुरंत इलाज के लिए पशु कल्याण विभाग भेजा गया। रामजीत पांडे ने बताया कि उनकी टीम ने गाय को सकुशल निकालने के लिए हर संभव प्रयास किया है। नगर निगम की टीम हमेशा जनता की सेवा के लिए तैयार रहती है। गाय को सकुशल निकालने के लिए उनकी टीम ने बहुत मेहनत की है।

### किसानों ने किया बैंक ऑफ इंडिया का घेराव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज के नगराम स्थित बैंक ऑफइंडिया शाखा में ग्राहकों और किसानों के खातों में आधार कार्ड द्वारा फिंगर प्रिंट के जरिए बैंक से पैसा निकालने पर बैंक प्रबंधन द्वारा अघोषित चार्ज के नाम पर जो कटौती की जा रही है, उसके विरोध में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन द्वारा विरोध किया गया। इस मामले को लेकर मोहनलालगंज लखनऊ सहित राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के किसानों ने गांव-गांव रैली निकाली। महामंत्री हरीपाल वर्मा ने बताया कि गांव-गांव किसानों और ग्राहकों को जागरूक करना हमारा कर्तव्य है। यह रैली किसानों के हित में निकाली गई। इससे किसानों के हितों की रक्षा हो सकेगी। संगठन ने कहा कि 13 अगस्त को धरना प्रदर्शन में लोग इकट्ठा हों। इससे बैंक की मनमानी रोकी जा सकेगी। आसपास के गांव इस्माइल नगर, गढ़ा, असलम नगर शाह मोहम्मदपुर, अब्बास नगर, अमवा करोरवा, नवीनगर सहित दर्जनों गांव में किसानों ने रैली निकाली और लोगों को धरना-प्रदर्शन में आने की अपील की।

### हिन्दुओं की सुरक्षा के लिए भेजी जाए मुक्तिवाहिनी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद उत्पन्न हिंदुओं के प्रतिकूल परिस्थितियों को देखते हुए भारत सरकार को बांग्लादेश के हिंदुओं की सुरक्षा के लिए हस्तक्षेप करना चाहिए। आवश्यक हो तो बांग्लादेश में सेना भेजी जाए। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बग्गा, महामंत्री हरपाल सिंह जग्गी और प्रवक्ता सतपाल सिंह मीत ने शनिवार को यह बयान जारी किया। भारतीय सेना विनाशकारी ज्वलंत समस्या के निस्तारण में सक्षम है। हर हाल में बांग्लादेश के हिन्दुओं की सुरक्षा होनी चाहिए। भारत सरकार की ओर से यह सख्त संदेश सारी दुनिया में जाना चाहिए कि जहां भी भारतीय और हिंदू समाज है भारतीय सरकार और सेना उनकी रक्षा के लिए हमेशा तत्पर है। इस कार्य में भारत का प्रत्येक नागरिक भारत सरकार और बांग्लादेशी हिंदुओं के साथ खड़ा है। इतिहास गवाह है कि सिख समाज के गुरु हरगोबिंद साहिब से लेकर गुरु गोबिंद सिंह और उनके बाद, बंदा सिंह बहादुर ने भी ऐसे कट्टरवादियों जो धर्म के नाम पर हत्या और अत्याचार करते है, का सफाया किया था। सेना के अतिरिक्त सिख समाज आवाहन करता है कि हर सिख अपना धर्म समझते हुए आज भी इन कट्टरपंथियों से लड़ने के लिए अपने प्राणों को न्योछावर करने के लिए तत्पर है।

### नाले में पड़ा था युवक का शव, आधार कार्ड से हुई पहचान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में हयात होटल के सामने 20 साल के युवक का शव मिला है। युवक का शव नाले में पड़ा देखकर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके से पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव के पास से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान की गई और परिजनों को सूचना दी गई है। जानकारी के मुताबिक शनिवार दोपहर करीब 12 बजे विभूति खंड स्थित हयात होटल के पास एक अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव नाले में पड़ा था। आसपास से गुजर रहे लोगों की नजर से उस पर पड़ी तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके से पहुंची पुलिस ने तलाशी ली तो उसके पास आधार कार्ड मिला। जिससे उसकी पहचान सार्थक मिश्रा (20) पिता जितेंद्र मिश्रा के रूप में हुई। वह आलोक नगर त्रिवेणी नगर का रहने वाला है। पुलिस शव के पास से मिले आधार से परिजनों से संपर्क कर रही है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना की असली वजह का पता चल पाएगा। बताया जा रहा है कि शुक्रवार शाम 6.30 से बजे से ही सार्थक लापता था। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

### प्राइमरी स्कूलों में हर हफ्ते दो बार हो पीटीएम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा डा. एमके शनमुगा सुंदरम ने बेसिक विद्यालय औरंगाबाद नगर क्षेत्र जोन एक का निरीक्षण किया। उन्होंने अध्यापकों को निर्देशित किया कि स्कूल चलो अभियान के तहत हर विद्यालय में प्रतिदिन की कार्ययोजना बना कर काम किया जाए। सप्ताह में दो बार अभिभावक अध्यापक बैठक यानि पीटीएम हो। एसएमसी बैठकें प्रत्येक सप्ताह आयोजित कर विद्यालय में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।प्रमुख सचिव ने इसके साथ ही मिड डे मील परोसने वाली अक्षय पात्र फाउण्डेशन के केन्द्रीय किचेन का भ्रमण किया। फाउण्डेशन की ओर से 1471 परिषदीय विद्यालयों के लगभग एक लाख 30 हजार छात्र-छात्राओं को मिड डे मील परोसा जा रहा है। प्रमुख सचिव ने विद्यालय से काकोरी ट्रेन एक्शन समारोह के अन्तर्गत प्रभात फेरी का शुभारम्भ किया।

### झूलेलाल वाटिका पर गणेशोत्सव के लिए भूमि पूजन सम्पन्न

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** श्री गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से श्री गणेश महोत्सव का आयोजन 7 सितम्बर से 17 सितम्बर तक झूलेलाल वाटिका निकट हनुमान सेतु के पास किया जायेगा। मनौतियों के राजा के नाम से होने वाला शहर का सबसे बड़ा श्री गणेश महोत्सव के लिए विशाल पण्डाल के लिए आज भूमि पूजन सम्पन्न हुआ। संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि पण्डाल बनाने के लिए कोलकाता के कुशल कारीगर आ चुके है और पण्डाल तैयार करने लगे हैं। उन्होंने बताया कि यह गणेशोत्सव 2006 से निरंतर चल रहा है। अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल ने बताया कि मनौतियों के राजा के दर्शन के अलावा मनोतियों के राजा श्री गजानन के नाम चिट्ठी श्रद्धालु इस बार भी लिख सकते हैं। ऐसी व्यवस्था की जा रही है।महामंत्री सतीश अग्रवाल ने बताया कि 11 दिवसीय भव्य आयोजन में प्रतिदिन कोलकाता के संजय शर्मा के निर्देशन में सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन, नृत्य नाटिका का मंचन होगा। भूमि पूजन में पार्षद रंजीत सिंह, संजय सिंह गांधी, अखिलेश बंसल, योगेश बंसल, अतुल बंसल मौजूद रहे।

### साधु बनकर ठगी करने वालों की जमकर पिटाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में साधु के भेष में घूम रहे अपराधियों को पकड़कर जमकर पिटाई की है। बताया जा रहा है कि ये आरोपी प्रसाद देने के बहाने कोई नशीला पदार्थ खिलाकर लीटपाट करते थे। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने एक दिन पहले शख्स को प्रसाद के रूप में नशीला पदार्थ खिलाकर लूट की थी। फिलहाल पिटाई की वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मामला जिले के गोसाईगंज इलाके की है, जहां साधु के भेष में ठगी की घटनाओं को अंजाम देने वाले चार अपराधियों को पकड़कर ग्रामीणों ने जमकर पीटा। पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। ग्रामीणों की माने तो ये सभी आरोपी भोले-भाले लोगों को अपने जाल में फंसा कर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। पुलिस के मुताबिक इन आरोपियों ने एक दिन पहले शख्स को प्रसाद के रूप में नशीला पदार्थ खिलाकर लूट की थी। फिलहाल पुलिस इनके खिलाफकेस दर्ज कर आपराधिक इतिहास खंगालने में जुट गई है। वहीं, इस मामले में डीसीपी साउथ ने कहा कि पकड़े गए सभी अपराधी बीते कई दिनों से साधु के भेष में घूम रहे थे। आरोपियों ने गंगाखेड़ा गांव के एक दुकानदर को पहले तिलक और बाद में प्रसाद के रूप में नशीला पदार्थ खिला दिया था। इसके बाद दुकान से दो बोरी सरसो, एक बोरी अनाज और एक हजार रुपये लेकर चल गए थे।

# बिना विलंब करें सबकी समस्या का समाधान

## जनता दर्शन में करीब 400 लोग अपनी समस्या लेकर पहुंचे, सीएम ने समस्या समाधान का दिया आश्वासन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर दौरे के दौरान शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में आए लोगों की समस्याएं सुनीं। सीएम मंदिर परिसर में बैठे लोगों के पास खुद चलकर गए और सबकी बात सुनीं और आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। हर किसी की समस्या का समाधान किया जाएगा। वहीं, सीएम योगी ने संबंधित अधिकारियों को जनसमस्याओं के शीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित किया है।

बता दें कि हमेशा की तरह सीएम योगी ने आज सुबह गोरखनाथ मंदिर में दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया और इसके बाद मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन में पहुंचे। जनता दर्शन में करीब 400 लोग अपनी समस्या लेकर पहुंचे। सीएम ने सबकी समस्या सुनीं और उन्हें भरोसा दिलाया कि सबकी समस्या का समाधान किया जाएगा। सीएम ने कहा कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का वह प्रभावी निस्तारण कराएंगे। जनता दर्शन के दौरान कुछ लोग जमीन कब्जा करने की शिकायत लेकर पहुंचे। कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए। सीएम ने सब की समस्या सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समाधान के लिए निर्देशित किया। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ितों की मदद और पात्रों को शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने में विलंब नहीं होना चाहिए। इसमें किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधि सम्मत कठोर कदम उठाए जाएं। प्रशासन का यह मंत्र होना चाहिए कि मनमानी किसी की नहीं चलेगी।

## ग्राम चौपालों में 03 लाख 80 हजार से अधिक समस्याओं, प्रकरणों का किया गया निस्तारण : केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, (गांव की समस्या-गांव में समाधान) का आयोजन किया जा रहा है और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे। शुक्रवार को प्रदेश की 1504 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 4381 प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया। इन ग्राम चौपालों मे 4146 ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 7513 ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में 88 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की। ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि जनवरी 23 से अब तक लगभग 92 हजार ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है, जिनमें 66 लाख से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे और 3 लाख 80 हजार से अधिक समस्याओं/प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

# सपा की बैठक में विधानसभा कमेटी के पदाधिकारियों को दिए गए मनोनयन पत्र



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र मासिक बैठक का आयोजन विधानसभा अध्यक्ष सोनीष मौर्य के नेतृत्व में डांग बंगला में आयोजित हुई। जिसमें सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में विधानसभा कमेटी के पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र दिए गए। पदाधिकारियों सुलेमान बेग को प्रमुख महासचिव, पन्नालाल रावत को महासचिव, विजयश्री गौतम,राकेश गौतम, लालमुन यादव, अभिराज सिंह, औसान कनौजिय को उपाध्यक्ष बनाया गया है। अजमल मिर्जा को कोषाध्यक्ष, सूरज रावत, राकेश सविता,मनोज यादव, धर्मेन्द्र रावत, बाबु भाई गाजी, रामविलास यादव,आजाद गौतम, नौशाद अली, पुष्पेंद्र यादव,राहुल यादव को सचिव बनाया गया है। ऐडवोकेट राम सिंह यादव को कानूनी सलाहकार व हर्षित निगम को मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, जिला निर्वाचन प्रभारी टीबी सिंह, प्रदेश सचिव रामगोपाल यादव, निवर्तमान विधायक प्रत्याशी सोनू कनौजिया, पूर्व विधायक प्रत्याशी राजबाला रावत, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हरिशंकर यादव, विरेंद्र प्रताप सिंह छोटे लाल यादव (नेता) सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# फूलन देवी की जयंती पर मलिहाबाद डांग बंगला में हुआ नारी सम्मान



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव रिंकी सिंह वीरांगना फूलन देवी की जयंती पर मलिहाबाद डांग बंगला में नारी सम्मान समारोह का अयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने उपस्थित आशा बहू, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को एक-एक साड़ी देकर सम्मानित किया। आशा बहुओं व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने विभागीय समस्याएं बताई।

जूही सिंह ने कहा अत्याचार व शोषण के खिलाफ अपनी आवाज़ बुलंद करने वाली सामाजिक न्याय की महान योद्धा पूर्व सांसद स्व. फूलन देवी की जयंती पर उन्हें शत शत नमन है। जूही सिंह ने कहा सपा सरकार बनाने पर सभी समस्याएं खत्म होंगी।

उन्होंने कहा कि आशा बहुओं और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की समस्याएं विधानसभा और लोकसभा में समाजवादी पार्टी जोरशोर से उठाएगी। कार्यक्रम आयोजक रिंकी सिंह ने कहा कि सभी की समस्याओं के समाधान के लिए सपा सड़क से लेकर सदन तक लड़ेगी। कार्यक्रम का शुभारंभ वीरांगना फूलन देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभी ने पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को मुख्य रूप से राष्ट्रीय महासचिव सुनीता सिंह, राष्ट्रीय सचिव सुनीता मित्रा, अंजू यादव, सरिता वर्मा, महंत त्रिभुवन नाथ ने सम्बोधित किया। बड़ी संख्या में मलिहाबाद, काकोरी, माल की आशा बहू और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## चलती कार में लगी आग तीन ने कूदकर बचाई जान

**लखनऊ ।** लखनऊ में आईजीपी चौराहे पर चलती कार में आग लग गई। कार सवार तीन लोगों ने कूद कर जान बचाई। चौराहे पर अफरा-तफरी मच गई। कार पूरी तरह से जल गई। जानकारी के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। आग बुझाने का काम किया। ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी के बाद भी सड़क पर जाम लगा रहा। कार चालक धर्मेंद्र ने बताया कि वो ओला कंपनी में कार चलाते हैं। बाबा हॉस्पिटल देवा रोड से सवारी लेकर हजरतगंज जा रहे थे। कार के इंजन से धुआं निकलने के बाद तीनों नीचे उतर गए। कार चालक धर्मेंद्र ने बताया कि देवा रोड के बाबा हॉस्पिटल से कार की बुकिंग की गई थी। हजरतगंज के रहने वाले पत-पत्नी को उनके घर छोड़ना था। कार की स्पीड बहुत कम थी। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। धर्मेंद्र ने बताया कि गाड़ी में बैठने के बाद महिला बार-बार कह रही थी, भैया गाड़ी चलाइए। सड़क पर झटका लगने से ज्यादा दिक्कत हो रही है। धर्मेंद्र कहते हैं शायद महिला को प्रेग्नेंसी थी। ऐसे में हॉस्पिटल दिखाने आई थी। धर्मेंद्र ने बताया कि महिला के कहने पर ही वो कार को 20 से 30 की स्पीड में चला रहे थे। धुआं उठते ही शॉर्ट सर्किट की जानकारी मिल पाई।



**सामाजिक न्याय के लिए संघर्षरत पूर्व सांसद फूलन देवी की जयंती पर समाजवादी पार्टी राज्य मुख्यालय पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव फूलन देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया**

# छठ पूजा स्थल पर नहीं हुई बोरिंग, कर दिया भुगतान

समृद्धि न्यूज

**नगर आयुक्त से पार्षद ने की शिकायत**

**लखनऊ।** कानपुर रोड स्थित सरोजिनी नगर प्रथम वार्ड की पार्षद गीता देवी ने नगर आयुक्त से शिकायत की है। शिकायत में कहा गया है कि छठ पूजा स्थल पर साल 2023-24 में कोई बोरिंग नहीं कराई गई है। उसके बावजूद फाइलों में फर्म को एक लाख से अधिक का भुगतान कर दिया गया है। उनके द्वारा की गई शिकायत सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है। बताया जा रहा है कि छठ पूजा स्थल (स्कूटर इंडिया चौराहा) पर कोई भी बोरिंग साल 2023 - 24 में नहीं हुई बल्कि इससे पहले यहां पर बोरिंग हुई थी। जो आज भी मौजूद है, लेकिन फाइलों में बोरिंग साल 2024 में कराई गई है और उसका भुगतान भी कर दिया गया है।

सोशल मीडिया पर वायरल संदेश में लिखा है कि छठ पूजा स्थल (स्कूटर इंडिया चौराहा) पर 2023 मे कोई बोरिंग नही हुई और फाइलों में फर्म को 100000 से ऊपर का भुगतान कर दिया गया।

घोटाले पर घोटाला हो रहा है। मेरी तरफ से इसकी जानकारी बार-बार दी जा रही है। इसकी जांच करना जरूरी है। यह संदेश गीता देवी, पार्षद, सरोजनी नगर प्रथम व पूर्व क्षेत्रीय मंत्री, महिला मोर्चा उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी, की तरफसे लिखा गया है। पार्षद प्रतिनिधि संजय कुमार ने बताया है कि नगर आयुक्त यदि पूरे मामले की जांच कराते हैं। तो इसके साथ ही कई और घोटाले भी सामने आ जाएंगे।

## बिहार में डीसीएम भरकर 73 बोरियां शराब ले जाते दो गिरफ्तार

**लखनऊ।** लखनऊ के बक्शी का तालाब (बीकेटी) पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त कार्रवाई में सीतापुर रोड पर कोनरेसन रेस्टोरेंट के सामने एक डीसीएम को पकड़ा गया। डीसीएम में 73 बोरियां हरियाणा मेड शराब बरामद हुईं। इसके बाद चालक इन्द्रजीत एवं हेल्पर रमेश को बीकेटी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किये गये दोनों लोग बिहार के नालन्दा निवासी है। बिहार के नालन्दा जिले के तेलमर थाना निवासी इन्द्रजीत एवं रमेश अपनी डीसीएम (बीआर 01 जीएन 3320) लेकर हरियाणा गये थे। हरियाणा के सोनीपत से दोनों ने रॉयल स्टैग सेलेक्ट विस्की और प्रिमियम विस्की की सोलह सौ अठ्ठहत्तर बोतलों को तिहत्तर बोरियों में भरकर डीसीएम में लादा और वहां से बिहार के लिए वापस चल दिये।

**अभियान** | पंचायती राज विभाग के निदेशक अटल राज ने 27 जिलों के 3600 प्रधानों के साथ की वर्चुअल बैठक

# फाइलेरिया अभियान शुरू, यूपी में 6.69 लाख लोग खाएंगे दवा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण व आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने शनिवार को वर्चुअल माध्यम से फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर उपस्थित यूपी के स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने बताया कि प्रदेश के 27 जनपदों में चलने वाले इस अभियान में 6.69 लाख लोगों को दवा खिलाई जाएगी।

सोमवार से आशा घर-घर जाकर लोगों को दवा खिलाएंगी। लांचिंग में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ पिंकी जोवेल, दोनों स्वास्थ्य महानिदेशक समेत प्रदेश के सभी 27 जिलों के जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी जुड़े थे। जिलों में जनप्रतिनिधियों ने दवा खाकर बूथ का उद्घाटन किया और पात्र लाभार्थियों को दवा का सेवन कराया।

लखनऊ में पंचायती राज विभाग के निदेशक अटल कुमार राज ने सभी 27 जिलों के 3600 प्रधानों के साथ वर्चुअल बैठक की।

आह्वान किया कि अगर आप लोग अपने गांव में साफ-सफाई का माहौल रख सके व जलजमाव न होने दें तो फाइलेरिया को वर्ष 2027 से पहले खत्म किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जलजमाव व गंदगी से मच्छर पनपते हैं जिससे फाइलेरिया समेत कई अन्य मच्छर जनित बीमारियां पनपती हैं।

बैठक में संयुक्त निदेशक आरएस चौधरी ने कहा कि माइक्रो फाइलेरिया हममे से बहुत लोगों के शरीर में मौजूद है लेकिन हमें पता नहीं है। इसलिए हमें दवा खानी है क्योंकि हमें पता नहीं है कि किसके शरीर में माइक्रो फाइलेरिया मौजूद है और किसके शरीर में नहीं। केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए कहा, मच्छरों के काटने से बचने और फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करने जैसे निवारक उपाय लिम्फैटिक फाइलेरियासिस के संचरण को रोकने के लिए महत्वपूर्ण हैं, जो भारत में 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की आबादी को प्रभावित करता है। यह बीमारी न केवल स्वास्थ्य और कल्याण को प्रभावित करती है, बल्कि लिम्फेडेमा के कारण आजीवन विकलांगता का कारण भी बनती है जो परिवारों को गहराई से प्रभावित करती है।

आगामी सर्वजन दवा सेवन दौर में सफलता सुनिश्चित करने के लिए यह आवश्यक है कि 90 प्रतिशत योग्य आबादी इन दवाओं का सेवन करें। यह अभियान उत्तर प्रदेश समेत छह राज्यों के 63 जिलों में चलाया जा रहा है।

नेशनल सेंटर फॉर वेक्टर बोर्न डिजीज कंट्रोल की निदेशक डॉ. तनु जैन ने 2023 में 82.5न्न कवरेज के लिए किए गए प्रयासों को सराहा। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह पूरा अभियान कुशल नेतृत्व के मार्गदर्शन और प्रेरणा के बिना संभव नहीं हो सकता था, जिसने सभी अधिकारियों को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने इस बार 90 फीसदी आबादी को दवाई खिलाने का आश्वासन केंद्रीय मंत्री को दिया।

## राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के 27 पदक विजेताओं का एमएसआईटीएम में भव्य सम्मान

# 5 स्वर्ण, 12 रजत, 10 कांस्य पदक जीतकर जनपद का लहराया परचम

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ के के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित हुई सब जुनियर, जुनियर और कैडेट बालक/बालिका राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के 27 विजेताओं को एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन मीना शाह इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (एमएसआईटीएम) और गोंडा ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में, एमएसआईटीएम के मैनेजर हसन सईद ने गोंडा ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव प्रत्यूषराज को बुके देकर सम्मानित किया, जिससे इस आयोजन की गरिमा और बढ़ गई। इसके बाद सायं 4 बजे से शुरू हुए इस सम्मान समारोह में

स्वर्ण पदक अर्जित किए हमजा बेग, श्रद्धा गुप्ता, मानवी सिंह, प्रणय प्रजापति और यश यादव, रजत पदक अर्जित किए शरद कुमार, प्रमुदित राजपाल, वंश श्रीवास्तव, अभियुदय सिंह, ऐश्वर्या शुक्ला, अनुष्का गुप्ता, नवनीत, अंश दुबे, आकाश सिंह, प्रतीक दीक्षित, आभा विश्वकर्मा और यशवर्धन, वही कांस्य पदक अर्जित खिलाड़ियों में अनंतदीप तिवारी, पीयूष दूबे, आराध्या गुप्ता, राहुल बाजपेई, नैना उपाध्याय, नैतिक पांडे, कार्तिक शर्मा, मो खालिद, देवांश और उत्कर्ष



सिंह को प्रतीक चिन्ह और ताइक्वांडो टी-शर्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर ताइक्वांडो खेल में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे ताइक्वांडो कोच देवेंद्र शर्मा, अरुण चन्द्र नागर, संदीप चौहान को भी सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और समर्पण की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इन खिलाड़ियों ने अपनी उत्कृष्टता से न केवल अपने जिले का बल्कि पूरे राज्य का नाम रोशन किया है।

अपने विचार व्यक्त करते हुए एमएसआईटीएम के मैनेजर हसन सईद ने कहा कि यह हमारे कॉलेज के लिए बेहद गर्व का क्षण है कि हम इन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का सम्मान कर रहे हैं। ये खिलाड़ी न केवल खेल के क्षेत्र में बल्कि जीवन के हर पहलू में अनुकरणीय हैं। हमें पूरा विश्वास है कि ये खिलाड़ी भविष्य में और भी ऊंचाइयों को छूएंगे और देश का नाम रोशन करेंगे।

सेंटर मैनेजर अजय टंडन ने भी खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, और खेल के प्रति उनके समर्पण को सराहा।

यह आयोजन न केवल विजेता खिलाड़ियों के मनोबल को और ऊंचा करने में सफल रहा, बल्कि भविष्य में उनके और भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बना। इस समारोह ने उपस्थित बच्चों के माता पिता, मीडिया बंधु और अन्य लोगों के दिलों में खेल के प्रति एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया, जिससे ताइक्वांडो और अन्य खेलों में युवाओं की बढ़ती रुचि की उम्मीद की जा सकती है।

इस अवसर पर अकाउंट ऑफिसर फिरोज खान, मोनिका टंडन, विभूति मणि त्रिपाठी, सुशांत श्रीवास्तव, अखिलेश पाठक, राघवेंद्र पांडेय, इबारत अली, तरुण श्रीवास्तव, उर्फी बेगम, चित्रांश सिंह, नूर अली, तबरेज आलम, तालिब, अर्जुन, पूनम रस्तोगी, जावेद, आरिफ, शीबू, विशाल और कादिर ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# परिवहन विभाग ने दो दिनों में 30 स्कूली वाहनों का किया फिटनेस

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

परिवहन विभाग में स्कूली छात्र-छात्राओं को सुरक्षित लाने ले जाने हेतु 2 दिन का विशेष कैंप ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में लगाकर 9 अगस्त और 10 अगस्त को 30 स्कूली वाहनों का फिटनेस किया गया आर आई संजय कुमार ने बताया कि विशेष कैंप 10 अगस्त और 11 अगस्त के लिए लगाया गया है नियमतः इन दिनों मे छुट्टी है फिर भी परिवहन विभाग ने विशेष कैंप लगाकर स्कूली वाहनों के लिए जिसमें कैमरा, जीपीएस, रेडियम टेप एवं फर्स्ट एड बॉक्स का होना नितांत आवश्यक है जिन स्कूली वाहनों में यह सब नहीं लगा होगा उनका



फिटनेस कदापि नहीं किया जाएगा ऐसे में समस्त स्कूलों के प्रबंधकों को यह निर्देशित किया जाता है कि अपने सभी स्कूली वाहनों में इन सभी सुविधाओं को लगाने के बाद फिटनेस के लिए लायें।

# महिला की मौत, दहेज हत्या का आरोप पति सहित सात लोगों पर केस दर्ज

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

कटरा बाजार थाना क्षेत्र के छिटनापुर गांव के कोरियन पुरवा में बीती रात में एक विवाहिता ने घर के कमरे में दुपट्टा का फंदा बनाकर छत के हुक में बांध कर कर फाँसी लगा लिया। मृतका के परिजनों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पति अभिमन्यु, ससुर राम सेवक और सास रामा वती सहित सात लोगो पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।

कोतवाली करनैलगंज के सोनहरा शिवा नगर निवासी मृतका के भाई शिवकुमार उर्फ सोनू ने थाना कटरा बाजार में तहरीर देकर बताया है कि मै अपनी बहन पूनम उम्र 23 साल की शादी 29 मई 2021 को छिटनापुर कोरियन पुरवा निवासी अभिमन्यु पुत्र राम सेवक से किया था। शादी के बाद से ही पूनम के ससुराल वाले दहेज में मोटर साइकिल सोने की चैन व दो लाख रूपये की मांग कर रहे थे। दहेज की मांग पूरी न कर पाने के कारण परिवार वाले बहन को आए दिन मरते पीटते थे। जिसकी शिकायत एक साल पहले महिला थाने में किया गया था। वहां से सुलह समझौता भी हो गया था। फिर भी मार पीट का सिलसिला रुका नहीं जिसके चलते मेरी बहन ने घर के अंदर दुपट्टा का फंदा बनाकर हुक के सहारे फांसी पर लटक कर जान दे दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

# बच्चों को हाईजीन किट का किया गया वितरण

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

बड़गांव स्थित खैराबाग नलिनी एकाडेमी में शनिवार को हाइजीन किट बच्चों को वितरण किया गया। किट वितरण के दौरान दंत रोग विशेषज्ञ डॉ पीयूष रंजन , रेडक्रास सोसायटी के मंडल प्रभारी कसीम सिद्दीकी, पंकज सिन्हा और एकांश श्रीवास्तव को प्रबधक पंकज भारती ने स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया।

उसके बाद अतिथि डाक्टर पीयूष रंजन ने बच्चों को हाइजीन किट वितरण किया और स्वास्थ्य प्रति बच्चो को जागरूक बच्चों को सम्मानित स्वस्थ रहने के टिप्स बताते हुए कहा कि अगर बच्चे समय-समय पर हाथ धोना, शारीरिक स्वच्छता पर अगर ध्यान दिया जाए तो बहुत सी गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है रेड क्रॉस सोसाइटी के मंडल प्रभारी




कसीम सिद्दीकी ने कहा कि समय-समय पर हाथ धोना एव शारीरिक स्वच्छता पर अगर ध्यान दिया जाए तो बहुत सी गंभीर बीमारियों से बचाया जा सकता है इसके साथ अतिथि कसीम सिद्दीकी ने भी किट वितरण किया।सकीना बानो ने स्वच्छता और संचारी रोगों के रोकथाम के बारे में विस्तार से बताया।

कार्यक्रम के दौरान प्हर्ष वर्धन नेहरू, लतिका श्रीवास्तवा, श्रीकांत, राम प्रताप वर्मा, राजू वर्मा, श्रवण, लीना, अनुपमा, ज्योति, अर्चना, नुसरत खान साजिया मजहर निशा फातिमा सहित अन्य लोग मौजूद रहीं।

# होटल में लटकता मिला युवक का शव

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

मनका पुर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक की लाश होटल के कमरे में लटकती हुई पाई गई है। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। मनका पुर थाना के शास्त्री नगर मोहल्ले में स्थित होटल के मैनेजर अशोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि एक 25 वर्षीय युवक जो बीते तीन दिनों से होटल में कमरा लेकर रह रहा था। शुक्रवार देर शाम उसका शव कमरे में लगे पंखे में बेडसीट के फंदे से लटकता हुआ मिला।

युवक बाइक लेकर आया था। उसी बाइक के आरसी पेपर के आधार पर उसको होटल में कमरा दिया गया था। कोतवाल संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि होटल प्रबंधन की सूचना पर घटना स्थल पर पहुंच कर बाइक के पेपर की जांच में पता चला कि 25 वर्षिय मुकेश प्रजापति निवासी ग्राम बनगवां थाना खोड़ारे का है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है।

मृतक के बड़े भाई विनोद ने बताया कि मुकेश की चार साल पहले ज्योति से शादी हुई थी। वह अपनी पत्नी व बच्चे के साथ लुधियाना में रहकर सिलाई का कारखाना चलाता था। बीते 27 जुलाई को घर आया था। तभी से वह मानसिक तनाव में था। 05 अगस्त को गांव के ही अजय गौतम की बाइक मांग कर घर से निकला था। उसके बाद घर नही लौटा। जिसकी 08 अगस्त को खोड़ारे थाना में गुमशुदगी भी दर्ज कराई गई थी। मुकेश की पत्नी ज्योति अपने 11 माह के बेटे शिवम के साथ लुधियाना में है।

## महिला ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** खोडारे थाना क्षेत्र एक विवाहिता महिला ने अपने मायके में ही फाँसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।खोडारे थाना क्षेत्र के कोट खास गांव के निवासी पूनम सिंह पत्नी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि वह कूक नगर ग्रांट गांव के निवासी मो कासिम के घर मे किराये पर रहती है। उस ने अपने पुत्री गरिमा सिंह की शादी बीते 5 दिसम्बर 2023 को देवरिया के रमई पुर बरहज निवासी विशाल सिंह के साथ शादी किया था। तभी से अपने ससुराल में रहती थी। बीते बुधवार के दिन उस को देवरिया से अपने घर लेकर चली आई थी। शुक्रवार के दिन किसी काम से बाजार गई हुई थी।बाजार से लौटी तो घर मे देखा कि गरिमा ने अपने रूपट्टे से फांसी लगा लिया है। उस की सूचना खोडारे पुलिस को दी गई। मौके पर पहुची पुलिस नेउस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

## खबरें एक नजर में

### अधिशासी अधिकारी एक हफ्ते से सीयूजी बंद, सरकारी गाड़ी नदारद

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** अधिशासी अधिकारी बगैर छुट्टी लिए नगर पालिका से अपने घर चले गए। जब इस बात की जानकारी के लिए नगर पालिका चेयरपर्सन उजमा राशिद को फोन लगाया गया तो उन्होंने कहा उनकी तबीयत खराब थी इसलिए वह अपने घर चले गए जब उनसे पूछा गया कि कितने दिन की छुट्टी पर गए हैं उन्होंने कहा इसका मुझे पता नहीं है और जब उनसे यह कहा गया कि सीयूजी फोन बंद करके सरकारी गाड़ी भी अपने साथ लेकर चले गए हैं तब उन्होंने कर कहा कि जब आपको सब पता है तो हमसे पूछ क्यों रहे हैं। एक तरफ योगी सरकार का फरमान है कि सीयूजी नंबर किसी भी हालत में बंद नहीं होना चाहिए ऐसे में जनता को कोई काम हो नगर पालिका अधिशासी अधिकारी से तो वह किससे बात करें और किसके पास जाए और अपनी व्यथा कहां सुनाएं यह एक चिंताजनक और सोचनीय विषय है।

### सांड़ ने साइकिल सवार युवक को बीच सड़क पर पटका, मौत

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** धाने पुर थाना क्षेत्र में दतौली मार्ग नैय पुरिया के पास साइकिल सवार एक युवक को काले साँड़ ने अपने सींग में फंसा कर साइकिल सहित बीच सड़क पर पटक दिया जिस से उस की मौत हो गई। बचाने दौड़े लोगो को भी दौड़ा लिया। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। धाने पुर थाना क्षेत्र के रमगढ़वा दूल्हा पुर गांव के निवासी 41 वर्षिय राम फेर उर्फ फेरई पुत्र राम प्यारे और उसी गांव के अजय सिंह पुत्र मुन्ना सिंह दोनो अलग अलग साइकिल से राम नगर बाजार गये हुए थे। देर शाम शुक्रवार को घर लौट रहे थे। नैय पुरिया ग्राम के पास गन्ने के खेत से एक काला साड अचानक सड़क पर निकल आया जिस ने राम फेर उर्फ फेरई को साइकिल सहित सींग में फंसा कर पटक दिया। अजय सिंह ने बताया कि राम फेर उर्फ फेरई के पीछे था। उस को बचाने के लिए दौड़े तो साड ने उस को भी दौड़ा लिया। जब गांव के तमाम लोग लाठी डंडा लेकर दौड़े तब साड गन्ने के खेत की तरफ भाग गया।घायल अवस्था मे राम फेर उर्फ फेरई को उठा कर मुजेहना सीएससी केंद्र पर ले गए। जहां चिकित्सक ने देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया।

### डूबे वृद्ध का शव बरामद

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** मनका पुर थाना क्षेत्र के ग्राम फरोजपुर थनवा डिहवा निवासी रामजश वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर 12 बजे उसका पिता हंसराज (62) साइकिल से मछली बाजार घरेलू समान लेने गए थे। जब देर शाम तक वह घर नही लौटे तो बाजार में जाकर उनकी तलाश करने पर कुछ लोगों ने बताया कि वह नहर के पास शौंच के लिए गए थे। जब मछली बाजार नहर पुलिया के पास जाकर देखा तो उनकी साइकिल तो खड़ी पिता हंसराज नही मिले। रात्रि होने के कारण आगे तलाश नही किया जा सका। शनिवार सुबह पुनः तलाश करने पर एलनपुर ग्रंट गांव के पास नहर में एक शव उतराता हुआ दिखाई दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से शव को नहर से बाहर निकाला गया। तो उसकी पहचान पिता हंशराज के रूप में की गई। कोतवाल संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि शुक्रवार रात में रामजस वर्मा की सूचना पर उनके पिता के गायब होने की गुमशुदगी दर्ज की गई थी। शनिवार की सुबह नहर में हंसराज का शव मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### करंट की चपेट में आकर गाय-बैल की मौत

**परसपुर/गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के पसका मार्ग पर शनिवार की सुबह पूरे लाली के कहारन पुरवा गांव के पास बारिश के चलते एचटी लाईन पर पेंड़ गिर गई। जिससे करंट की चपेट में आने से एक गाय व एक बैल की मौत हो गई। ग्रामीण अजय सिंह ने फोन से विद्युत उप केंद्र पर सूचना देकर लाईन को बंद करवाया। ग्रामीणों के काफी प्रयास से रोड पर गिरे महुआ के पेड़ को हटवाया गया तब जाकर आवागमन बहाल हो सका। मिली जानकारी के मुताबिक इस हादसे में कहांरन पुरवा के रोड के बगल पशुपालक बबलू कश्यप की बंधी गाय व शिव कुमार कश्यप के एक बैल की मौत हो गई। पशुपालकों ने दोनों पशुओं की कीमत पचास हजार रूपये बताई है। वहीं हाईटेंशन लाइन गिरने के बाद सड़क के पटरी पर पड़ा रहा। समाचार लिखे जाने तक विभाग के किसी कर्मी ने लाईन दुरुस्त करने की जहमत नहीं उठाई थी।

# रेल यात्री को अभी और करना होगा इंतजार

- 20 अगस्त से पहले नहीं चलेगी ट्रेन
- बाढ़ में पटरी उजड़ने से बंद है ट्रेन का संचालन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के नानपारा और बिछिया से मैलानी जाने वाली पैसेंजर ट्रेनों का संचालन बाढ़ में पटरी उजड़ने से बंद है। पानी कम होने के बाद भी पटरी पूरी तरह से ठीक नहीं हो सकी है। ऐसे में 20 अगस्त तक ट्रेनों का संचालन बंद रहेगा। इसके बाद ही संचालन पर कुछ कहा जा सकता है।बहराइच जिले से कम खर्च में लखीमपुर, पीलीभीत आने जाने के लिए ट्रेन का सहारा था।

यात्री कम खर्च में मैलानी से



**20 अगस्त से चलने की उम्मीद**

नानपारा मैलानी रेल प्रखंड पर पलिया स्टेशन के निकट कार्य चल रहा है। जिसके चलते ट्रेनों का संचालन बंद है। 20 अगस्त के बाद ही ट्रेनों का संचालन शुरू होने की उम्मीद है। *महेश गुप्ता, जन संपर्क अधिकारी लखनऊ।*

लखीमपुर समेत अन्य जिलों को जाते थे। लेकिन दो सप्ताह पूर्व आई बाढ़ में नानपारा जंक्शन मैलानी रेल प्रखंड के पलिया स्टेशन से पहले ट्रेन की पटरी बाढ़ में बह गई थी।जिससे जिले के नानपारा और बिछिया से मैलानी जाने वाली पैसेंजर ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया गया था।

दो सप्ताह बीत गए हैं। लेकिन अभी तक रेल पटरी दुरुस्त नहीं हो सकी है। जिसके चलते ट्रेनों का संचालन पूरी तरह से बंद है। इससे जिले के यात्रियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यात्री अधिक खर्च और दूरी तय कर गंतव्य की ओर जाने को विवश हैं।

# नारकोटिस पदार्थो के अवैध निर्माण, संचरण, बिक्री पर लगाया जाय प्रभावी अंकुश : डीएम

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** नारकोटिस पदार्थो के अवैध निर्माण, संचरण, बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कोर्ड कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान डीएम द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि बेहतर ताल-मेल एवं समन्वय के साथ प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए नारकोटिस पदार्थो के अवैध निर्माण, संचरण, बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाये। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि प्राप्त गुप्त सूचनाओं को सभी सम्बन्धित को त्वरित आदान-प्रदान करते हुए प्राप्त सूचनाआ के अनुसार तत्काल प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए नियमानुसार सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर कार्यवाई सुनिश्चित की जाय। डीएम मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि

- भारत-नेपाल मैत्री बसों, लग्ज़री वाहनों की सघन जांच की जाए : डीएम



नशीले पदार्थों के संचरण पर प्रभावी अंकुश के लिए भारत-नेपाल मैत्री बसों, लग्ज़री वाहनों की सघन जांच की जाय। विशेषकर रूपईडीहा से चलने वाले सभी सरकारी व गैर सरकारी वाहनों की रैण्डमली जांच की जाय। उप जिलाधिकारियों व पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिये गये सम्बन्धित अधिकारियों के साथ आबकारी व दवा की दुकानों तथा उर्वरक दुकानों पर उपलब्ध स्टाक इत्यादि की भी जांच करें। आबकारी अधिकारी को निर्देश दिया गया कि उच्च क्वालिटी की प्रभावी वीडियो क्लिप तैयार कराकर स्कूलों में नशामुक्ति के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जायें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार मौर्या, पयागपुर के दिनेश कुमार, मोतीपुर के संजय कुमार, कैसरगंज के पंकज दीक्षित, नानपारा के अश्वनी पाण्डेय, जिला आबकारी अधिकारी सुधांशु सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सपा कार्यालय पर मनाई गई फूलन देवी की 61वीं जयंती, अर्पित की श्रद्धांजलि

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** पूर्व सपा सांसद स्वर्गीय फूलन देवी की 61वी जयंती पर श्रद्धांजलि सभा एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव व संचालन जिला महासचिव सुनील निषाद ने किया। श्रद्धांजलि सभा मे सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष समेत पार्टी के पूर्व विधायक, जिला कार्यकारिणी के सदस्यों व वरिष्ठ नेताओं ने वीरांगना फूलन देवी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनके चरणों मे श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात श्रद्धांजलि सभा मे उपस्थित पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दिनेश लोधी, लक्ष्मी नारायण निषाद, आंनद प्रकाश यादव, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष संत कुमार पासी आदि वक्ताओं ने सभा को सम्बोधित करते हुए स्व फूलन देवी के त्याग, बलिदानों व उनके संघर्ष को याद किया।

# चेतावनी के बाद भी सड़क की पटरियों से नहीं हटीं दुकानें

- यदि दो दिन के अंदर दुकानदारों ने अतिक्रमण न हटाया तो अभियान चला कर अतिक्रमण हटाया जाएगा : खुशबू यादव

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत जरवल के बाजार में दुकानदारों ने अपनी अपनी दुकान के सामने बेंच लगाकर उस पर अपनी दुकान का सामान लगा रहे हैं। इससे पटरी पर कब्जा हो जा रहा है। अतिक्रमण से जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

जरवल नगर पंचायत के घोसियाना रोड के अलावा सभी बाजार की सड़क की पटरियों पर दुकानदारों द्वारा प्रतिदिन



अपनी-अपनी दुकान के सामने बेंच लगा अपनी अपनी दुकानों का सामान रख देते हैं। उसके आगे भी लोगो द्वारा दुकानें लगाई जाती हैं, जिससे काफी अतिक्रमण की समस्या उत्पन्न है अतिक्रमण के कारण लोगों का आना-जाना दुश्वार रहता है। अतिक्रमण के बारे में कई बार अधिशासी अधिकारी खुशबू यादव ने डुग्गी पिटवाकर एवं माइक से अलाउंस भी करवाया है। लेकिन दुकान दार नहीं मान रहे हैं बाजार में भीषण अतिक्रमण की समस्या उत्पन्न है जिससे लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में अधिशासी अधिकारी खुशबू यादव ने बताया कि यदि दो दिन के अंदर दुकानदारों ने अतिक्रमण न हटाया तो अभियान चला कर अतिक्रमण हटाया जाएगा और जो सामान रोड पर मिलेगा उसके ऊपर भारी जुर्माना किया जाएगा।

# गम्भीर वादों की प्रभावी पैरवी के लिए सम्मानित हुए अधिकारी व पुलिसकर्मी

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** अभियोजन विभाग की मासिक समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने विभिन्न न्यायालयों में योजित गम्भीर मुकदमों में प्रभावी करके अभियुक्तों को सजा कराने वाले अधिकारियों व पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। डीएम एसपी ने गोरखपुर जोन में सबसे अधिक संख्या में अपराधियों को सजा कराने में जनपद बहराइच के अव्वल रहने पर सभी सम्बन्धित अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि इसी प्रकार वादों की प्रभावी कर अपराधियों को सज़ा दिलाने का प्रयास करें। बैठक के दौरान टॉप 10 अपराधियों के विरुद्ध प्रचलित मुकदमों पर विशेष चर्चा करते हुए ट्रायल को गति देने के निर्देश दिये गये। तथा जिन प्रकरणों में दोष मुक्ति हुई है उनकी विशेष समीक्षा कर अपील में जाने योग्य वादों में समयबद्ध रुप से अपील कर प्रभावी पैरवी करने के निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान थाना कैसरगंज अन्तर्गत 06 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म कर हत्या कर देने जैसी घिनौनी घटना कारित करने वाले अभियुक्त को 03 माह की अल्प समयावधि में ही मा. न्यायालय द्वारा अभियुक्त को दोषसिद्ध करते हुये 03 जून 2024 को मृत्युदण्ड व रू. 01 लाख 10 हज़ार के अर्थदण्ड से दण्डित करने हेतु अथक प्रयास के लिए विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता सन्त प्रताप सिंह, विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो संतोष कुमार सिंह, थाना कैसरगंज के पैरोकार आरक्षी विनय भारती, पॉक्सो न्यायालय के कोर्ट मोहर्रिर आरक्षी बृजेश साहनी को डीएम व एसपी द्वारा सम्मानित किया गया। थाना विशेश्वरगंज अन्तर्गत वादिनी शालनी देवी के पति दीपक कुमार की हत्या मामले में न्यायालय द्वारा अभियुक्तगण को 11 जून 2024 को आजीवन सश्रम



कारावास व रू. 15-15 हज़ार के अर्थदण्ड से दण्डित करने हेतु अथक प्रयास के लिए सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता एएसजे/एफटीसी न्यायालय सुनील कुमार जायसवाल व कोर्ट मोहर्रिर मुख्य आरक्षी चन्द्रमाधव यादव, थाना विशेश्वरगंज के पैरोकार आरक्षी सतीश कुमार मौर्य को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार थाना कोतवाली नगर अन्तर्गत कोचिंग से घर लौट रही नाबालिग बच्ची के साथ एसिड अटैक की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग की प्रभावी पैरवी न्यायालय द्वारा 28 मई 2024 को अभियुक्तगण को दोषसिद्ध पाये जाने पर 20-20 वर्ष सश्रम कारावास व रू. 01-01 लाख अर्थदण्ड से दण्डित करने हेतु प्रभावी पैरवी के लिए विशेष लोक अभियोजक एएसजे-प्रथम न्यायालय प्रमोद कुमार सिंह व कोर्ट मोहर्रिर विनय कुमार, थाना कोतवाली नगर के पैरोकार मुख्य आरक्षी सरोजा यादव को डीएम व एसपी द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, संयुक्त निदेशक अभियोजन डॉ. कन्धर्व द्विवेदी, उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार मौर्या, पयागपुर के दिनेश कुमार, मोतीपुर के संजय कुमार, कैसरगंज के पंकज दीक्षित, नानपारा के अश्वनी पाण्डेय, जिला आबकारी अधिकारी सुधांशु सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जिले में भाजपा ने तिरंगा अभियान का किया शुभारंभ

- चित्तौरा, अयोध्या, गोकुलपुर मंडल में निकाली तिरंगा यात्रा
- शहर भर में तिरंगा यात्रा के साथ भाजपा पदाधिकारियों ने किया भ्रमण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा तिरंगा अभियान का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे की अध्यक्षता में प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम में सांसद बहराइच डॉक्टर आनंद कुमार गोंड, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल भाजपा जिला



पदाधिकारी युवा मोर्चा जिला पदाधिकारी तथा विधानसभा बहराइच के सभी मंडलों के पदाधिकारी मोर्चा व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व आम जनमानस ने डीहा मण्डल चित्तौरा से तिरंगा यात्रा निकाल कर चितौरा मंडल के धरसवा होते हुए अयोध्या मंडल के फरदा सुमेरपुर होते हुए गोकुलपुर मंडल के सभी गांव में भ्रमण करते हुए जनपद बहराइच के मंडल नगर प्रथम व द्वितीय के सभी पदाधिकारी के साथ निकट जीआईसी स्कूल मल्हू बाबू के गददी पर एकत्र होकर तिरंगा यात्रा को लेकर छावनी चौराहा, घंटाघर चौराहा, पीपल चौराहा, गुरुद्वारा होते हुए शहीद उद्यान पर कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर श मंडल अध्यक्ष प्रथम अमित शर्मा द्वितीय के मंडल अध्यक्ष अजय सिंह चित्तौरा मंडल अध्यक्ष प्रताप नारायण अयोध्या मंडल अध्यक्ष मनीष देव त्रिपाठी गोकुलपुर मंडल अध्यक्ष राम सिंह चौहान युवा मोर्चा अरुणेन्द्र सिंह अंकित महामंत्री अखिलेश यादव गोले, सौरभ मिश्रा, सतीश सिंह, जिला उपाध्यक्ष भाजपा रणविजय सिंह, राहुल राय, सुरेश गुप्ता, सुवेद वर्मा, नन्हेलाल लोधी, जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, धीरेंद्र मोहन आर्य, सुनील श्रीवास्तव, जिला मंत्री संजय राव, हेमा निगम, देवेंद्र कुमार मिश्रा, डॉक्टर डिंपल जैन, राजन सिंह, प्रमोद पांडे, अभिषेक गुप्ता, पंकज केवट, मनीष त्रिपाठी सहित नगर मंडल प्रथम व द्वितीय के समस्त कार्यकर्ता व पदाधिकारी ने तिरंगा अभियान में सहभागिता किया।

# शीबा हत्याकांड को सपा ने बनाया मुद्दा दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग

- सपाई बोले- पुलिस ने पहले दिया होता ध्यान तो बच जाती शीबा की जान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के जमोग बाजार में मामा के यहां रह रही शीबा की उसके प्रेमी ने सहयोगी के साथ मिलकर 21 जुलाई को हत्या कर शव हांडा बसेहरी नहर के पास फेंक दी थी। जिसके विरोध में समाजवादी पार्टी ने शनिवार को धरना प्रदर्शन कर दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। पुलिस ने शीबा की हत्या प्रेम प्रसंग में शादी का दबाव बनाने पर प्रेमी अरुण सैनी और एक अन्य पर लगाया था। इसके बाद दोनों को जेल भेज दिया था। लेकिन सपा पुलिस के खुलासे से संतुष्ट नहीं है।



शनिवार को जिलाध्यक्ष राम हर्ष यादव की अगुवाई में सभी ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। सपा प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि युवती की दुष्कर्म के बाद हत्या की गई है। सभी ने दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई करने और केस दर्ज करने की मांग की। प्रदर्शन के बाद सभी ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को दिया। इस दौरान पूर्व विधायक रमेश गौतम, शैलेश सिंह शैलू, जवाहर लाल यादव, हुस्न आरा, पवन कुमार निषाद, सत्यम यादव, आनंद यादव, मीडिया प्रभारी अर्जुन गुप्ता समेत अन्य शामिल रहे।

# दो घंटे की बारिश ने खोली नगर पालिका की पोल, घरों-दुकानों में भरा पानी

- नगर पालिका की नाकामियां उजागर, लोगों में आक्रोश व्याप्त



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

सावन की पहली झमाझम बारिश ने नगर पालिका की तैयारियों की पोल खोल दी है। शहर में सुबह से शुरू हुई बारिश ने जहां लोगों को गर्मी और उमस से राहत दी वहीं नगर पालिका के दावों को भी पूरी तरह से झूठा साबित कर दिया। लगभग दो घंटे तक लगातार हुई इस बारिश ने लोगों के घरों और दुकानों में पानी भर दिया,जिससे लोगों में गहरा आक्रोश है।

शहर के कई वार्डों में जलभराव हो गया, जिससे आने-जाने वाले लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। जलभराव का मुख्य कारण मानसून से पहले नगर पालिका द्वारा नालियों की सफाई न करवाना है। नगर पालिका के ईओ और नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर के बीच की तनातनी का खामियाजा अब रायबरेली के निवासियों को भुगतना पड़ रहा है। बारिश से पहले,नगर पालिका अध्यक्ष ने दावा किया था कि सभी नालों की सफाई पूरी कर ली गई है और शहर में कहीं भी जलभराव नहीं होगा। लेकिन आज की बारिश ने इन दावों को गलत साबित कर दिया। जगह-जगह जलभराव और गंदगी का अंबार देखने को मिल रहा है। लोगों के घरों में पानी भर जाने से उनका सामान भी खराब हो गया है। कई दुकानदारों ने सोशल मीडिया पर वीडियो डालकर इस स्थिति की नाराजगी जताई है,जिसमें उनकी दुकानों में पानी भरा हुआ दिखाया गया है।

### स्थानीय नागरिकों में आक्रोश

स्थानीय नागरिक फैजी खान ने नगर पालिका अध्यक्ष पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि आजाद नगर और बहराना की तरफ जाने वाला मुख्य मार्ग जलभराव के कारण बंद हो गया है। उन्होंने कहा चुनाव से पहले नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर का नारा था,काम करेंगे,सम्मान करेंगे,एक फोन पर काम करेंगे, लेकिन अब न तो उनका फोन उठता है और न ही कोई काम होता है। अब तो ऐसा लगता है कि हमें पैदल चलने की बजाय नाव का सहारा लेना पड़ेगा। रिहायशी इलाकों में घर-घर पानी भर गया है। वोट के ठेकेदारों ने मुसलमानों का वोट लेकर कांग्रेस पार्टी का नगर पालिका अध्यक्ष बनवाया। अब नगर पालिका अध्यक्ष एसी गाड़ी में आराम फरमा रहे हैं और नगर पालिका को लूट रहे हैं।

### नगर पालिका की अनदेखी और कार्यप्रणाली पर उठने लगे सवाल

इस भारी बारिश के बाद नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं,लेकिन चुनाव जीतने के बाद उन वादों को निभाया नहीं जाता। शहर के कई इलाकों में स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि लोगों को अपने घरों से निकलने में भी कठिनाई हो रही है। जलभराव के कारण मार्ग बंद हो गए हैं और लोगों को अपने दैनिक कार्यों को पूरा करने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका की अनदेखी के कारण यह स्थिति और भी गंभीर हो गई है। शहर के कई हिस्सों में पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण बारिश का पानी सड़कों पर जमा हो जाता है और लोगों के घरों में घुस जाता है। इससे ना केवल संपत्ति का नुकसान हो रहा है, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी बढ़ रही हैं।

# एसडीएम की अध्यक्षता में थाना दिवस संपन्न



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

खराब मौसम के बीच संपन्न हुआ थाना दिवस कोतवाली परिसर में एसडीएम राजित राम गुप्ता की अध्यक्षता में थाना दिवस का आयोजन किया गया जिसमें कुल 6 शिकायती पत्र आए सभी शिकायती पत्र राजस्व विभाग से संबंधित थे जिनमें दो शिकायती पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया अन्य शिकायती पत्रों को जल्द से जल्द निस्तारण की बात कही गई। इस मौके पर को यदुवेंद्र पाल कोतवाल बालेंदु गौतम एस आई दिनेश गोस्वामी एस आई रवि पवार एस आई मोहित चौहान लेखपाल आध्या प्रसाद लेखपाल विपिन मौर्य लेखपाल विवेक सिंह सहित अन्य विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### महिला की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** वादिनी किरण पत्नी शत्रुघ्न निवासी पुरे सुखई थाना महराजगंज जनपद रायबरेली ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए बताया कि विपक्षी सतीश पुत्र शीतलादीन निवासी ग्राम पुरे सुखई थाना महराजगंज जनपद रायबरेली के द्वारा गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई। वहीं कोतवाली पुलिस ने महिला की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

### ग्रामीणों ने बिजली समस्या को लेकर डीएम को दिया शिकायती पत्र

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** बिजली न आने से अंधेरे के साए में रहने को मजबूर आक्रोशित भुरकुंडा के बाशिंदों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारी कर्मचारी ग्रामीणों की बात को नही सुन रहे हैं।जिसके चलते उपभोगताओं को अंधेरों में रहने को विवश होना पड़ रहा है। विकास खण्ड उतरौला क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत भुरकुंडा में पिछले दस दिनों से बिजली आपूर्ति ठीक से नहीं हो रही है। ग्रामीण राम निवास, मुहम्मद यासीन, रविंद्र कुमार ने जिलाधिकारी और उप खण्ड अधिकारी (एसडीओ)को प्रार्थना पत्र लिखकर अपनी पीड़ा बताया कि पिछले कई दिनों से लगातार लो वोल्टेज से परेशान हैं इसकी सूचना संबंधित विभाग को दी दिया गया फिर भी कोई सुनने को तैयार नही है। बताया कि ट्रांसफार्मर फुंक गया है किंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पत्र में कहा गया कि अगर बिजली आपूर्ति ठीक नहीं किया गया तो हम सभी ग्रामीण कलेक्ट्रेट में जाकर धरना प्रदर्शन करेगें।
उप खण्ड अधिकारी रमेश मौर्य ने बताया कि जानकारी मिली है केबिल जल गया है केबिल चेंज करवा कर देखा जा रहा है कि वोल्टेज सही हुआ कि नही आवश्यकता पड़ने पर ट्रांसफार्मर भी चेंज करवाते हैं।

### कस्तूरबा गांधी विद्यालय की शिक्षिका ने डीएम को भेजा शिकायती प्रार्थना पत्र

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड गैडास बुजुर्ग मे स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की एक शिक्षिका नंदनी गुप्ता ने जिलाधिकारी बलरामपुर को एक शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि विद्यालय की वार्डन ममता यादव अपने पति रमेश यादव तथा दो बेटियां जिसकी उम्र लगभग पन्द्रह वर्ष तथा ग्यारह वर्ष है। लगातार विद्यालय में निवास कर रही थी,तथा विद्यालय का ही खाना खा रही थी।जिसकी मैंने पहली शिकायत 8 मार्च 2024को की थी। जिस पर कोई कार्यवाही अभी तक नहीं की गई है। तथा वहीं स्थित अभी भी बनी हुई है। तब मैंने दूसरी शिकायत दिनांक 24 जुलाई 2024को लिखित रूप से मेरे द्वारा विभाग को दी गई उपरोक्त मामले की जांचकर रही टीम द्वारा मुझसे दुर्व्यवहार किया गया तथा जब मैं साक्ष्य को दिखा रही थी। तब यह कह कर टाल दिया गया कि यह सब सुना सुनाया है, और यह पुराना है। जिससे जांच बड़े स्तर पर प्रभावित करने की तैयारी हो रही है, चुंकि वार्डन का पति कोई कार्य नहीं कर रहा है,तथा दिन भर विद्यालय के आसपास इधर-उधर घुमता रहता है। विद्यालय के चौकीदार महेन्द्र प्रताप के सहयोग से विद्यालय में आने वाली वस्तुओं व उपकरणों की चोरी भी करता रहता है,जिसका विरोध करने पर भी मुझे जान से मारने की धमकी भी दी जाती है।जिसका एक आडियो भी मेरे पास है जिसमें चौकीदार यह स्वीकार करता है कि मामले की चोरी उसके संज्ञान में है। विद्यालय के बालिकाओं को दूध व फल तथा कापियां भी पूर्ण रुप से वितरित नहीं की जाती है। विद्यालय में लगे सी सी टी वी के केमरे मे भी वार्डन के द्वारा इस प्रकरण को व्यवस्थित किए गए हैं कि कोई भीअपराधिक रिकार्ड उसमें दर्ज न होने पाएं।विधालय में अवैध प्रवेश हेतु रमेश यादव के द्वारा सड़क पर बने छोटे छोटे गेट का का उपयोग किया जाता है यही से बालिकाओं का हास्टल तक बीना कैमरे मे आए प्रवेश किया जाता है सम्पूर्ण घटना का अधिकतर साक्ष्य मेरे पास उपलब्ध है।इससे पहले बालिकाओं के साथ कोई भी अनहोनी न हो जाए,इस मामले के गम्भीरता को देखते हुए उपरोक्त मामले को उचित कार्यवाही करने का नितांत आवश्यक है।

# करंट से झुलस कर महिला की मौत



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

नंदाखेड़ा गांव की रहने वाली अन्नपूर्णा देवी उम्र लगभग 45 वर्ष पत्नी फूलचंद अपने घर पर साफ सफाई का काम कर रही थी । तभी पास में ही रखें लोहे के बक्से पर उसका हाथ पड़ गया। बक्से में दौड़ रहे करंट की चपेट में वह आ गई । जिससे वह झुलस कर बेसुध हो गई। पति फूलचंद ने एम्बुलेंस से उसे इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है । मृतका के पति फूलचंद ने बताया कि बक्से के बगल में ही फर्राटा पंखा लगा हुआ था। आशंका है कि उसका तार काटा होगा। जो बक्से से छू रहा था। जिससे बक्से में करंट उतर आया। डॉ प्रियेशकांत ने बताया कि महिला की करंट से झुलस कर मौत हो गई है । सूचना पर पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज रही है ।

# बांग्लादेश में हो रहा हिंदुओं के नरसंहार, भारत सरकार करे हस्तक्षेप : डॉ. सुमंत




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली पहुंचे डॉक्टर सुमंत गुप्ता ने एक प्रेस कांफ्रेंस करके बांग्लादेश के हालातों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हिंदुओं के मंदिरों को तोड़ा जा रहा है। महिलाओं के साथ बलात्कार हो रहा है। उनकी दुकान लूटी जा रही है और विश्व समुदाय चुप होकर बैठा है। डॉ. सुमंत गुप्ता ने भारत सरकार से भी इस मामले में पर्याप्त कदम उठाने के अपील की है। उन्होंने देश में घुसे 10 करोड़ बांग्लादेशियों को भगाने की मांग की है।

**लिव-इन रिलेशनशिप का विरोध :-** सुमंत काशी में 13 और 14 अगस्त को होने वाले वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन में समाज के लोगों को निमंत्रण देने के लिए रायबरेली पहुंचे हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में स्टैंप, न्यायालय शुल्क एवं पंजीकरण विभाग के मंत्री रविंद्र जायसवाल होंगे। उनके साथ कई बड़े नेता सम्मेलन में शिरकत करेंगे द्य डॉ सुमंत गुप्ता ने लिव इन रिलेशनशिप को मिली मान्यता को भी गलत बताया। उनका कहना है कि यह माता-पिता के संस्कारों और भारतीय संस्कृति के ऊपर एक कुठाराघात जो समाज में बौद्धिक अपराध फैलाने का काम कर रहा है।

### स्वास्थ्य बीमा पर लगने वाले 18 प्रतिशत टैक्स का किया विरोध

उन्होंने स्वास्थ्य बीमा पर लगने वाले 18त्न टैक्स का भी विरोध किया। डॉ सुमंत ने इसे मौलिक अधिकारों का हनन बताया और भारत सरकार से इसे खत्म करने की मांग कीद्य राष्ट्रीय महासचिव ई.विजय रस्तोगी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। उन्होंने रायबरेली में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के मामले को उठाया। विजय रस्तोगी ने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा एक बड़ा मामला बताया। उन्होंने इसके लिए सीबीआई जांच की मांग की विजय रस्तोगी का कहना है कि रायबरेली के सामाजिक आर्थिक भौगोलिक और राजनीतिक मानचित्र को बदलने के लिए यह षड्यंत्र रचा जा रहा है और इसके पीछे राष्ट्र विरोधी ताकतों के साथ-साथ कुछ स्वार्थी राजनीतिक दल भी हो सकते हैं।

# हर घर तिरंगा यात्रा के तहत बैठक आयोजित

- 15 अगस्त महापर्व पर हर मकान और प्रतिष्ठान पर लहराएगा तिरंगा : प्रभात साहू



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

हर घर तिरंगा के तहत नगर पंचायत महराजगंज के सभागार में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा एक बैठक आहूत की गई जिसमें अवध प्रांत के एम एस एम ई एवं पूर्व क्षेत्रीय मंत्री मुख्य अतिथि के तौर पर दिलीप यादव रहे बीजेपी के नेता दिलीप यादव ने कहा हर घर तिरंगा यात्रा के तहत तिरंगा यात्रा भी निकलवाई जाएगी तथा हर प्रतिष्ठान और मकान पर तिरंगा झंडा फहराया जाएगा ।भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने हर घर तिरंगा यात्रा के तहत बैठक की तथा विचार विमर्श करते हुए यात्रा कैसे निकाली जाएगी और हर घर को तिरंगा झंडा से सजाया जाएगा इसके लिए बीजेपी के नेताओं ने विचार विमर्श किया। चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने कहा हर घर तिरंगा के तहत कस्बे भर में कोई भी प्रतिष्ठान और मकान बाकी नहीं रहेगा पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे कस्बे को तिरंगे झंडे से सजाया जाएगा तथा हर घर तिरंगा के तहत इस महापर्व पर तिरंगा झंडा फहराया जाएगा और यात्रा भी निकली जाएगी ।श्री साहू ने कहा तिरंगा झंडा हमारे देश की आन बान और शान है हम सभी नागरिकों को चाहिए अपने घर और प्रतिष्ठान तथा हर जगह 15 अगस्त आजादी के पर्व पर ध्वजारोहण और झंडा फहराना चाहिए। इस मौके पर पूर्व विधायक राजाराम त्यागी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी सुधा अवस्थी मंडल अध्यक्ष विवेक पांडे पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा पंकज श्रीवास्तव शिव शंकर शुक्ला सरोज गौतम सभासद धर्मेंद्र वर्मा सभासद विनीत वैश्य सभासद शिवकुमार सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### विधायक राम प्रताप वर्मा ने किया एमडीए प्रोग्राम का उद्घाटन



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** शनिवार को श्री राम तीरथ चौधरी इंटर कालेज में विधायक राम प्रताप वर्मा द्वारा MDA प्रोग्राम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उतरौला के अधीक्षक डॉ सी पी सिंह द्वारा सर्वप्रथम विधायक राम प्रताप वर्मा को कृमि नाशक एवं फाइलेरिया की दवा खिलाई गई।इसके उपरांत विधायक राम प्रताप वर्मा द्वारा बच्चों को दवा खिला कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर डॉ अताउल्लाह खान MO RBSK, प्रधानाचार्य ,अन्य अध्यापक गण,रिया सागर CHO, ज्ञान प्रकाश OA , आशुतोष कुमार उपाध्याय NMA आशा, आँगन बाड़ी कार्यकत्री एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# युवक को लाठी डंडों से पीटा

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के खपराताल निवासी एक विकलांग ने कोतवाली डलमऊ में तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि उसके बहनोई के साथ गांव के ही कुछ लोगों ने लाठी डंडों से जमकर मारा और ईंट मार कर सर फोड़ दिया जिससे उसके बहनोई की हालत गंभीर हो गई पूरा मामला डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के खपराताल का है यहां के रहने वाले दिनेश पुत्र छोटेलाल ने कोतवाली डलमऊ में तहरीर देते हुए बताया कि वह एक विकलांग व्यक्ति है उसकी तथा उसकी माता की देखभाल एवं खेतों की देखरेख के लिए उसका बहनोई उसके साथ रहता है प्रार्थी आज शनिवार को अपनी बीमार मां का उपचार करने के लिए अस्पताल गया हुआ था तभी प्रतिपक्षी गण अखिलेश पुत्र छोटे सचिन पुत्र अखिलेश एवं विपिन पुत्र अखिलेश एकमत होकर मेरे बहनों को धमकाते हुए कहा कि तू इन दोनों की देखभाल क्यों करेगा और दोबारा खेतों में दिखाई पड़ा तो उसका तो कोई नहीं है और तू भी नहीं बचेगा जब प्रार्थी के बहनोई ने कारण पूछा तो जमीन कब्जे में लेने की बात कह कर प्रतिपक्षियों ने भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लाठी डंडों से जमकर मारा पीटा और ईंट से सर पर वार कर दिया जिससे उसके बहाने को गंभीर चोटे आई और उलटी पलटी होने लगी जिससे उसकी हालत गंभीर भरी हुई है यदि सही समय पर एंबुलेंस ना आती तो उसके बहनोई के साथ कोई अनहोनी हो सकती थी प्रार्थी ने बहनोई का मेडिकल कराकर प्रतिपक्षियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग की है इस बाबत कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि तहरीर मिली है विधिक कार्रवाई की जा रही है।



### आरेडिका में 89वें अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने दर्ज की शानदार जीत

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में शुक्रवार से 89वें अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक चैंपियनशिप का आयोजन चल रहा है। जिसमें हैमर थ्रो, 10 हजार मीटर दौड़,1500 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़,100 मीटर दौड ऊँची कूद, 20 किमी वाकरेस, शॉटपुट, पोलवॉल्ट, लॉग जंप, ट्रिपल जंप, आदि प्रतियोगिताओं का सफल आयेजन हुआ जिसमें रेलवे के पुरूष एवं महिला खिलाड़ियों ने विजय पताका फहरा कर अपने जोन को गौरवांवित किया।

1500 मीटर पुरूष दौड़ में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रोहतेश ओहरे ने प्रथम और उत्तर मध्य रेलवे के अजीत कुमार ने द्वितीय तथा बनारस लोको वकर्स के अजय कुमार बिन्द ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अमलन वॉरगॉन ने प्रथम एवं दक्षिण मध्य रेलवे के एन. शंमूगा श्रीनिवास ने द्वितीय तथा आईसीएफ के बी. शिव कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 20 किमी महिला वाकरेस में आरेडिका की मुनीता प्रजापति ने प्रथम एवं पश्चिम रेलवे की सेजल सिंह ने द्वितीय और दक्षिण पश्चिम रेलवे की रवीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला शॉटपुट प्रतियोगिता में पश्चिम रेलवे की रेखा प्रथम स्थान पर रहीं वहीं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की योगिता ने द्वितीय स्थान तथा पटियाला लोको वर्क्स की मनप्रीत कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला हैमर थ्रो में पश्चिम रेलवे की अनिशा दहिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा पूर्व रेलवे की कुलविंदर कौर ,उत्तर रेलवे की सरिता पी सिंह ने क्रमश द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं।

आरेडिका खेल-कूद संघ के अध्यक्ष श्री संजय कुमार कटियार ने बताया कि बहादुर प्रसाद एरिना में प्रतियोगिताओं के नियंत्रण एवं निरीक्षण के लिए विश्व स्तरीय सुविधाओं से युक्त नियंत्रण कक्ष बनाया गया। रविवार को सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर चैंपियनशिप का भव्य समापन होगा। आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा ने सभी विजयी खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामना दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नगरपालिका में फाइलेरिया दवा खिलाकर अभियान का किया गया शुभारम्भ



- अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मीनाक्षी चौधरी, अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस, ईओ लालचन्द्र मौर्य ने कराया शुभारम्भ

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को नगर पालिका परिषद जनपद बलरामपुर में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मीनाक्षी चौधरी,नगर पालिका परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस,अधिशासी अधिकारी लालचन्द्र मौर्य एंव समस्त नगर पालिका सभासदगणों के उपस्थिति में 10 अगस्त से 2 सितंबर तक चलने वाले फाइलेरिया अभियान का उद्घाटन नगर पालिका परिषद जनपद बलरामपुर परिसर से किया गया।

जिसमें नजरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से फार्मासिस्ट समीर अहमद सिद्दीकी,इंद्रेश वर्मा और अन्य लोग उपस्थित रहे।

### इनवर्टर और बैटरी चुराने पर दर्ज हुआ मुकदमा




**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** वादी की तहरीर पर चोरी का मुकदमा हुआ दर्ज ।वादी नवेदुल हसन पुत्र अनवर अली निवासी ग्राम कुशमहुरा थाना महराजगंज ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए बताया कि वादी के पोल्ट्री फार्म से उसका इनवर्टर बैटरी चुरा ली गई लल्लन पुत्र अज्ञात वह दो अन्य व्यक्ति निवासी ग्राम बलीपुर थाना महराजगंज जनपद रायबरेली के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है घटना 28 29 जुलाई की रात की बताई जा रही है।

# डॉ. सुमन गुप्ता ने वैश्य समाज के साथ की बैठक, कार्यक्रम को लेकर की चर्चा

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



वैश्य समाज के राष्ट्रीय एवं प्रांतीय कार्यकर्ता प्रतिनिधि सम्मेलन आगामी 13 व 14 अगस्त को बनारस में आयोजित होना है जिसको लेकर समाज के वरिष्ठ लोगों के साथ बैठक कर कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई इस सिलसिले में डलमऊ पहुंचे अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुमंत गुप्ता ने एक निजी आवास पर पदाधिकारियों के साथ बैठक करके बनारस में आयोजित होने वाले दो दिवसीय राष्ट्रीय एवं प्रांतीय कार्यकर्ता प्रतिनिधि सम्मेलन का निमंत्रण दिया तथा समाज के लोगों को बड़ी संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का निवेदन किया राष्ट्रीय एवं क्रांति कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री रवींद्र जायसवाल होंगे डॉ सुमन गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम में वंदना कार्यक्रम का उद्घाटन पुस्तक विमोचन विवाह योग्य युवक एवं जूतियां का परिचय समारोह नए राष्ट्रीय एवं क्रांति पदाधिकारी का शपथ ग्रहण समारोह संगठन को सक्रिय और मजबूत बनाने के लिए विचार विमर्श एवं चर्चा तथा आगामी 8 सितंबर को कानपुर में होने वाले युवक युति परिचय सम्मेलन साहित्य अन्य कार्यक्रमों को लेकर चर्चा एवं परिचर्चा की जाएगी उन्होंने बांग्लादेश में हुए सियासी तख्तापलट पर चर्चा करते हुए कहा कि बांग्लादेश में जिस तरह से भारतीय समुदाय के हिंदुओं की हो रही हत्याओं पर भारत सरकार से कठोर कार्यवाही करने का आग्रह किया इस अवसर पर राम निवास वैश्य, राजेंद्र वैश्य, राम गोपाल आशीष जायसवाल, नीरज, विवेक, ऋतिक जायसवाल, अमन वैश्य एवं समाज के अन्य लोग उपस्थित रहें।

# टैबलेट व स्मार्टफोन पाकर खिला बेटियों का चेहरा




**उतरौला(बलरामपुर)** शिक्षा मनुष्य के जीवन मे संघर्ष के लिये तैयार करने में मदद करती है,शिक्षा चरित्रवान परोपकार व साहसी बनाती है। स्वामी विवेकानन्द जी के दिखाए गए रास्ते पर चलकर एक भारत,श्रेष्ठ भारत,आत्म निर्भर,स्वस्थ्य भारत और भारत को विश्व गुरु बनाने का सपना साकार किया जा सकता है।

यह बात ए जी हाशमी डिग्री कालेज उतरौला में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत टैबलेट व स्मार्टफोन वितरण में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चन्द गुप्त ने कही।सरकार की योजना है कि कमजोर वर्ग के छात्र छात्राओं के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है युवा ही देश का भाग्य विधाता है।युवा लक्ष्य निर्धारित करें उस पर संघर्ष के साथ लगे तो सफलता निशिचत मिलेगी। सभासद नीरज गुप्त ने कहाकि सरकार की कई कल्याणकारी योजनाएं बिना किसी भेद भाव के चल रही है स्मार्ट फोन के जरिये युवा अपने भविष्य को सकारात्मक दृष्टिकोण से सही दिशा में ले जा सकते है। प्रवक्ता राशिद खान ने कहा कि इस योजना का लाभ सभी को मिल रहा है पढ़ाई से सम्बंधित किसी भी तरह की जानकारी पल भर में मिल सकती है।आरिफ अली खान युवा पीढ़ी परिवर्तन की अग्रदूत है।स्मार्टफोन से युवाओ को पढ़ाई के क्षेत्र में मदद मिलेगी। प्रवक्ता एस एम सिद्दीकी ने कहा कि देश की आर्थिक सिथति में सुधार करने के लिये शिक्षा ही एक मात्र साधन है।योजना के अंतर्गत 127 छात्र छात्राओ को स्मार्टफ़ोन का वितरण किया गया।इस अवसर पर प्रवक्ता फिरदौस, गजाला परवीन,हेमलता,नसरीन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता फरीद वारसी ने किया।

# अन्य की भूमि पर दावा जताने वाले व्यक्तियों पर करे विधिक कार्रवाई : जिलाधिकारी

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** माह के दूसरे शनिवार पर डीएम पवन अग्रवाल एवं एसपी विकास कुमार द्वारा थाना कोतवाली नगर में जनमानस की शिकायतों / समस्याओं को सुना गया एवं प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया।
उन्होंने थाना समाधान दिवस शिकायत रजिस्टर का अवलोकन किया एवं प्राप्त शिकायतों के गुणवतत्तापूर्ण निस्तारण की स्थिति को जाना , उन्होंने कहा की शिकायतों के निस्तारण में गलत रिपोर्टिंग बर्दाशत नही की जायेगी। डीएम ने कहा की भूमि विवाद एवं अन्य लॉ एंड ऑर्डर की दृष्टि से संवेदनशील मामलों में राजस्व एवं पुलिस की टीम द्वारा मौके पर जाकर जांच एवं नजरी



नक्शा बनाते हुए हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाए। उन्होंने बिना किसी विधिक अधिकार /क्षेत्राधिकार के अन्य की भूमि पर दावा जताने वाले व्यक्तियों पर विधिक कारवाही किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान एसडीएम बलरामपुर सदर संजीव यादव व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# कैसे देश जीतेगा नशे के खिलाफ जंग

आर.के. सिन्हा

भारत में सिगरेट और बीड़ी पीने का सिलसिला न जाने कब से चल रहा है। इनके पैकट पर वैधानिक चेतावनी देने का भी कोई असर नहीं हुआ। अब सूखा नशा लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। यह एक ऐसी बुराई है जो व्यक्ति की मानसिक और शारीरिक स्थिति को पूरी तरह से बिगाड़ देती है। यह आदतें न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि समाज के ताने बाने पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। विभिन्न स्रोतों और सर्वे के नतीजे बताते हैं कि राजधानी दिल्ली में ही कम से कम 10 से 20 फीसदी युवा नशे की चीजों के आदी हो चुके हैं। सार्वजनिक स्थानों पर प्रतिबंध के बावजूद इसको रोकने के लिए अभी तक की गई कोशिशें नाकाम साबित हुई हैं। नशे की गिरफ्त में आकर लोग अकसर अपनी जिम्मेदारियों को लापरवाही पूर्वक नजरअंदाज कर देते हैं। इसके प्रभाव से बचने के लिए उचित शिक्षा और सक्रिय जागरुकता की परम आवश्यकता है। साथ ही नशे के खिलाफ ठोस आन्दोलन प्रयास करने की भी जरूरत है। केवल व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयास ही इस समस्या को समाप्त कर सकते हैं। अकेले, सरकार के बस का तो यह होने से रहा। आपको देश का शायद ही कोई शहर मिले, जहां के अत्यधिक सुरक्षित क्षेत्रों, हाई प्रोफाइल इलाकों और एलीट जोनों, बड़े मार्केटों में नशा उपलब्ध न हो। नशे पर पूरी तरह से बैन ही नहीं लग पा रहा है। राजधानी दिल्ली तो नशे के कारोबार का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। इसके पीछे नशीले पदार्थों की आसान उपलब्धता तथा गरीबी, बेरोजगारी और सामाजिक तनाव के चलते हो रहे डिप्रेशन को कम करने में मदद मिलने जैसी बड़ी वजह भी है। इसके साथ ही मौजूदा पारिवारिक ढांचा और शिक्षा की कमी से हो रहे भटकाव तथा अज्ञानता भी नशे को बढ़ावा देने में मददगार बन रहा है। इसका सबसे बुरा असर हमारे कम उम्र के स्कूल और कॉलेज जाने वाले लड़के-लड़कियों पर भी बुरी तरह पड़ रहा है। थोड़ी सी मस्ती, अति उत्साह और सामाजिक आचार-विचार के प्रति बेरुखी के चलते खुद को बिंदास, बेपरवाह दिखाने के लिए ड्रिंक्स, स्मोकिंग, च्युइंग एडिक्शन जैसी आदतें अपनाने को वह अपने को आधुनिक और प्रगतिशील सिद्ध करने के लिये जरूरी मान बैठे हैं। दिल्ली और देश के शेष भागों में सूखे नशे में केवल तंबाकू या गुटखा ही नहीं इस्तेमाल हो रहा है। तस्करी चोरी के जरिए बड़े पैमाने पर गांजा, हेरोइन, स्मैक, चरस, कोकेन, मिथाइलीनडाइऑक्सी मेथाम्फेटामाइन (एमडीएमए), एक्स्टसी सिंथेटिक टैबलेट और पाउडर, मेफेड्रोन पाउडर और कैप्सूल तथा कोडीन मिला हुआ कफ सिरप को भी लाकर भी बेचा जा रहा है।

# शिक्षा में सामाजिक परिवर्तन व राष्ट्र निर्माण की अद्भुत शक्ति

किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

वैश्विक स्तरपर भारत कुछ वर्षों पूर्व से जिस तरह दुनियां के परिदृश्य में तीव्र गति से आ रहा है व भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री,उपराष्ट्रपति, लोकसभा अध्यक्ष सहित केंद्रीय मंत्री जिस तरह वैश्विक स्तरपर दुनियां के देशों में आतिथ्य,आमंत्रण व्यापार व्यवसाय प्रोद्योगिकी के विस्तार हेतु बैठके, संगोष्ठी, सम्मेलन करने जा रहे हैं उससे भारत के अनुसंधान नवाचार समावेशित उत्कृष्टता के लाभों में अत्यंत वृद्धि हो रही हे और हम अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता लाने में सफ़ल हुए हैं।यह बात आज हम इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि माननीय राष्ट्रपति 5 से 10 अगस्त 2024 तक 6 दिवसीय 3 देशों, फ़िजी न्यूज़ीलैंड तिमोर तेस्त यात्रा किए हैं,जिसमें न्यूज़ीलैंड में अंतरराष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन में भाग लेकर सम्मेलन को संबोधित भी किया, जहां विश्व को संदेश दिया कि शिक्षा में सामाजिक परिवर्तन व राष्ट्रीय निर्माण की अद्भुत शक्ति है।मेरा मानना है जो सीधे देश को विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है।

चूंकि न्यूजीलैंड में अंतरराष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन में भारत को सम्मानित देश के रूप में चुना गया है, इसलिए आज हम पीआईबी मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, वैश्विक स्तरपर प्रतिस्पर्धा क्षमता को बढ़ावा, बहू विषयक शिक्षा, शिक्षण परिदृश्य में व्यापक बदलाव लाना राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य है। साथियों बात कर हम माननीय राष्ट्रपति द्वारा न्यूजीलैंड अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन को संबोधित करने की करें तो न्यूजीलैंड में अंतरराष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन के दौरान पूरी दुनियां को अहम संदेश दिया।उन्होंने कहा शिक्षा हमेशा मेरे दिल के करीब रही है। मैंने शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति का प्रत्यक्ष अनुभव किया है। 21वीं सदी के भारत में शिक्षा प्रणाली की महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षा ने विभिन्न क्षेत्रों को ऐसे नेता दिए हैं जो न केवल भारत, बल्कि दुनिया भर में योगदान दे रहे हैं। शिक्षा सामाजिक परिवर्तन और राष्ट्र निर्माण का माध्यम है। भारत सरकार ने देश में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए कई कदम उठाए है।माननीया राष्ट्रपति ने अपने अगले कार्यक्रम के अंतर्गत न्यूजीलैंड अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन' को संबोधित किया, जहां इस वर्ष भारत को ही सम्मानित देश। चुना गया है।इस अवसर पर माननीया राष्ट्रपति ने अपने संबोधन के दौरान ज्ञान की खोज करने की समृद्ध भारतीय परंपरा और शिक्षा के क्षेत्र में हुई समकालीन प्रगति के बारे में विस्तार से बताया जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी शामिल है जिसका उद्देश्य बहु-विषयक शिक्षा, गहन सोच और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी क्षमता को बढ़ावा देकर



**शिक्षा ने विभिन्न क्षेत्रों को ऐसे नेता दिए हैं जो न केवल भारत, बल्कि दुनिया भर में योगदान दे रहे हैं। शिक्षा सामाजिक परिवर्तन और राष्ट्र निर्माण का माध्यम है। भारत सरकार ने देश में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए कई कदम उठाए है।माननीया राष्ट्रपति ने अपने अगले कार्यक्रम के अंतर्गत न्यूजीलैंड अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन' को संबोधित किया, जहां इस वर्ष भारत को ही सम्मानित देश। चुना गया है।इस अवसर पर माननीया राष्ट्रपति ने अपने संबोधन के दौरान ज्ञान की खोज करने की समृद्ध भारतीय परंपरा और शिक्षा के क्षेत्र में हुई समकालीन प्रगति के बारे में विस्तार से बताया जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी शामिल है जिसका उद्देश्य बहु-विषयक शिक्षा, गहन सोच और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी क्षमता को बढ़ावा देकर भारतीय शिक्षा परिदृश्य में व्यापक बदलाव लाना है।**

भारतीय शिक्षा परिदृश्य में व्यापक बदलाव लाना है। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड अनुसंधान एवं नवाचार, समावेशिता और उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपनी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रसिद्ध है। अनगिनत भारतीय विद्यार्थी न्यूजीलैंड के विभिन्न संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने विशेषकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग, व्यावसायिक व कौशल-आधारित प्रशिक्षण, जलवायु एवं पर्यावरण अध्ययन, सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रमों, अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्रों में दोनों देशों के संस्थानों के बीच और भी अधिक शैक्षणिक आदान-प्रदान एवं परस्पर सहयोग को प्रोत्साहित किया। इस बैठक के दौरान दोनों राजनेताओं ने भारत एवं न्यूजीलैंड के बीच गर्मजोशीपूर्ण व मैत्रीपूर्ण संबंधों की सराहना की और विभिन्न क्षेत्रों में परस्पर सहयोग पर चर्चा की। उन्होंने विशेषकर व्यापार और कारोबार के माध्यम से पारस्परिक रूप से लाभप्रद सहयोग औरसाझेदारियां सुनिश्चित करके भारत-न्यूजीलैंड आर्थिक संबंधों के दायरे को व्यापक बनाने के प्रयासों को जारी रखने की आवश्यकता पर सहमति जताई।

साथियों बात अगर हम न्यूजीलैंड भारत मज़बूत जुड़ाव में शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में अवसरों संबंधी संदेश की करें तो,इस अवसर पर अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड ने पिछले कुछ वर्षों में गर्मजोशीपूर्ण और मैत्रीपूर्ण जुड़ाव विकसित किया है, जो लोकतंत्र और कानून के शासन में निहित साझा मूल्यों पर आधारित है। दोनों ही देश विविधता और समावेशिता को विशेष महत्व देते हैं जो हमारे समाज के बहुसांस्कृतिक ताने-बाने में बिल्कुल स्पष्ट है।माननीया राष्ट्रपति ने कहा कि भविष्य पर एक नजर डालने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि न्यूजीलैंड के साथ हमारे जुड़ाव को मजबूत करने और परस्पर सहयोग के नए रास्ते तलाशने की अपार संभावनाएं हैं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हरित प्रौद्योगिकी, कृषि प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष की वाणिज्यिक खोज के क्षेत्र में परस्पर सहयोग के लिए अपार अवसर हैं।माननीया राष्ट्रपति को यह जानकर खुशी हुई कि वैश्विक क्षेत्र में भारत और न्यूजीलैंड ने जलवायु परिवर्तन, सतत विकास और अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए लगातार मिलकर काम किया है।राजकीय यात्रा के दौरान दोनों राजनेताओं के बीच अभूतपूर्व गर्मजोशीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण संवाद से उनके बीच विशेष जुड़ाव और आत्मीयता सामने आई। गवर्नर जनरल डेम सिंडी किरो इस पद पर आसीन होने वाली माओरी मूल की प्रथम महिला हैं, जबकि माननीया राष्ट्रपति जनजातीय समुदाय से भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति हैं। दोनों राजनेताओं की शिक्षा के क्षेत्र में भी समान रुचि और अनुभव है। साथियों बात अगर हम राष्ट्रपति के तीनों देशो की यात्रा के महत्व की करें तो, विदेश मंत्रालय में सचिव ने शुक्रवार को नई दिल्ली में बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 5 से 10 अगस्त तक 3 देशों फिजी, न्यूजीलैंड और तिमोर लेस्ते की यात्रा की। भारत के राष्ट्रपति की फिजी और तिमोर लेस्ते की यह पहली यात्रा थी। उन्होंने कहा कि की एक्ट ईस्ट नीति के अंतर्गत दक्षिण-पूर्व एशिया और प्रशांत क्षेत्र पर भारत ने विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित किया है। ये तीनों देश भारत की एक्ट ईस्ट नीति के तहत आते है।

इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि भारत और फिजी के बीच राजनयिक संबंधो को 78 वर्ष पूरे हो गये हैं। भारत, फिजी का प्रमुख विकास भागदार रहा है।विदेश मंत्रालय ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कहा कि एक्ट ईस्ट नीति को आगे बढ़ाते हुए ! राष्ट्रपति न्यूजीलैंड और तिमोर-लेस्ते की तीन देशों की यात्रा पर रवाना हुईं।

## विचार

# स्वदेश के लिए सबसे कम उम्र में फांसी पर चढ़े खुदीराम बोस

डॉ. आनंद सिंह राणा

एक बार विदाई दे मां, घूरे आसी..हंसी हंसी पोरबो फांसी देखबे भारतवासी! (ओ मां मुझे एक बार विदा दो तनिक घूमकर आता हूं...हंसता-हंसता फांसी के फंदे में चढ़ जाऊंगा और सारे भारतवासी देखेंगे)। महान क्रांतिकारी खुदीराम बोस की ये पंक्तियां जहां एक मार्मिक संवेदना उत्पन्न करती हैं तो दूसरी ब्रितानी सरकार के विरुद्ध स्वदेश के लिए सर्वस्व अर्पित करने की प्रेरणा देती हैं। सन् 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के उपरांत महारथी खुदीराम बोस ही प्रथम क्रांतिकारी थे जो सबसे कम उम्र( 18 वर्ष 8 माह 8 दिन )में फांसी पर चढ़ा दिये गये थे। ये वही बंगाल है जहां से राष्ट्रवाद की भावना प्रबल हुई थी, परंतु वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बंगाल बिखर रहा है, अपने ही अपनो को मिटा रहे हैं, यह देख कर खुदीराम बोस की आत्मा भी रोती होगी। इसलिए स्वाधीनता के अमृतकाल में महान क्रांतिकारी खुदीराम बोस के बलिदान की गाथा जन- जन तक पहुंचना ही चाहिए। वे लोग कोई और ही थे। कौन थे? ये दीवाने, कौन थे? वे पागल, जिन्हें केवल एक प्रेम, देश प्रेम था। जिन्हें केवल एक धुन राष्ट्र धुन थी और जिनका केवल एक लक्ष्य था भारत



मां की स्वतंत्रता! फिर चाहे स्वयं का शरीर बेड़ियों में जकड़ कर कोड़ों से क्यों ने उधेड़ दिया, जाए लेकिन तेरा वैभव अमर रहे मां, हम दिन चार रहें न रहें गाते हुए फांसी पर झूल जाने वाले कई नामों को हम जानते भी नहीं। जिन्हें जानते हैं उन्हें भी प्रकारांतर से कभी आतंकवादी, लुटेरा डकैत और फासिस्ट कहा गया। इसी कड़ी में खुदीराम बोस भी आते हैं। 18 साल 8 माह 8 दिन की बांकी उम्र में फांसी का फंदा चूम लिया। इस उम्र में जब आज के अधिकतर नौजवान यारी-दोस्ती और मौज-मस्ती को ही जीवन का ध्येय और पर्याय समझ रहे होते हैं तब एक समय में इसी उम्र का नौजवान हाथ में गीता लेकर भारत माता की जय बोलते हुए फांसी के फंदे पर झूल गया। इस महारथी का नाम था खुदीराम बोस। पं. बंगाल के मिदनापुर जिले में बाबू त्रैलोक्यनाथ बोस धर्मात्मा कायस्थ थे। उनकी पत्नी लक्ष्मीप्रिया देवी भी एक हाथ से धैर्य-धर्म को थामें रखतीं

**यह शुभ संस्कारों का ही प्रभाव था कि 3 दिसम्बर 1889 के दिन जब बोस दंपति के घर बालक ने जन्म लिया तो उसका नाम रखा खुदीराम अर्थात शुभ लक्षणों वाला यह राम खुद्दारी की परिभाषा सार्थक करने वाला था। तो फिर वह अंग्रेजों की दासता को कैसे स्वीकार कर लेता। जैसे उजियारे पक्ष का चंद्रमा एक-एक रोज करके बढ़ता रहता है, बालक भी एक-एक वर्ष बढ़ता गया और हर उम्र के साथ उसमें देश को स्वतंत्र करा लेने की जिजीविषा बढ़ती गई।**

और दूसरे हाथ में स्वदेश प्रेम की डोर लिए चलतीं। यह शुभ संस्कारों का ही प्रभाव था कि 3 दिसम्बर 1889 के दिन जब बोस दंपति के घर बालक ने जन्म लिया तो उसका नाम रखा खुदीराम अर्थात शुभ लक्षणों वाला यह राम खुद्दारी की परिभाषा सार्थक करने वाला था। तो फिर वह अंग्रेजों की दासता को कैसे स्वीकार कर लेता। जैसे उजियारे पक्ष का चंद्रमा एक-एक रोज करके बढ़ता रहता है, बालक भी एक-एक वर्ष बढ़ता गया और हर उम्र के साथ उसमें देश को स्वतंत्र करा लेने की जिजीविषा बढ़ती गई। यह जिजीविषा एक दिन इतनी बढ़ी की नवीं कक्षा के छात्र खुदीराम बोस ने पढ़ाई छोड़ दी और स्वदेशी आंदोलन में कूद पड़े। परंतु यह केवल प्रारंभ था, बालक बोस को अभी लंबी दूरी तय करनी थी। स्वदेशी आंदोलन जारी तो था, लेकिन बोस के विचारों में केवल इतना होना ही पर्याप्त नहीं था। यह आवश्यक था कि समग्र जनता में चेतना आए और वह घरों से निकल पड़ें और बरतानिया शासन को जड़ से उखाड़ फेकें। स्वदेशी आंदोलन में अनेक ऐसे ही क्रांतिकारियों का साथ बोस को मिला और मां के सपूतों का कारवां बढ़ चला। सन 1906 में अंग्रेज सिपाही को मुक्कामारने के साथ ही खुदीराम बोस में क्रांतिकारी बदलाव आया।

मिदनापुर में एक औद्योगिक तथा कृषि प्रदर्शनी लगी हुई थी। खुदीराम ने इस प्रदर्शनी में आए लोगों को सोनार बांग्ला जिसे कि सत्येंद्रनाथ ने लिखा था। यह बेहद ज्वलंत विषय पर लिखा गया पत्रक था। एक पुलिस वाले ने उन्हें यह पत्र बांटते देखा तो पकड़ने दौड़ा, तेजतर्रार खुदीराम बोस ने सिपाही के मुंह पर घूंसा मार दिया और पत्रक को लेकर वहां से आसानी से भाग निकले। प्रकरण पर अभियोग चलाया गया, लेकिन गवाह न मिलने पर बोस निर्दोष छूट गए। सन् 1905 में अंग्रेजों ने बंगाल का विभाजन कर दिया गया। लॉर्ड कर्जन इसे अंजाम देने वाला था, जिसके विरोध में लोग सड़कों पर उतर आए थे। इन क्रांतिकारियों के दमन के लिए मजिस्ट्रेट किंग्सफोर्ड को भेजा गया। किंग्सफोर्ड के दमनकारी तरीके बेहद क्रूर थे। उसने कई निर्दोषों को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया। अंग्रेजी सरकार ने इस दरिंदे को बदले में सम्मान देकर मुजफ्फरपुर में सत्र न्यायाधीश बना दिया।

अतः युगांतर समिति ने बदले की योजना बनाई। बंगाल में क्रांतिकारियों की एक समिति युगांतर इस पूरी दमनकारी नीति से रोष में थी। बोस पहले ही इससे जुड़ चुके थे। एक गुप्त बैठक में तय हुआ कि किंग्सफोर्ड को उसके किए की सजा तो मिलनी ही चाहिये और तब दो नाम क्रमशः प्रफुल्लकुमार चाकी और खुदीराम बोस के तय हुए।

खुदीराम को एक बम और पिस्तौल दी गई। प्रफुल्लकुमार को भी एक पिस्तौल दी गई। अब दोनों को अपना लक्ष्य साधने के लिए रवाना किया गया। किंग्सफोर्ड को भी अपने विरुद्ध हो रही इस योजना की जानकारी कहीं से मिल गई थी। दोनों ही क्रांतिकारी बेहद सतर्क थे,सबसे पहले दोनों ने किंग्स फोर्ड के बंगले की निगरानी की।

# अब बांग्लादेश से कौन करेगा द्विपक्षीय व्यापार

योगेश कुमार सोनी

बांग्लादेश में जो कुछ हुआ, उसका बड़ा खामियाजा उसे भुगतना पड़ सकता है। सरकारी नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर हुए इस आंदोलन की परिणति शेख हसीना की निर्वाचित सरकार के पतन के रूप में हुई है। यही नहीं शेख हसीना को जान बचाकर बांग्लादेश छोड़कर भागना पड़ा। इस सारे घटनाक्रम की पृष्ठभूमि को समझने के लिए कुछ पीछे लौटना होगा। बांग्लादेश को 1971 में स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में चिह्नत किया गया। 1972 में उसे बतौर देश मान्यता मिली। 1972 में तत्कालीन सरकार ने मुक्ति संग्राम में हिस्सा लेने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और उनके वंशजों को सरकारी नौकरियों में 30 फीसदी आरक्षण देने का प्रावधान किया, लेकिन इसका लगातार विरोध हुआ। वर्ष 2018 में सरकार ने इस व्यवस्था को खत्म कर दिया।

इस साल जून में हाई कोर्ट के फैसले ने इस आरक्षण प्रणाली को खत्म करने के फैसले को गैरकानूनी बताते हुए इसे दोबारा लागू कर दिया। हाई कोर्ट के फैसले के बाद बांग्लादेश में बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। शेख हसीना सरकार ने हाई कोर्ट के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। अगली सुनवाई सात अगस्त को होनी थी। इससे पहले विरोध प्रदर्शन तेज हो गया। नौजवान सरकार के इस्तीफे की मांग करते हुए सड़कों पर उतर आए। मारकाट मचने लगी। आंदोलनकारियों ने प्रधानमंत्री शेख हसीना के बातचीत के न्योते को भी ठुकरा दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस थानों, पुलिस चौकियों, सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यालयों और उनके नेताओं के घरों पर हमले शुरू कर वाहनों को आग लगानी शुरू कर दी। इस तरह छात्रों का यह आंदोलन कट्टर इस्लामिक पंथियों के पंजों में चला गया। लड़ाई वर्चस्व में बदल गई। कट्टरपंथियों ने इस आड़ में बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं पर अत्याचार शुरू कर दिए। मंदिरों को धराशायी किया जाने लगा। साधुओं की हत्या की जाने लगी। हिंदुओं की दुकानें लूट ली गईं। हिंदू लड़कियों और औरतों की इज्जत तार-तार की गई। दरअसल बांग्लादेश पर चाइना, पाकिस्तान व अमेरिका जैसे देशों की निगाह बहुत लंबे समय से थी। बीते बुधवार खुलासा हुआ कि अमेरिका ने हिंद महासागर में स्थित एक ऑस्ट्रेलियाई द्वीप समूह पर मिलिट्री बेस स्थापित करने की योजना बनाई है। यह द्वीप समूह मलक्का जलडमरूमध्य के पास स्थित है। इस जलडमरूमध्य से होकर चीन के आधे से अधिक तेल का आयात होता है। अमेरिका यहां से चीनी पनडुब्बियों की भी निगरानी कर सकता है। यह खुलासा बांग्लादेश में हिंसा शुरू होते ही हुआ। बताया गया है कि अमेरिका, भारत के पूर्वी इलाके में भी एक ठिकाना चाहता है जिससे थाईलैंड व हिंद प्रशांत में अपनी निगरानी रख सके। इन देशों के साथ बांग्लादेश की अंतरिम सरकार किसके करीब होगी, यह फिलहाल भविष्य के गर्भ में है।

बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच अंतरिम सरकार के कार्यवाहक के तौर पर नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस शपथ भी ले चुके हैं। इस अंतरिम सरकार पर कई संवैधानिक सवाल भी खड़े होने लगे हैं। मोहम्मद यूनुस के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती कानून व्यवस्था को पटरी पर लाने की होगी। साथ ही आरक्षण के मुद्दे पर उन्हें अग्निपथ से गुजरना पड़ेगा। इसके अलावा सबसे बड़ी व अहम चुनौती यह है कि अब बांग्लादेश के पड़ोसी देशों से द्विपक्षीय रिश्ते कैसे होंगे। शेख हसीना के भारत से रिश्ते हमेशा बेहतर रहे हैं। इसका सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि वो 57 इस्लामिक राष्ट्रों को छोड़कर भारत पहुंचीं।

ऐसे में सवाल यह है कि क्या भारत अब बांग्लादेश से व्यापारिक संबंध बनाए रखेगा। उल्लेखनीय है कि भारत से बांग्लादेश हर वर्ष दस हजार करोड़ के ऑटो पार्ट्स जाते हैं। ऐसे समझिए की वहां की ऑटो पार्ट्स इंडस्ट्री भारत से ही चलती है व इसके अलावा कई तरह की वस्तुओं का बड़े स्तर आयात-निर्यात होता है। साथ ही श्रीलंका व पाकिस्तान के साथ किस तरह का व्यापार रहेगा वह भी साफ नहीं है।



# राशिफल

**मेषः-** भावना और संवेदनशीलता में बहकर स्त्रीवर्ग से सम्बंध न बांधें। मन दुविधा में रहने से निर्णय लेने में बाधा आ सकती है। प्रवास टालें

**वृषभः-** आपको वाद-विवाद में अच्छी सफलता मिलेगी। परिश्रम की अपेक्षा कम प्राप्ति होने पर भी अपने कार्य में आप अग्रसर हो सकेंगे।

**मिथुनः-** आप वाक्चातुर्य से मीठे सम्बंध बांध सकेंगे, जो कि भविष्य में आपके लिए लाभदायी सिद्ध होंगे। वैचारिकरुप से समृद्धि बढ़ेगी।

**कर्कः-** आज का दिन प्रफुल्लितता से भरा रहेगा। नए कार्य का आरंभ भी आज कर सकते हैं। मित्रों और स्नेहीजनों से भेंट होने से आनंद हो सकता है।

**सिंहः-** आपके लिए मिश्र फलदायी है आज का दिन। परिजनों के साथ आप अच्छी तरह से समय बिताएंगे। उनका सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्याः-**आज का दिन परोपकार और सदभावनाओं में बीतेगा। मानसिक रूप से कार्यभार अधिक रहेगा। आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

**तुलाः-** आज का दिन आपके लिए प्रतिकूल रहने से सावधानी बरतने की गणेशजी सलाह देते हैं। आज आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

**वृश्चिकः-** आज का दिन आपके लिए लाभदायी है। मित्रों के साथ भेंट होगी तथा उनके साथ घूमने-फिरने, आनंद-प्रमोद करने में खर्च होगा।

**धनुः-** आपकी यश, कीर्ति और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में उच्च पदाधिकारी खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी। स्वास्थ्य बना रहेगा।

**मकरः-** बौद्धिक कार्य या साहित्य लेखन जैसी प्रवृत्तियों के लिए आज अनुकूल दिन है। व्यवसाय के क्षेत्र में प्रतिकूल वातावरण आपके मन को अस्वस्थ करेंगे।

**कुंभः-** आपको आज निषेधात्मक कार्यो और नकारात्मक विचारों से दूर रहने की सलाह देते हैं। झगड़े- विवाद से बचें, क्रोध और वाणी पर संयम रखें।

**मीनः-** दैनिक कार्यो से बाहर निकल कर आज आप घूमने-फिरने और मनोरंजन के पीछे समय बिताएंगे। व्यवसाय में भागीदारी के लिए शुभ समय है।

# भारत को लोकतांत्रिक जीवन मूल्यों पर टिकने के लिए सभी वक्फ बोर्ड भंग करने होंगे

डॉ. नितिन सहरिया

मुस्लिम वक्फ बोर्ड दरअसल कांग्रेस और जवाहरलाल नेहरू की लैंड जिहाद यानी भारत के इस्लामीकरण की एक बड़ी सौगात है। वस्तुतः यह आरोप कितना सच है, वह अब सामने आ रहा है, जबकि देश भर में वक्फ के पास सेना, रेलवे के बाद तीसरे नंबर पर सबसे अधिक भूमि का होना पता चलता है। भारत में कांग्रेस हिंदुओं को धोखे में रखकर भारत के इस्लामी करण में विगत 75 वर्षों से लगी हुई है। वह तो शुक्र है कि इस देश में भारत भक्तों की कोई कमी नहीं, है, जो देशवासियों को जगाने ,बचाने ,छल-कपट से दूर करने के कार्य में लगे हुए हैं । अन्यथा यह देश (भारत) आज से 40 वर्ष पूर्व ही सदा के लिए गुलाम/ नष्ट हो जाता। जवाहरलाल नेहरू ने 1954 में एक कमेटी बनाकर देश की संसद में एक बिल लाकर के वक्फ बोर्ड बनाया। आज यह वक्फ बोर्ड भारत में सेना व रेल मंत्रालय के बाद सबसे अधिक जमीन 9 लाख एकड़ पर कब्जा किए हुए हैं। इसको असीमित शक्तियां नेहरू ने प्रदान की हैं। यह जिस किसी वस्तु/संपत्ति पर यह उंगली रख दे, वही इसकी हो जाती है।

इस संबंध में प्रोटेक्टेड प्रॉपर्टी को वक्फ




बोर्ड की प्रॉपर्टी घोषित करने पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय न्यायमूर्ति गुरपाल सिंह अहलूवालिया का दिया हाल का वक्तव्य देखा जा सकता है। यहां इन्होंने कहा, ताज महल, लाल किले को भी वक्फ बोर्ड की संपत्ति घोषित कर दो! आपके घर को भी वक्फ सम्पति घोषित कर फिर से इस न्यायालय को भी वक्फ संपत्ति घोषित कर फिर से एक-एक कर के नोटिस क्यों देते हो, एक साथ पूरे भारत को वक्फ संपति घोषित कर दो! ये है वक्फ एक्ट। आज इंडी गठबंधन, कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल संसद में लाए गए वक्फ विधेयक की कड़ी आलोचना कर रहे हैं । वे वक्फ कानून में प्रस्तावित बदलावों को असंवैधानिक, अल्पसंख्यक विरोधी और विभाजनकारी बता रहे हैं । किंतु क्या वे इस बात को नकार सकते हैं, कि उसमें कमियां नहीं हैं? क्या अभी की व्यवस्था सही कही जा सकती है कि जहां भी वक्फ कह दे कि यह भूमि उसकी है, उसके बाद वह उसकी हो जाती है, जबकि असली मालिक फिर दर-दर यह सिद्ध करने के लिए भटकता रहता है कि यह भूमि, मकान वक्फ का नहीं उसका है।

**जबलपुर हाई कोर्ट ने वक्फ के खिलाफ जो बोला है, वह वर्तमान की हकीकत है, जिसे कोई भी नकार नहीं सकता है। इसलिए आज यह जरूरी हो गया है कि वक्फ के नियमों में यह जरूरी किया जाए कि कोई भी व्यक्ति तब तक कोई संपत्ति को वक्फ को दान नहीं कर सकता जब तक कि वह संपत्ति का वैध मालिक न हो और ऐसी संपत्ति को हस्तांतरित या समर्पित करने के लिए न सक्षम हो। इस प्रावधान से वैसी संपत्तियों पर वक्फ पर कब्जे रुकेंगे जो किसी के नाम से दर्ज नहीं हैं। अभी जिस तरह से इस अधिनियम के प्रारंभ से पहले या बाद में वक्फ संपत्ति के रूप में पहचानी या घोषित की गई सरकारी संपत्ति को वक्फ संपत्ति माना लिया जाता है, बिना किसी जांच किए बगैर, वह रुकना जरूरी है। क्योंकि कहने भर से कोई भी सरकारी संपत्ति वक्फ प्रॉपर्टी नहीं हो सकती है। कायदे से वक्फ के रूप में दी गई संपत्ति सरकारी भूमि है या नहीं। इस बारे में कलेक्टर को उचित जांच करके संपत्ति की पहचान करना चाहिए और अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजना चाहिए तब जाकर तय होना चाहिए कि इस भूमि का असली मालिक कौन है।**

जबलपुर हाई कोर्ट ने वक्फ के खिलाफ जो बोला है, वह वर्तमान की हकीकत है, जिसे कोई भी नकार नहीं सकता है। इसलिए आज यह जरूरी हो गया है कि वक्फ के नियमों में यह जरूरी किया जाए कि कोई भी व्यक्ति तब तक कोई संपत्ति को वक्फ को दान नहीं कर सकता जब तक कि वह संपत्ति का वैध मालिक न हो और ऐसी संपत्ति को हस्तांतरित या समर्पित करने के लिए न सक्षम हो। इस प्रावधान से वैसी संपत्तियों पर वक्फ पर कब्जे रुकेंगे जो किसी के नाम से दर्ज नहीं हैं। अभी जिस तरह से इस अधिनियम के प्रारंभ से पहले या बाद में वक्फ संपत्ति के रूप में पहचानी या घोषित की गई सरकारी संपत्ति को वक्फ संपत्ति माना लिया जाता है, बिना किसी जांच किए बगैर, वह रुकना जरूरी है। क्योंकि कहने भर से कोई भी सरकारी संपत्ति वक्फ प्रॉपर्टी नहीं हो सकती है। कायदे से वक्फ के रूप में दी गई संपत्ति सरकारी भूमि है या नहीं। इस बारे में कलेक्टर को उचित जांच करके संपत्ति की पहचान करना चाहिए और अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजना चाहिए तब जाकर तय होना चाहिए कि इस भूमि का असली मालिक कौन है। मौजूदा वक्फ कानून में ऐसे विवाद का फैसला करने का अधिकार ट्रिब्यूनल के पास है। जबकि यह अधिकार हर जिले में कलेक्टर के पास होना चाहिए। नहीं, तो आगे भी वक्फ बोर्ड किसी भी जमीन को अपना बताता रहेगा और जमीनों से जुड़े विवाद कम होने का नाम ही नहीं लेंगे। वक्फ बोर्ड में सुधार के स्तर पर यह भी आवश्यक है कि वक्फ संपत्तियों की ऑडिटिंग विधिवत सरकार की देखरेख में हो, जिससे कि यहां व्याप्त भारी आर्थिक अनियमितताओं में कमी लाई जा सके, जोकि कार्य अभी नहीं होता है। यही कारण है कि आए दिन वक्फ बोर्ड से जुड़ी संपत्तियों पर अनेक स्थानों पर आर्थिक भ्रष्टाचार के मामले चल रहे हैं। इन सभी को पूरी तरह से रोकने और भारत में बढ़ते अतिवादी मतान्धता को रोकने के लिए आज यह बेहद जरूरी हो गया है कि वह वक्फ बोर्ड के नियमों में आमूलचूल परिवर्तन करे, जोकि वह करने जा रही है ।

वास्तव में यदि भारत को अपने लोकतांत्रिक जीवन मूल्यों पर टिके रहना है तो सभी पर्सनल बोर्ड और वक्फ बोर्ड भंग करने होंगे, इसी में देश का हित निहित है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

## हिंदू स्वाभिमान समिति ने बांग्लादेश की घटना के विरोध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



हिंदू स्वाभिमान समिति के बैनर तले शनिवार को हिंदू समाज के लोगों ने बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही लूटपाट और अत्याचार व हत्याओं के विरोध में विश्व स्तर पर मांग उठाकर हिंदुओं की रक्षा करने के लिए प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी सदर जितेन्द्र कुमार को सौंपा है।

शनिवार को हिंदू समाज के लोगों के द्वारा हिंदू स्वाभिमान समिति के बैनर तले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी जितेंद्र सिंह को सौंपा गया है जिसमें हिंदू समाज के लोगों ने कहा कि बांग्लादेश में राजनीतिक दलों के द्वारा आरक्षण के लिए सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कराया जा रहा है और उग्र प्रदर्शन में अब हिंदुओं का सरेआम कत्लेआम कर मंदिर तोड़े जा रहे हैं और उनके घर मकान को जलाया जा रहे हैं तो वहीं दुकानों को लूटा जा रहा जिसे दुनिया मूकदर्शक बन कर देख रही है।और कहा की हिंदू समाज हमेशा ही विश्व के कल्याण की कामना करता है परंतु पूरा विश्व देख रहा है कि बांग्लादेश में किस तरह से हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है लेकिन उनके लिए कोई आवाज नहीं उठा रहा है और बताया कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक है वहां की लगभग 17 करोड़ की आबादी में मात्र 8% हिंदू आबादी है। समाज के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील करते हुए कहा कि हिंदुओं की सुरक्षा के लिए, वैश्विक स्तर पर मांग उठाए जाए, और हिंदुओं की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाने की मांग की है। इस मौके पर हिंदू संगठन के सतेन्द्र प्रताप मिहिलाल, अंकित राजपूत ,राम रतन सेन, कमलेश रैकवार,अर्पित चौरसिया, योगेश समेत समाज के अन्य लोग मौजूद रहे हैं।

## सदस्यता अभियान चलाकर युवाओं को दिलाई समाजवादी पार्टी की सदस्यता



**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

समाजवादी युवजन सभा लोहिया वाहिनी यूथ ब्रिगेड छात्रसभा की सामूहिक बैठक सपा कार्यालय महोबा में संपन्न हुई

कार्यक्रम की अध्यक्षता स पा जिलाध्यक्ष शोभालाल यादव ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में सपा लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव प्रमोद यादव रहे।

लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष धीरेंद्र यादव व उपाध्यक्ष फ़रहत उल्ला ने सदस्यता अभियान चलाकर सैंकड़ो युवाओं को समाजवादी पार्टी की सदस्यता दिलाई।

इस मौक़े पर यूथ के चारों इकाइयों के अध्यक्ष मौजूद रहे कायर्क्रम में धीरेंद्र यादव, कैलाश कुशवाहा, लवकेश राजपूत, गंगा सिंह यादव, अंकित सिंह पटेल ननौरा आदि लोग उपस्थित रहे ।

## स्वच्छ सारथी क्लब के तत्वाधान में जीजीआईसी में वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

▸ स्वच्छता पर वार्ता एवं विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के अन्तर्गत शासन की मंशा के अनुसार स्वच्छता एवं मिशन के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से विद्यालयों में गठित स्वच्छ सारथी क्लब के तत्वाधान में जीजीआईसी में वाद-विवाद प्रतियोगिता, स्वच्छता पर वार्ता एवं विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

शनिवार को जनपद मुख्यालय स्थित राजकीय बालिका इण्टर कालेज महोबा में स्वच्छ सारथी क्लब की छात्राओं ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। स्वच्छता पर वार्ता के क्रम में छात्राओं को घर, आसपास एवं विद्यालयों में साफ-सफाई रखने के फायदे एवं कारण विस्तार से बताये गये। साथ ही छात्राओं को घर में उत्पन्न होने वाले खतरनाक कचरे के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। बताया गया कि बल्व, ब्लेड, काँच, बैटरी की प्लेट एवं कीटनाशक दवाओं के कण्टेनर आदि खतरनाक कचरे की श्रेणी में आते इसलिए इनका रख-रखाव बहुत ही सुरक्षित ढंग किया जाना आवश्यक है, जिससे किसी प्रकार की क्षति न पहुँचे।

स्वच्छ सारथी क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की अध्यक्षता कालेज की प्रधानाचार्य सरगम खरे द्वारा की गयी। कार्यक्रम के संयोजक जिला कार्यक्रम प्रबंधक, स्वच्छ भारत मिशन नगरीय जन्मेजय सिंह रहे।

## खबरें एक नजर में

### कबरई पुलिस ने जुआ खेल रहे चार अभियुक्तों को दबोचा



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध रुप से संचालित जुंआ/सट्टा की प्रभावी रोकथाम हेतु ऐसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक व दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई नागेन्द्र कुमार नागर द्वारा गठित की गई उप निरीक्षक प्रशांत दीक्षित मय हमराह उप निरीक्षक सूर्यभान सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र में सार्वजनिक स्थान पर ताश के पत्तों से हारजीत की बाजी लगा कर रुपये से जुआ खेल रहे अभियुक् अखिलेश प्रजापति पुत्र बृन्दावन उम्र 22 वर्ष, मनीष कुमार प्रजापति पुत्र रामदास प्रजापति उम्र 21 वर्ष, गोकुल प्रजापति पुत्र राधाचरन प्रजापति उम्र 50 वर्ष व मुकेश कुशवाहा पुत्र स्व0 हीरालाल उम्र 27 वर्ष समस्त निवासीगण मोहल्ला राजीवनगर कस्वा व थाना कबरई जनपद महोबा को ग्राम धरौन थाना कबरई के पास से नियमानुसार हिरासत में लिया गया ।जिनकी जामा तलाशी से 530/- रुपये, माल फड 1790/- रुपये व 52 ताश पत्ते बरामद हुये ।बरामदगी के आधार पर थाना कबरई में अभियुक्तों के विरुद्ध मु0अ0सं0 218/24 धारा 13 जी एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### दस लाख रुपये की मांग, रिपोर्ट दर्ज

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** महिला ने पति को बंधक बना कर अन्य राज्य में ले जाकर जबरन जुआं खिलाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। महिला उक्त लोगों पर दस लाख रुपए की मांग व खेती नाम करने का आरोप लगाया है। कोतवाली के कुर्रा गांव निवासी रेखा पत्नी भूपेंद्र लोधी ने पुलिस को बताया कि चार माह पहले वह अपने मायके इटैलियाबाजा गई थी। तभी गांव का तेज प्रताप यादव, आशीष राजपूत, उमेश राजपूत और चार अज्ञात लोग उसके पति को बंधक बनाकर मप्र के छतरपुर ले गए और पति को जबरन जुआं में बैठा दिया। दो दिन बाद उक्त व्यक्ति उसके पति को घर छोड़ गए। जब वह अपने ससुराल कुर्रा पहुंची तो उसके पति ने पूरी बात बताई। तीन चार दिन बाद उक्त व्यक्ति उसके घर पर आए और दस लाख रुपए की मांग करने लगे। कहने लगे कि खेती नाम कर दो। बताया कि उसके पति ने रुपए देने से मना किया तो वह उसके पति को पकड़ कर ले गए। दस लाख रुपए न देने पर पति को जान से मारने की धमकी दी। बताया कि उसने कोतवाली व सीओ को प्रार्थना पत्र दिया था। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोग रंगदारी मांग रहे हैं। रंगदारी न देने पर उसे उठा ले जाने की धमकी दे रहे हैं। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच कराई जा रही है।

### भेड़िए ने तीन मासूमों पर किया हमला, नाराज ग्रामीणों में हाईवे पर लगाया जाम





▸ एक महीने में तीन मासूमों की जा चुकी है जान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के हरदी इलाके में आदमखोर भेड़ियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले एक महीने में भेड़ियों के हमले में तीन मासूमों की जान जा चुकी है। ताजा मामला ग्राम गंगापुर और बमभौरी का है, जहां बीती रात भेड़ियों ने अलग-अलग घरों में घुसकर तीन बच्चों पर हमला कर दिया ।रात के समय भेड़ियों ने सात साल की मासूम कांति बारह साल के अजीत कुमार और आठ साल की पल्लवी पर हमला कर दिया ।चीख पुकार सुनकर ग्रामीण लाठी डंडे लेकर आए, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर भेड़िया भाग निकला। इस हमले में तीनों मासूम गंभीर रूप से घायल हो गए। पिछले एक महीने में हरदी इलाके के विभिन्न गांवों में भेड़ियों के हमले से तीन मासूमों की मौत हो चुकी है ।और दस से अधिक लोग घायल हो चुके हैं ।वन विभाग ने पिंजरे में दो भेड़ियों को कैद भी किया है। लेकिन हमले थमने का नाम नहीं ले रहा है। इलाके में कई भेड़ियों की उपस्थिति की आंशका जताई जा रही है। भेड़ियों के लगातार हमलों से नाराज ग्रामीणों ने शनिवार दोपहर को बहराइच -सीतापुर हाईवे जाम कर दिया। वे चाहते थे कि भेड़िए को शीघ्र पकड़ा जाए और सुरक्षा सुनिश्चित कराई जाए। सूचना पर वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि भेड़िया जल्द पकड़ा जाएगा। इसके बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम को हटा दिया। प्रभागीय वनाधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि वन विभाग ने दो भेड़ियों को पिंजरे में कैद किया है। और और भेड़ियों को पकड़ने के लिए कांबिंग जारी है। उन्होंने आश्वस्त किया कि इलाके में मौजूद बाकी भेड़ियों को शीघ्र पकड़ा जाएगा। ताकि स्थानीय लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कराई जा सके। ग्रामीणों की चिंता और आक्रोश को देखते हुए अधिकारियों ने समस्या के समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया।

## होमगार्ड जवानों ने मां के नाम लगाए पौधे, ली सुरक्षा की जिम्मेदारी

**घाटमपुर समृद्धि न्यूज।**



वृक्षारोपण महोत्सव के रूप में जिले के होमगार्ड जवानों ने अपनी मां के नाम एक-एक पेड़ लगाकर उनकी सुरक्षा की भी जिम्मेदारी संभाली है बताया जाता है बीते दिनों जिला कमांडेंट प्रीति शर्मा ने जिले के सभी होमगार्ड जवानों से अपील की थी कि वह वन महोत्सव के रूप में वृक्षारोपण कर पर्यावरण के सुधार में सहयोग करें जो होमगार्ड जहां चाहे वहां दो पेड़ लगाए जिसमें एक पेड़ मां के नाम भी लगे इसी के तहत आज शनिवार को जिले के होमगार्ड जवानों ने मां के नाम एक-एक पेड़ लगे होमगार्ड जवानों ने समाज के अन्य वर्ग के लोगों से भी अपील की है कि वह भी जहां भी चाहे अपनी मां के नाम एक पेड़ जरूर लगाए।

## शिध्यवती परापातर ने आकांक्षा बगवाहा को दी पटखनी

**कुलपहाड़ (महोबा), समृद्धि न्यूज।**



नागपंचमी के अवसर पर बाघ विराजन मंदिर में आयोजित दंगल में पहलवानों की कुश्ती के दांवपेंच देखने को भारी भीड़ जुटी। इस दौरान रोमांचक कुश्ती में ब्रजराज पहलवान ने बद्री को पांच मिनट में धूल चटा दी, व शिध्यवती ने आकांक्षा को,रवि ने कल्लू को,मयंक ने मनीष को,महेंद्र ने लालचंद को पटखनी दी जबकि तमाम कुश्तियां बराबरी पर छूटीं।

दंगल का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष कुलपहाड़ वैभव अरजरिया ने पहलवानों के हाथ मिलाकर कराया। पहला मुकाबला नौगांव के कल्लू और महोबा के रवि पहलवान के बीच हुआ। चार मिनट तक चली कुश्ती में रवि ने कल्लू को चारों खाने चित्त कर दिया। वहीं महिला पहलवानों में सिध्वती ने आकांक्षा को हरा दिया।

वहीं महेंद्र गुढ़ा ने दांवपेंच दिखाते हुए बम्होरी के लालचंद पहलवान को पटखनी दी। कुलपहाड़ के ब्रजेंद्र और इधर तमाम कुश्तियां बराबरी पर छूटीं। इस मौके पर कुलपहाड़ नगर पंचायत अध्यक्ष ने अगले वर्ष बड़ा दंगल कराने में सहयोग देने की घोषणा की। इस मौके पर दिनेश प्रधान भटेवरा कला, उमाकांत यादव, संदीप यादव,चरण सिंह यादव,मनोज चौबे, निदेशक छोटेलाल, विपिन मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे। संचालन प्रदीप यादव ने किया। आयोजक कमेटी अध्यक्ष बृजभूषण यादव ने सभी का आभार प्रकट किया।

### मधुमक्खी के हमले से किशोरी घायल

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग घटना में एक किशोरी सहित वृद्ध घायल हो गये। जिन्हें परिजनों की मदद से मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। क्षेत्र के गांव ढीहा डेरा निवासी रजोल की 14 वर्षीय पुत्री खेतों मे भैंस चराने गई थी जिस पेड़ में मधुमक्खी अपना छत्ता रखे थी उसी पेड़ के नीच बैठ गई तभी मधुमक्खियो ने किशोरी के ऊपर हमला कर दिया जिससे किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई चरवाहों ने परिजनो को सुचना दी तभी परिजन आनन फानन मे नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां किशोरी का इलाज जारी है वही नगर निवासी विजय कुमार पुत्र राजाराम घर में दरवाजा लगा रहा था तभी पास बैठे सर्प ने काट लिया जिससे हालत बिगड़ने पर परिजनो ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहा खबर लेकर जाने तक इलाज जारी है।

### प्रोफेसर मनीष कुमार ओमर को मिली पीएचडी की उपाधि



**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के एक महाविद्यालय के सहायक असिस्टेंट प्रोफेसर को डॉक्टर ऑफ फ़िलॉसफ़ी की उपाधि मिलने से महाविद्यालय परिवार ने खुशी जाहिर की है। मौदहा क्षेत्र के स्वर्गीय सुंदरलाल शिवहरे डिग्री कॉलेज मकराव में सहायक असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मनीष कुमार ओमर को सिंघानिया विश्वविद्यालय झुंझुनू राजस्थान द्वारा रसायन विज्ञान में डॉक्टर आप फ़िलॉसफ़ी की उपाधि प्रदान की गई है डॉ मनीष कुमार ओमर ने डॉक्टर कमलेश बिलगैंया बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी झांसी के निर्देशन में ड्रग रिसेप्टर इंटर ऐक्शन के विषय में 5 वर्ष में अपना शोध कार्य पूर्ण किया है। असिस्टेंट प्रोफेसर को डॉक्टर का फ़िलॉसफ़ी की उपाधि मिलने के बाद महाविद्यालय के प्रबंधक दीपक शिवहरे, प्राचार्य डॉक्टर महेश कुमार गुप्ता सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं देते हुए खुशी जहर की है।

## ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

अतिरिक्त दहेज में कार की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने महिला को प्रताड़ित कर मारा पीटा। पीड़ित महिला ने कोतवाली में ससुरालियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कस्बे के दीवानपुरा मोहल्ला निवासी प्रीति साहू पुत्री राजकुमार साहू ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी 24 अप्रैल 23 को मनीष साहू पुत्र दिनेश साहू के साथ हुई थी। शादी में उसके पिता ने 5 लाख रुपए नगद और तीन लाख रुपए के जेवरात दिए थे। लेकिन शादी से ही ससुरए सास संतोषी, ननंद सोनम, सोनाली स्विफ्ट कार की मांग करने लगे। कहने लगे कि उनका लड़का पुलिस की नौकरी करता है। 14 मई 23 को उसका भाई ससुराल लेने गया तो ससुरालियों ने जेवर छीन लिया था। 4 सितंबर 23 को पंचायत होने पर ससुरालीजन उसे ले गए। बताया कि दोबारा ससुरालीजन प्रताड़ित कर उत्पीड़न करने लगे और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। तीन अक्टूबर को पिता उसे लेकर गए। बताया कि दोबारा पंचायत होने पर पति ने 25 दिसंबर को ले जाने का वादा किया था। लेकिन 26 दिसंबर को वह अपनी बात से मुकर गए। 31 दिसंबर 23 को उसके को उसने कोतवाली में तहरीर दी थी। कोतवाली में समझौता होने पर 6 जनवरी 24 को ससुरालीजन उसे ले गए। बताया कि 19 अप्रैल 24 को पति, सास, ननंद ने गाली गलौज कर मार पीट की। बताया कि घरवालों को बुलाकर उसे बिना जेवरात के भेज दिया। महिला ने पतिए सास, ससुर, ननंद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

## जहरीले सर्प ने भाईयों को बनाया शिकार एक ने रेफर के दौरान तोड़ा दम, दूसरा जिन्दगी-मौत से लड़ रहा जंग

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जिले के सीमावर्ती छतरपुर जिले में घर में सोते समय जहरीले सर्प ने दो चेचेरे भाइयों को डँस लिया। सर्पदंश से दोनों भाइयों की हालत खराब होने पर आनन फानन में परिजनों द्वारा इलाज के लिए महोबा जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया ।

परिजन दोनों को इलाज के लिए झाँसी मेडिकल कॉलेज लेकर जा रहे थे कि रास्ते में एक की मौत हो गई जबकि दूसरा मेडिकल कॉलेज में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है। परिजन नाबालिग को वापस जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहाँ तैनात डॉक्टर ने चिकित्सीय परीक्षण उपरान्त उसे मृत घोषित कर दिया नाबालिग की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। दरअसल मामला मध्यप्रदेश के सीमावर्ती छतरपुर जिले गिलवाहा गाँव का है जहां के रहने वाले राजकुमार का 14 वर्षीय नाबालिग पुत्र रामपाल अपने 20 वर्षीय चचेरे बड़े भाई जानकी प्रसाद पुत्र कालीचरण के साथ घर में पड़ी चारपाई पर सो रहा था तभी जहरीले सर्प ने दोनों को अपना शिकार बना लिया।

जहरीले सर्प के डँसने से दोनों भाइयों की हालत बिगड़ने पर आनन फानन में परिजनों द्वारा दोनों को इलाज के लिए महोबा जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने झाँसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। आनन फानन में परिजन दोनों भाइयों को लेकर झाँसी जा रहे थे कि रास्ते में 14 वर्षीय रामपाल ने दम तोड़ दिया जबकि जानकी का इलाज झाँसी मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। नाबालिग किशोर की असामयिक मौत से परिजनों ने कोहराम मच गया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज मामले की जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक के पिता राजकुमार ने बताया कि दोनों भाई घर में पड़ी चारपाई में सो रहे थे तभी जहरीले सर्प ने डँस लिया जिसके चलते दोनों की हालत खराब हो गई जिसके बाद दोनों को महोबा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ से डॉक्टर ने दोनों को झाँसी मेडिकल रेफर कर दिया था हमलोग दोनों को लेकर झाँसी जा रहे थे तभी रास्ते में रामपाल की मौत हो गई जबकि जानकी का इलाज झाँसी मेडिकल कॉलेज में चल रहा है उसकी भी हालत गम्भीर बनी हुई है।

## सत्रह शिकायतें प्राप्त पांच का निस्तारण

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



महीने के दूसरे शनिवार के मौके पर क्षेत्र के तीन थाना क्षेत्रों में कुल सत्रह शिकायतें दर्ज की गई जिनमें से पांच शिकायतें मौके पर निस्तारित कर दी गई शेष शिकायतें निस्तारण के लिए टीमों को भेजा गया है।सिसोलर थाने में अपर जिलाधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में नौ शिकायतें दर्ज की गई जिनमें से तीन शिकायतें मौके पर ही निस्तारित कर दी गई शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस टीमों को रवाना किया गया है जबकि अधिकांश शिकायतें राजस्व विभाग से सम्बंधित दर्ज की गई हैं। वही बिंवार थाने में आयोजित समाधान दिवस में दो शिकायतें राजस्व विभाग से सम्बंधित और एक शिकायत गाली गलौज से सम्बंधित दर्ज की गई जिसमें एक शिकायत मौके पर निस्तारित कर दी गई थी और एक शिकायत निस्तारण के लिए पुलिस टीम को भेजा गया था जबकि एक शिकायत में मुकदमा दर्ज किया जा सकता है।वहीं कस्बे की कोतवाली में उपजिलाधिकारी राजेश चंद्र की अगुवाई में समाधान दिवस का आयोजन किया गया जहां पर कुल पांच शिकायतें दर्ज की गई जिनमें से किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं किया जा सका है सभी शिकायतें निस्तारण के लिए पुलिस टीम को भेजा गया है।और सभी को जल्द निस्तारित करने की बात की जा रही है।इस दौरान नगरपालिका और राजस्व विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### डीएलएड फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा का पेपर लीक होने की अपवाह से मचा हड़कम्प

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** महोबा में डीएलएड फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा का पेपर लीक होने की अपवाह से हड़कम्प में मच गया। आनंद-पणन में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने जिले के सभी सेंटरों में छानबीन शुरु कर दी। महोबा शहर कोतवाली क्षेत्र स्थित राजकीय मुकुंद लाल तिवारी इंटर कॉलेज में एसडीएम, सीओ ने पहुंचकर जांच शुरू की। गहनता से जांच के बाद एसडीएम ने पेपर लीक की खबर को बेबुनियाद बताया। महोबा सदर एसडीएम जितेंद्र सिंह ने बताया कि डीएलएड लास्ट सेमेस्टर का फस्ट पेपर लीक होने की अफवाह से लोगों में हडकम्प मच गया ।पेपर लीक होने की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन फानन में एसडीएम सीओ सिटी सहित तमाम अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र में पहुंचकर जांच उपरांत इस मामले को अफवाह बताया है ।

## दो को छोड़कर सभी पैथालॉजी केंद्र निरस्त

### दो दिन का समय, इसके बाद होगी रिपोर्ट दर्ज : सीएमओ

▸ खुलेआम मरीजों का हो रहा शोषण, अनट्रेड लोग कर रहे अल्ट्रासाउन्ड

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिले में सीएमओ डा.गीतम सिंह ने माना कि उनके यहां से केवल दो पैथालाजी रजिस्टर्ड है बाकी सब अवैध संचालित है सभी को लिखापढ़ी में निरस्त कर दिया गया है, दो दिन का समय दिया गया है यदि पैथालांजी संचालक डाक्टर समेत कागजात पूर्ण नही किये तो कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

जानकारी के मुताबिक जिले में करीब तीस पैथालाजी केंद्र संचालित इसी प्रकार पचास से अधिक क्लीनीक संचालित है। मगर ज्यादातर पैथालांजी केंद्र मानकविहीन संचालित है। किसी भी पैथालाजी में एमबीबीएस डाक्टर न होने के कारण खुलेआम मरीजो के सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। सीएमओ ने बताया कि दो दिन का समय दिया गया है यदि पैथालाजी संचालक कागजात पूर्ण नही करते तो रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी।

वही क्लीनिक भी ज्यादातर अवैध संचालित है। मजे की बात तो यह है कि अनट्रेंड लोग धड़ल्ले से अल्ट्रासाउन्ड भी कर रहे है जिसमे ज्यादातर गलत रिपोर्ट दे रहेहै बाद मे इन मरीजों को कानपुर जाकर अल्ट्रासाउन्ड कराना पड़ता है।

### क्लीनिक दूसरे का प्रैक्टिस दूसरे डाक्टर का, सीज

शुक्रवार को डिप्टी सीएमओ डा.संजय कुमार ने मुस्करा कस्वे में जाकर केपी क्लीनिक का निरीक्षण किया जिसमे रजिस्ट्रेशन दूसरे डाक्टर के नाम वह भी पांच माह पहले समाप्त हो गया था। क्लीनिक में पैथालाजी लैव व एक्सरे मशीन विना लाइसेंस के संचालित है,डा गणेश शंकर चौरसिया के नाम क्लीनक मगर इसमे प्रैक्टिस करते पाये गये है नरसिंह राजपूत जो गैरकानूनी है। डिप्टी सीएमओ ने बताया कि निरीक्षण के समय डा राजपूत ने जांच टीम से अभद्रता करने के बाद एक्सरे व पैथालाजी केंद्र में ताला डाल दिया । इसके पहले भी इस क्लीनिक को कई मर्तवा नोटिस दी जा चुकी है मगर रजिस्ट्रेशन नही कराया है। तीनो कमरे सीज कर दिये गये है। डा राजपूत नीचे क्लीनक चलाते है ऊपर वाले पोर्शन में रहते है। डा संजय ने चिकित्साधीक्षक मुस्करा को आदेश दिया है कि क्लीनिक संचालक के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराये।

### हरेक सीएचसी में पांच डेगू बेड स्थापित करने के आदेश

डेगू की दस्तक से सेहत महकमे की नीद उडा दी है वही हरेक सीएचसी में पांच बेड मशहरी समेत स्थापित करने का आदेश सीएमओ ने दिया है। हालाकि यह बेड किसी भी सीएचसी में नही लगाये गये है सीएमओ का कहना है कि इस मामले में वह औचक निरीक्षण करेगे। टेढ़ा गांव का डेगू मरीज जगदीप को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वही बरसात में एडीज मच्छर के ज्यादा होने से मलेरिया विभाग ने कुछ स्थानों पर छिड़काव कराना शुरु कर दिया है,पिछले साल जिले मे कम से कम आधा दर्जन लोग डेगू से मौत हुई थी जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत देखी जा रही है।

### एक साल से धूल फांक रही ब्लड सेपरेशन मशीन, डेगू मरीज लाभ से बंचित

हमीरपुर। जिला अस्साल मे ब्लड सेपरेशन मशीन एक साल से धूल फांक रही है मगर लाइसेंस न होने के कारण ज्यो की त्यो रखी है यही नही इस मशीन से मरीजो में प्लेट्सरेट्स चढ़ायी जाती है मगर मशीन चालू नहोने के कारण मरीजों के इसके लिये दूसरे जिले में जाना पडता है। डेगू की दस्तक केबाद भी सीएमएस पुरुष इस ओर कोई ध्यान नही दे रहे है जिससे किसी भी समय स्थिति भयावह हो सकती है। इस मामले में सीएमएस डा एसपी गुप्ता का कहना है कि मशीन का लाइसेंस जल्द मिल जायेगा कार्यवाही पूरी की जा रही है कई मर्तवा शासन से आपत्ति लग चुकी है धीरे धीरे इसे पूरा किया जा रहा है।

## सीएम के आदेश के बाद भी बाहरी लोगों के कब्जे में सरकारी कार्यालय

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

सीएम ने सभी विभागाध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि सभी कार्यालय बाहरी व्यक्तियों और दलालों से मुक्त कराए जाएं। डीएम भी लगातार इस आशय का आदेश जारी कर रहे हैं। लेकिन स्थानीय स्तर पर सीएम व डीएम के इस आदेश को ताक पर रखा जा रहा है। तहसील क्षेत्र के किसी भी कार्यालय मे इस पर अमल नहीं हो रहा है। नतीजा यह है कि फरियादी या आम जनमानस को अवैध वसूली के चंगुल से मुक्ति नहीं मिल पा रही है। गुरुवार को विभिन्न सरकारी कार्यालयों के निरीक्षण के बाद हकीकत से रूबरू कराती यह रिपोर्ट।

**केस एकः** खंड विकास अधिकारी के कार्यालय में विभिन्न सचिवों का कामकाज बाहरी व्यक्ति निपटाते हैं। इसका परिणाम यह है कि मृत्यु प्रमाण पत्र जन्म प्रमाण पत्र परिवार जन रजिस्टर के लिए फरियादियों को धन और समय की बरबादी करनी पड़ती है।

**केस दोः** तहसीलदार व एसडीएम कोर्ट में अधिकतर कार्य बाहरी व्यक्तियों द्वारा संपादित किया जाता संपादित किया जाता है। यहां तक कि गोपनीय पत्र और फाइलों का रखरखाव भी बाहरी व्यक्ति ही करते हैं। इन बाहरी व्यक्तियों का वर्चस्व इतना अधिक है कि सुविधा शुल्क देकर गुंडा एक्ट की पत्रावली न्यायालयों में दाखिल फाइलों की फोटो कॉपी किसी कर्मचारी कोटेदार या संस्था के विरुद्ध अधिकारियों द्वारा की गयी कार्रवाई का विवरण आसानी से पाया जा सकता है। एसडीएम के नाक के नीचे काम कर रहे इन बाहरी लोगों पर कभी आवाज उठाई ही नहीं गयी।

**केस तीनः** उपनिबंधक कार्यालय में बैनामा लिखवाने के बाद कार्यालय में दाखिल किए गये हर स्टांप का विवरण क्रेता विक्रेता के संबंध में पूरी जानकारी किसी भी बाहरी व्यक्ति को आसानी से किसी भी बाहरी व्यक्ति को आसानी से उपलब्ध हो जाती है। जाहिर है ये गतिविधि नियमित रूप से तैनात कर्मचारी नहीं करते **केस चारः** इंडियन बैंक की इमिलिया शाखा में भी बाहरी व्यक्ति कंप्यूटर पर बैठ कर बैंक के काम निपटाता मिला। आम लोगों की शिकायत यह है कि बाहरी।

व्यक्ति ही केसीसी व अन्य ऋणों के लिए लाभार्थियों से बिचौलिया बन कर अवैध वसूली करता है। कमोबेश यही स्थिति लगभग सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों की है। बाहरी व्यक्तियों की विभिन्न कार्यालयों के पटलों पर काम करने के एवज में किसी तरह का वेतन या मानदेय नहीं मिलता है लेकिन ये ऊपरी कमाई से अपनी आजीविका चलाते हैं। इनका हस्तक्षेप विभाग और फरियादियों के लिए अहितकर ही होता है। लेकिन अधिकारियों के लिए अतिरिक्त आय का जुगाड़ करने वाले ये बाहरी लोग बिचौलिया या दलाल बन कर शोषण करते रहते हैं। एसडीएम अवधेश कुमार का कहना है कि मुख्यमंत्री ने स्पष्ट आदेश दिया है कि सभी कार्यालय बाहरी लोगों के दखल से मुक्त रखे जाएं? सभी विभागाध्यक्षों को आदेश से अवगत कराया जा चुका है। औचक निरीक्षण के दौरान जिन कार्यालयों में आदेश का उल्लंघन मिलेगा उन अधिकारियों के खिलाफ शासन को रिपोर्ट दी जाएगी।

# व्यापारी को लूटने वाले चार लुटेरे गिरफ्तार

## बुलेरो, बाइक सहित पीली व सफेद धातु के जेवरात बरामद, कब्जे से बरामद हुए 32 हजार 500 रुपये

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।**



शुक्रवार की रात्रि कालपी व आटा पुलिस की संयुक्त कार्यवाही के दौरान मंगरौल रोड जोधर नाला के समीप लूट की योजना बनाते समय बदमाशों से हुई मुठभेड़ में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया जबकि उसके तीन साथियों को भागने के दौरान पकड़ लिया।

बताया जाता है कि मुठभेड़ में पकड़े गये लुटेरों ने कालपी के सर्राफा व्यापारी के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस टीम ने बदमाशों के कब्जे से अवैध असलहा, खोखा व जिंदा कारतूस के साथ 32 हजार 500 रूपये नगद, पीली, सफेद धातु के जेवरात, व चोरी की 1 अदद बोलेरो व एक मोटर साइकिल बरामद की। पुलिस मुठभेड़ के बारे में पत्रकारों से वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमारने बताया कि बीती रात्रि कालपी व आटा थाना पुलिस संयुक्त रूप से 1 अगस्त को कालपी नगर में सर्राफा व्यापारी के साथ हुई लूट की घटना को अंजाम देने वाले अंतर्राज्यीय बदमाशों की तलाश में जा रही थी तभी मगरौल रोड जोधर नाला के समीप अंधेरे में कुछ लोग लूट की योजना बना रहे थे तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश दी तो बदमाशों ने भागने का प्रयास करते हुये पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी जिस पर पुलिस ने आत्मरक्षार्थ की गयी फायरिंग में दीपक उर्फ चकिया भोखरे निवासी जूना कौठा रविनगर सिडको नांदेड़ गोली लगने से घायल हो गया जबकि मोनू परिहार पुत्र गंगा सिंह परिहार, सोनू परिहार पुत्र गंगा सिंह परिहार निवासीगण ग्राम मूरतपुर थाना रौन जिला भिण्ड मप्र हाल पता सोहरापुर थाना चुर्खी व राज परिहार पुत्र पप्पू उर्फ श्रवण परिहार निवासी ग्राम कीरतपुर थाना कालपी हाल निवासी मोहल्ला बघौरा कोतवाली उरई को पकड़ लिया। जब पुलिस ने राज परिहार से सख्ती से पूंछतांछ की तो उसने बताया कि वह सर्राफा व्यापारी के यहां वाहन चालकी का काम करता था कुछ समय पहले ही उसने नौकरी छोड़ दी थी।

### मार्निंग रेड के दौरान अवर अभियंता ने पकड़े बिजली चोर

**कालपी, जालौन।** बिजली चोरी पर विद्युत विभाग सख्त हो गया। अवर अभियंता ने मार्निंग रेड के दौरान पकड़े गये 12 लोगों के खिलाफचोरी का मामला दर्ज कराया है। विभाग बिजली चोर रोकने के लिए नित नये फण्डे अपनाता है पर यह पूरी तरह बंद नही है जब भी विभागीय जिम्मेदार अभियान चलाते तो कई मामले पकड़ में आ जाते हैं। उपखण्ड अधिकारी आदर्श राज यादव के मुताबिक गत दिनों उन्होंने विभागीय कर्मचारियों के साथ मिलकर आकस्मिक चैकिंग अभियान चलाया था। इस दौरान टीम को संजय पुत्र चन्द्रशेखर दमदमा, विनोद व अरशद गलत तरीके से विधुत का उपभोग करते मिले थे जिसके चलते सभी के खिलाफविद्युत अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज कराया है। उन्होंने चोरी से विद्युत का उपभोग करने वालों को नसीहत देते हुए कहा है कि बिजली चोरों के खिलाफ विभाग का चेकिंग का अभियान जारी रहेगा।

# सड़क दुर्घटना में कर्मचारी की मौत, बहन घायल

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।**

अलग अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में जहां बहिन के साथ जा रहे ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के कर्मचारी की मौत हुई। तो वहीं, दूसरे हादसे में बाइक सवार घायल हुआ है। उधर, घायलों को सीएचसी से उच्च संस्थान रेफर किया गया व मृतक के शव का पंचनामा भरकर पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली उरई क्षेत्र के मोहल्ला बघौरा निवासी अंशु विश्वकर्मा (28) पुत्र अशोक विश्वकर्मा ऑर्डिनेंस फैक्ट्री जबलपुर में कार्यरत है। पिछले दिनों वह छुट्टी पर अपने घर आए थे। शनिवार को वह अपनी बड़ी बहिन वंदना (32) पत्नी देवराज निवासी नकसिया जनपद कानपुर देहात को बाइक से अपने साथ लेकर अपने पैतृक गांव जीतामऊ थाना सिरसा कलार जा रहे थे। दोपहर करीब 12 बजे जब उनकी बाइक औरैया मार्ग पर मड़ोरी के पास पहुंची तो तेज रफ्तार कार के चालक ने अनियंत्रित होकर उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण बाइक सवार भाई बहिन सड़क पर उछल कर गिर पड़े। सड़क पर गिरते ही भाई अंशु की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पीछे बैठी बहिन वंदना गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों की मदद से दोनों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने अंशु को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं गंभीर रूप घायल वंदना को प्राथमिक उपचार के बाद उच्च संस्थान के लिए रेफर किया है। हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कुमार पटेल, सीओ शैलेंद्र कुमार बाजपेई समेत एसडीएम अतुल कुमार भी अस्पताल पहुंच गए और हादसे को लेकर जानकारी ली। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉट्रम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि अंशु की अभी शादी नहीं हुई थी। वह अपने पिता के अकेला पुत्र था। वहीं, हादसे के बाद कार सवार कार को मौके पर ही छोड़कर भाग निकले। टक्कर लगने के कारण बाइक सवार विजय श्रीवास्तव (28) पुत्र अरुण कुमार निवासी कुसमरा गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं कार भी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी।

### दूसरे हादसे में बाइक सवार घायल होकर पहुंचा अस्पताल

## खबरें एक नजर में

### पानी आपूर्ति हुई बाधित, चोर उखाड़ ले गए पैनल

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** पानी सप्लाई के लिए पानी टंकी कैंपस में लगे चार पैनल खोलकर चोर रफूचक्कर हो गए। जिसके चलते जल आपूर्ति बाधित हो गई। इस मामले कार्यदाई संस्था के मैनेजर ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है ।मामला सुबेहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत जारमऊ का है जहां पर कार्यदाई संस्था मेघा ई एवं इंफ्रा लिमिटेड मैनेजर हिरदेश कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है की भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जलजीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायत जारमऊ में पानी टंकी का निर्माण कार्य कराया जा रहा है । बताया की 8 अगस्त की रात आए चोरों द्वारा कैंपस में पानी सप्लाई हेतु लगे चार सोलर पैनल खोल ले जाए हो गए जिससे चलते घर घर होने वाली जलापूर्ति बाधित हो गई है।पुलिस ने मैनेजर की तहरीर पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छान बीन शुरू कर दी है।

### बारिश का पानी भरने से दबंगों ने महिलाओं को पीटा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** रास्ते में बारिश का पानी भरा होने से नाराज दबंगों ने एक ही घर की दो महिलाओं की पिटाई कर दी। कोतवाली हैदरगढ़ के मर्दापुर गांव निवासी प्रदीप कुमार की पत्नी प्रेम कुमारी ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि बरसात के कारण उनके घर के सामने स्थित खड़ंजा मार्ग पर पानी भरा हुआ था। आरोप लगाया कि गांव के ही बीरेंद्र पाल व सुधीर बाजपेई नशे की हालत में शाम को उसके घर के सामने से निकले। खड़ंजा मार्ग पर पानी भरा होने के कारण दरवाजे पर बैठी पीड़िता व उसकी जेठानी को अमर्यादित शब्दों से अपमानित करने लगे।विरोध प्रकट करने पर आरोपियों ने महिलाओं की पिटाई कर दी। पीड़िता ने बताया कि शाम को मजदूरी करके उसके पति घर आए तो दबंगों ने उन्हें जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित किया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन शुरू कर दी है।

### विधवा महिला ने प्रधान पर लगाया पैसा निकालने का आरोप

**रामनगर, बाराबंकी।** पीड़ित विधवा महिला ने ग्राम प्रधान के ऊपर सरकारी और स्वंय का पैसा खाते से निकलवाकर ले लेने का आरोप लगाया है।आरोप तब और गंभीर हो जाते हैं जब यह पैसा किसी अधिकृत बैंक से नहीं एयरटेल पेमेन्ट बैंक से निकाले गये हो।यह मामला विकास खंड रामनगर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कुम्हरवा का है।वहां की निवासी विधवा विशुना देवी ने थाना समाधान दिवस में दिये गये अपने शिकायती पत्र में कहा है कि पेंशन के नाम पर एयरटेल पेमेंट बैंक में ग्राम प्रधान दुर्गेश ने मेरा खाता फरवरी माह मे खुलवाया था।जिसमें कई माह तक फर्जी मनरेगा मजदूरी निकालते रहे। अपने पेंशन की जानकारी के लिये खाता चेक किया तो उसमे जमा राशि भी गायब मिली। पीड़ित महिला ने ग्राम प्रधान पर मनरेगा के पैसों के साथ अपना पैसा खाता से निकालने का आरोप लगाया है।पीड़िता के मुताविक बैंक ऑफ़ इंडिया में खाता होने के बावजूद ग्राम प्रधान ने एयरटेल पेमेंट बैंक में दूसरा खाता विधवा पेंशन आने की बात कहकर खुलवा दिया।अप्रैल माह में ग्राम प्रधान ने 5000 रुपये मनरेगा के बताकर निकलवा लिये।मई माह में 7800 रुपये निकलवा कर उसमें से तीन हजार रुपये दे दिये थे।मेरे बेटे ने 2000 रुपये भेजे थे वह भी गायब है।

### युवती को भगा कर ले जाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज

**कोंच, जालौन।** युवती को भगा कर ले जाने के आरोप में थाना नदीगाँव पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नदीगाँव थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीती 8 अगस्त की शाम करीब 6 बजे विपिन पुत्र लालता प्रसाद निवासी ग्राम गोरन थाना डकोर उसकी 20 वर्षीय बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा कर ले गया। खोजबीन करने पर भी अब तक बेटी का कहीं कोई पता नहीं चल सका है। उक्त मामले में पुलिस ने आरोपी विपिन के विरुद्ध बीएनएस की धारा 87 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश तेज कर दी है।

### नायब तहसीलदार ने कोतवाली में सुनी समस्यायें

**कोंच,जालौन।** शनिवार को आयोजित किए गए समाधान थाना दिवस में अधिकारियों ने थानों में बैठकर फरियादियों की समस्यायें शिकायतें सुनी। अधिकारियों ने सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए। कोतवाली में आयोजित किए गए समाधान थाना दिवस में नायब तहसीलदार जितेन्द्र सिंह ने शिकायतें सुनी। इस दौरान 6 शिकायतें दर्ज करायी गयीं जिनमें से मौके पर 3 शिकायतें निस्तारित कर दी गयीं। इस दौरान कोतवाल अरुण कुमार राय, एसएसआई अविनाश मिश्रा, चौकी प्रभारी अविनाश पटेल, दरोगा अनुराग राजन सहित राजस्व कर्मी मौजूद रहे। थाना नदीगांव में एसडीएम ज्योति सिंह व सीओ अर्चना सिंह ने शिकायतें सुनी। दर्ज करायी गयीं 3 शिकायतों में से तीनों शिकायतें मौके पर ही निस्तारित कर दी गयीं। थानाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे। थाना कैलिया में थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने समाधान थाना दिवस की अध्यक्षता की लेकिन निर्धारित समय तक एक भी फरियादी अपनी समस्या शिकायत लेकर मौके पर नहीं पहुंचा।

# भाकियू ने शिवनी बुजुर्ग में गौशाला बनाने की उठाई मांग

## बरहा, शिवनी, तजपुरा, धनौरी मौजों में जलभराव से नहीं हो पा रही फसलों की बुआई

**कोंच, जालौन समृद्धि न्यूज़।**



भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत शनिवार को गल्ला मंडी में चित्तर सिंह पटेल की अध्यक्षता में हुई जिसमें शामिल किसानों ने अपनी समस्यायें रखीं। पंचायत के बाद संगठन के पदाधिकारियों ने नायब तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंप कर सामने आयी समस्याओं के निराकरण की मांग की।

नायब तहसीलदार जितेन्द्र सिंह को सौंपे ज्ञापन में कहा कि नदीगाँव विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत शिवनी बुजुर्ग में अभी तक गौशाला नहीं बनाई गयी है जिससे अन्ना मवेशी खेतों में फसलें चट कर रहे हैं। समस्या को देखते हुए गाँव में शीघ्र ही गौशाला बनाई जाये। इसके अलावा ग्राम बरहा, शिवनी, तजपुरा, धनोरी आदि मौजों में जलभराव से करीब 300 एकड़ की जमीन पर बुआई नहीं हो पा रही है इसलिए नाले की खुदाई के बाद सफाई कार्य कराया जाये। ग्राम ताहरपुरा में टूटी पड़ी नाले की पुलिया का निर्माण कार्य नहर विभाग से कराये जाने, गरीब किसानों को पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम क्योलारी में नाले के बहाव से सीसी रोड कट जाने के चलते सीसी रोड नया बनाये जाने, सूख रहीं फसलों को बचाने के लिए निजी नलकूपों हेतु 22 घंटे बिजली देने, ग्राम कैंथी और बदउआं में गौशाला के अंदर आवारा मवेशियों को बंद किए जाने की मांग प्रमुख रूप से की गयी। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ केदारनाथ सिमरिया, तहसील अध्यक्ष चतुर सिंह पटेल, महासचिव डॉ पीडी निरंजन, राजकुमार बरहा, वीरेंद्र अंडा, प्रमोद पड़री आदि मौजूद रहे।

### बहन की ससुराल पहुंचे मां और बेटे से की मारपीट

**जालौन, उरई।** बहिन की ससुराल आए मां बेटे के साथ ससुराल के लोगों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है।

पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शहजादपुरा निवासी इसरार ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को वह अपनी मां मुन्नी के साथ बहन जैनब की मोहल्ला जोशियाला स्थित ससुराल आया था। बहिन की ससुराल पहुंचने पर वहां ससुरालियों ने झगड़ा शुरू कर दिया।

इसी दौरान ससुर नासिर, सास मुन्नी बेगम, ननद रूबी व इकरार ने गाली, गलौज शुरू कर दी। जब गाली देने से मना किया तो उन्होंने लाठी, डंडों से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में मां को चोटें आई हैं।

# पीएचसी में चिकित्सक फार्मासिस्ट रहते हैं नदारद

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**




स्वास्थ्य विभाग द्वारा दस्तावेजों में भले ही व्यवस्थाएं सुधार दी गई हो लेकिन मौके पर हालात जस के तस बने हुए हैं यहां स्थानीय पीएचसी पर चिकित्सक ही नहीं फार्मासिस्ट भी गायब रहते हैं और पूरा स्वास्थ्य केंद्र एएनएम और स्टाफ नर्स द्वारा चलाए जा रहा है।

ऐसे में इलाज के लिए आने वाले मरीजों के स्वास्थ्य का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। मामला विकासखंड त्रिवेदीगंज में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दहिला का है जहां पर स्टाफ नर्स एवं एएनएम द्वारा अस्पताल को चलाया जा रहा है। जिसके चलते मरीज इलाज के लिए दर-दर भटकने को विवश है।

दूसरा मामला इसी विकासखंड में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोरियानी का है जहां पर पौने दो बजे पहुंचे हमारे प्रतिनिधि को अस्पताल में ताला बंद मिला। इलाज के लिए आए ग्रामीणों ने बताया कि इस स्वास्थ्य केंद्र में अक्सर ही 1:00 बजे के बाद ताला बंद मिलता है। जिससे हमें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों की स्वास्थ्य सेवाओं को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा गांव गांव में आरोग्य आयुष्मान मंदिर की स्थापना की गई है जिसमें कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर को तैनात किया गया है सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 तक खुलने वाले इस केंद्र पर आने वाले मरीजों को निशुल्क उपचार एवं उचित परामर्श प्रदान किया जाता है। परंतु विकासखंड त्रिवेदीगंज के रामनगर में स्थित आरोग्य आयुष्मान मंदिर पर 2:00 बजे पहुंचे हमारे प्रतिनिधि को ताला बंद मिला। इन भ्रष्ट स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही मरीजों पर भारी पड़ रही है और वह दर-दर भटकने को विवश है।

### फीस अदा न करने पर छात्र को किया स्कूल से बाहर

**हैदरगढ़ बाराबंकी,समृद्धि न्यूज़।** फीस न जमा होने पर विद्यालय द्वारा टेस्ट से वंचित कर एक छात्र को स्कूल से बाहर कर दिया गया। यही नहीं छात्र के पिता के निवेदन को भी अनसुना कर दिया गया।विद्यालय के इस निर्णय से छात्र की अचानक तबियत बिगड़ जाने से उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करना पड़ा। जानकारी के अनुसार हैदरगढ़ भिटरिया मार्ग पर सतरही गांव के सामने स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल में कक्षा 7 में पढ़ने वाला हैदरगढ़ के सुभाष वार्ड का निवासी अभय सिंह पुत्र सूरज सिंह शुक्रवार को विद्यालय गया तो कई माह की फीस बाकी होने की बात बताकर उसे टेस्ट देने से वंचित कर दिया गया। जानकारी मिलने पर विद्यालय पहुंचे पिता ने परेशानी बताकर बकाया फीस जमा करने के लिए कुछ दिनों की मोहलत मांगी।

# सपाइयों ने फूलनदेवी को दी जन्मदिन पर श्रद्धांजलि



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सपा के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता में जिला पार्टी कार्यालय पार्टी मे पूर्व सांसद स्वर्गीय फूलन देवी जी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही सपा के पूर्व जिला महासचिव स्वर्गीय अनिल यादव की चौथी पुण्यतिथि परश्रद्धांजलि अर्पित कर उपस्थित कार्यकर्ताओं से कहा कि स्व0 फूलन देवी एवं स्मृति शेष अनिल यादव ने समाजवादी विचारधारा के संवाहक थे। गोप ने कहा कि स्वर्गीय अनिल यादव बहुत संघर्षशील व्यक्ति थे छात्र संघ अध्यक्ष रहते हुए छात्र-छात्राओं के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करते हुए कई उत्कृष्ट कार्य किए।

विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव ने कहा कि फूलन देवी बहुत ही हिम्मत महिला की जिन्होंने तमाम दुख तकलीफों का सामना करते हुए देश के सबसे बड़ी पंचायत संसद तक पहुंचाने का काम किया उनकी हिम्मत ताकत और लगन हम लोगों को या प्रेरणा मिलती है। श्री गोप ने स्वर्गीय अनिल यादव के जेष्ठ पुत्र तुषार यादव के साथ जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती मरीजों को फल वितरित कर भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की।

विचार गोष्ठी मे मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, कामता प्रसाद यादव, यशवंत यादव, जिला सचिव ज्ञान सिंह यादव, उमाकांत यादव, सिराज उस्मानी, हसमत अली गुड्डू, आदि प्रमुख कार्यकर्ताओं ने और स्वर्गीय फूलन देवी एवं अनिल यादव जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

# पैथालॉजी की जांच रिपोर्ट गलत देने पर सीएमओ से हुई शिकायत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

त्रिवेदीगंज स्थित एक पैथोलॉजी पर बुखार से पीड़ित दो मरीजों की गलत जांच रिपोर्ट जारी करने का गंभीर मामला सामने आया है।

इस मामले में पीड़ित ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शिकायती पत्र भेज कर उक्त पैथोलॉजी की जांच करवा कर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। उल्लेखनीय है कि पिछले लगभग एक सप्ताह से बुखार से पीड़ित थाना लोनीकटरा के सोनिकपुर गांव निवासी मोहम्मद शुएब पुत्र रईस अली 23 वर्ष एवं कोतवाली हैदरगढ़ के किरसिया बनकोट निवासी शशांक सिंह शनिवार की दोपहर बाद 3बजे के बाद उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज पहुंचे थे जहां पर मौजूद डॉक्टर शशिकांत चौधरी द्वारा बुखार के लक्षणों को देखते हुए दोनों रोगियों को सीबीसी, वीडाल व मलेरिया एंटीजन टेस्ट कराने की सलाह दी। पिछले कई दिनों से इलाज के बाद भी स्वास्थ्य में सुधार न होने से परेशान दोनों रोगियों ने तत्काल उपचार के दृष्टिकोण से बाहर से जांच कराने का फैसला किया क्योंकि पिछले कई दिनों से उपचार कराये जाने के बाद भी आराम नहीं मिल रहा था। बुखार से पीड़ित दोनों युवकों ने बताया की वह त्रिवेदीगंज में ही सरस्वती जयंती इंटर कॉलेज के सामने स्थित आर आर पैथोलॉजी पर पहुंचे और जांच कराई लगभग आधे घंटे बाद पैथोलॉजी संचालक द्वारा रिपोर्ट दे दी गई।

**सूचना**

मेरे सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरे पुत्र का नाम NARENDER KUMAR व जन्मतिथि 04.05.2007 दर्ज है। जबकि आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरे पुत्र का वास्तविक नाम NARENDRA व जन्मतिथि 04.04.2008 है, Ramraj Singh Gurjar, Army No. 2999792N Rank Hav. R.R.C. Fatehgarh. R/o Vill. Kutakpur, Teh. Mahwa, Gazipur, Distt. Dausa, Rajasthan, Pin-321612.

**सूचना**

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम SHARUPI DEVI व जन्मतिथि 15.09.1949 दर्ज है। जबकि आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा वास्तविक नाम SARUPI DEVI व जन्मतिथि 01.01.1957 है, SARUPI DEVI, M/O, Army No-2999792N, Rank Hav, Ramraj Singh Gurjar R.R.C. Fatehgarh. R/o Vill. Kutakpur, Teh. Mahwa, Gazipur, Distt. Dausa, Rajasthan, Pin-321612.

**सूचना**

मेरी पुत्री अन्वेषा चंदेल के स्कूल रिकार्ड में मेरा नाम भूलवश कमलेश सिंह दर्ज हो गया है, जो गलत है। जबकि मेरे आधार कार्ड व पेन कार्ड तथा अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम कोमल चंदेल दर्ज है, जो सही है। इसी नाम से मुझे जाना जाये।

**कोमल चंदेल पत्नी ब्रजेन्द्र कुमार सिंह मकान नम्बर 6बी/110 आवास विकास लोहिया पुरम बढ़पुर, फर्रुखाबाद।**

**सूचना**

मेरे पति के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम KUMARI SAROJ दर्ज है। जबकि आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा वास्तविक नाम SAROJ DEVI है, SAROJ DEVI, W/O, Army No-2999792N Rank Hav, Ramraj Singh Gurjar R.R.C. Fatehgarh. R/o Vill. Kutakpur, Teh. Mahwa, Gazipur, Distt. Dausa, Rajasthan, Pin-321612.



### विद्युत विभाग की टीम ने पकड़े दो बिजली चोर

**इटावा।** अधीक्षण अभियंता इटावा एवं अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम इटावा के दिशा निर्देश में विद्युत उपकेंद्र सुंदरपुर एवं रामलीला से संबंधित क्षेत्र में उपखंड अधिकारी आनंदपाल सिंह, अवर अभियंता राजकमल, टीजी 2 राजेश कुमार, टीजी 2 जितेंद्र कुमार एवं संविदा लाइनमैन द्वारा एक टीम बनाकर कम विद्युत खपत वाले उपभोक्ताओं की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान दो उपभोक्ता के परिसर पर विद्युत चोरी पाई जिनमे सुरेश चंद अग्रवाल पुत्र ताराचंद अग्रवाल निवासी करमगंज द्वारा सर्विस केवल में कट लगाकर घरेलू विद्या में 2 किलोवाट की विद्युत चोरी करते हुए पाए गए जबकि मोहम्मद इरफान पुत्र स्वर्गीय नूर मोहम्मद चौकर कुवा राजागंज चौराहे के पास मीटर की आउटपुट में तीन कोर कि केवल लगाकर कमर्शियल परिसर पर एक किलोवाट की विद्युत चोरी करते हुए पाए गए दोनों ही व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार विद्युत थाने में प्राथमिकी दर्ज कार्यवाही गई।

# सैफई में बरसात हो रही है बिजली गुल, उपभोक्ता परेशान

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

सैफई में बरसात होते ही विद्युत व्यवस्था चौपट हो जाती है। बरसात होते ही पेड़ों की डालियाँ बिजली के तारों पर झुक जाती है। इससे पेड़ों में करंट भी उतर आता है और आए दिन फॉल्ट होता रहता है।

सैफई चौराहा व तहसील थाना व छात्रावास की आये दिन बिजली गुल रहती है सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भले ही तहसील क्षेत्र को साढ़े इक्कीस घंटे बिजली देने का आदेश दिया है लेकिन सैफई क्षेत्र में उपभोक्ताओं को आदेश के अनुरूप बिजली नहीं मिल पा रही है। सैफई विद्युत उपसंस्थान सैफई प्रथम बिजली घर की हालात अत्यंत दयनीय है इटावा से मैनपुरी रोड पर विद्युत के तारों के नीचे लगे पेड़ बड़े होकर विद्युत तारों से छू रहे हैं जैसे ही बारिश होती है तो पेड़ों की डालियाँ बिधुत तारों के ऊपर झुक जाती हैं जिससे फाल्ट होने के साथ बिजली चली जाती है इससे लाईनमैनों को काफी मुसीबत का सामना करना पड़ता है दिन हो या रात लाइनमैन टॉर्च लेकर रात को पेड़ों की टहनियों हटाने को मजबूर हो रहे हैं । यह दिक्कत कोई नयी नहीं है कई बार स्थानीय नागरिक बिजली विभाग के अधिकारियों को उक्त समस्या से अवगत करा चुके है।

# सेंटमेरी से निकले प्रचार वाहन को दिखायी हरी झंडी

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



भारत सरकार की मंशानुरूप जनपद इटावा को फाइलेरिया से मुक्ति दिलाने के लिए शनिवार से घर घर स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा दवा खिलाने के लिए मैने दवा न लेने की गलती की आप न करे थीम पर व खुशहाल होगा शहर और गांव जब जड़ से मिटेगा हाथी पांव÷ जैसे स्लोगन के साथ जन जागरुकता अभियान का शुभारंभ प्रचार वाहनों व नगर पालिका की कूड़ा उठाने वाले वाहनों को सेंटमेरी इन्टर कालेज से मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, सीएमओ डॉ. गीताराम,डिप्टी सीएमओ डा.श्री निवास, डीएमओ आशीष कुमार राना, डा. शिवा कान्त,डीएमसी योगेश कुमार डीआईओएस मनोज कुमार, एडीआईओएस डा.मुकेश यादव व प्रिंसिपल फादर शीजू जॉर्ज,मैनेजर फादर बिंसन,बाइस प्रिंसिपल फादर बिबिन व अबू थॉमस ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

सेंटमेरी कालेज के प्रांगण में आयोजित फाइलेरिया फ्री इटावा कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम,विशिष्ट अतिथि डॉ.गीताराम सीएमओ, डॉ.श्री निवास डिप्टी सीएमओ, आशीष कुमार राना डीएमओ,डॉ. शिवा कान्त,योगेश कुमार डीएमसी, मनोज कुमार डीआईओएस, डॉ.मुकेश यादव एडीआईओएस, प्रिंसिपल फादर शीजू जॉर्ज, मैनेजर फादर बिंसन, बाइस प्रिंसिपल फादर बिबिन ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

### अफसरों ने मेडिकल स्टोरों के निरीक्षण कर लिये सैंपल

**इटावा।** अपर जिलाधिकारी अभिनव श्रीवास्तव के नेतृत्व मे जिला औषधि निरीक्षक रजत कुमार पांडेय द्वारा सैफई ब्लॉक में संचालित मेडिकल प्रतिष्ठान, सपना मेडिकल स्टोर का निरीक्षण कर सैंपल लिया गया। इसके बाद सैनिक सुनील मेडिकल स्टोर का निरीक्षण कर 2 सैंपल भरे गए। निरीक्षण के दौरान फर्म पर वर्तमान कामियो को देखा गया। निरीक्षण रिपोर्ट मे अंकित औषधीयो के क्रय विक्रय अभिलेख मांगे गए हैं। इसके पश्चात श्री जी मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया गया एवं फर्म में कालातीत औषधीय के निस्तारण न होने की दृष्टिगत दुकान संचालक को फटकार लगाते हुए कारण बताओं नोटिस निर्गत किया गया।

**कार्यालय ग्रा0पं0 भरतपुर रसूलपुर वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रु0**

पत्रांकःमीमो/ ग्रा0पं0/15वां वित/राज्य वित/मनरेगा/ टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 10/08/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भरतपुर रसूलपुर विकास खण्ड मोहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निर्माण सामग्री कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 11/08/2024 से दिनांक 17/08/2024 अपरान्ह 1.00 बजे तक सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 17/08/2024 को 2.00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत कार्यालय भरतपुर रसूलपुर में प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगीं। निविदा प्रपत्र दिनांक 11/08/2024 से दिनांक 17/08/2024 अपरान्ह 12.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय भरतपुर रसूलपुर में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से रु0 500-00 अदा करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | हरपाल के घर से अमित के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य | 110337 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | रनपाल/रामफल के घर से पी0एस0 भरतपुर रसूलपुर तक नाली निर्माण कार्य | 128726 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | रामदास के घर से राजकुमार के घर तक नाली, खण्डजा निर्माण कार्य | 128000 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

**प्रधान ग्राम पंचायात भरतपुर रसूलपुर, विकास खण्ड मोहम्मदाबाद सचिव**

**कार्यालय ग्रा0पं0 रुपनगर वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रु0**

पत्रांकःमीमो/ ग्रा0पं0/15वां वित/राज्य वित/मनरेगा/ टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 10/08/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रुपनगर विकास खण्ड मोहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निर्माण सामग्री कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 11/08/2024 से दिनांक 17/08/2024 अपरान्ह 1.00 बजे तक सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 17/08/2024 को 2.00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत कार्यालय रुपनगर में प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगीं। निविदा प्रपत्र दिनांक 11/08/2024 से दिनांक 17/08/2024 अपरान्ह 12.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय रुपनगर में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से रु0 500-00 अदा करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | मदन के घर से रंजीत के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 2.47 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | रामसेवक के घर से जगत सिंह के घर तक सीसी निर्माण कार्य | 2.61 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

**प्रधान ग्राम पंचायात भरतपुर रसूलपुर, विकास खण्ड मोहम्मदाबाद सचिव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत हरकमपुर वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रु0**

पत्रांकःमीमो/ ग्रा0पं0/15वां वित/राज्य वित/मनरेगा/ टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 08/08/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हरकमपुर विकास खण्ड मोहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निर्माण सामग्री कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 09/08/2024 से दिनांक 15/08/2024 अपरान्ह 1.00 बजे तक सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 15/08/2024 को 2.00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत कार्यालय हरकमपुर में प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगीं। निविदा प्रपत्र दिनांक 09/08/2024 से दिनांक 15/08/2024 अपरान्ह 12.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय हरकमपुर मे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से रु0 500-00 अदा करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | इरदीश के घर से मस्जिद तक नाली निर्माण कार्य | 174043 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | इरदीश के घर से मस्जिद तक खण्ड़जा निर्माण कार्य | 121954 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | विश्राम के घर से राधाकृष्ण के घर तक नाली निर्माण कार्य | 194421 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | मेन रोड सलीम के घर से गुलाब के घर तक नाली निर्माण कार्य | 222490 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 5- | मेन रोड सलीम के घर से गुलाब के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य | 426172 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 6- | विश्राम के घर से राधाकृष्ण के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य | 389507 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

**प्रधान (मीनू शर्मा) ग्राम पंचायात हरकमपुर, विकास खण्ड मोहम्मदाबाद सचिव (रामवीर शाक्य)**

# जले हुए गांव के भू-अभिलेख बनाए जाने की प्रक्रिया में तेजी लाएं

- डीएम ने गांधी सभागार में जले हुए गांव के भू-अभिलेख और रिकॉर्ड ऑपरेशन ग्राम (सर्वे) के संबंध में की बैठक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**



बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी शुभ्रान्त** कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जले हुए गांव के भू-अभिलेख बनाने और रिकॉर्ड ऑपरेशन ग्राम (सर्वे)के संबंध में बैठक संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिस ग्राम के 50 प्रतिशत से अधिक रिकार्ड गड़बड़ हो जाते हैं। उन्ही गांवों में रिकॉर्ड ऑपरेशन ग्राम (सर्वे) कराकर रिकॉर्ड सही किया जाता है। उन्होंने कहा कि ग्राम ताजपुर नौकास्त में सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है। नोटिफिकेशन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए। उन्होंने नायब तहसीलदार को निर्देश दिए कि जितने प्रपत्र और नंबरिंग के सिस्टम को अच्छे से समझे और कार्य में तेजी लाएं। जलालपुर अमरा में जो आपत्तियां आई है। उन्हें निस्तारित कर प्रपत्र 14 में कार्य शुरू किया जाए। गदनपुरबड्डू और अमीनाबाद में प्रपत्र 8 बनाए जाने और शेष कार्य में तेजी लाकर माह नवंबर तक कार्य पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जले हुए गांव के अभिलेख बनाए जाने की प्रक्रिया में तेजी लाकर कार्य को पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य को छोटा या बड़ा न समझे लगन के साथ कार्य करने से बड़ा से बड़ा कार्य समय से पूर्ण हो जाता है। ग्राम अकबरपुर में प्रपत्र 2क में 850 गाटों का अंकन और 101 खतौनी खातों का सत्यापन एवं ग्राम बरुआ सबलपुर में 125 खतौनी का सत्यापन किया जा चुका है। इसी प्रकार हाथिन में 1357 चकों की स्थलीय पैमाइश व 21 कालम पेशानी में 530 खातों का अंकन, कटिघरा में खतौनी के 82 एवं गढ़िया पाह में 101 खाते तस्दीग किया जा चुका है। ग्राम हरबल्लभपुर में ग्राम में सर्वे कर चल रहा है तथा आकार पत्र 2 क के 460 गाटे लिखे जा चुके हैं। खतौनी के 154 खातों का सत्यापन किया जा चुका है। उन्होंने निर्देश दिए कि गांवो में अभिलेख बनाए जाने के कार्य किये जा रहे हैं। उसमें तेजी लाकर कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए। सरदामई में पर्ची वितरण का कार्य भी शीघ्र पूर्ण किया जाए। कहा कि किसानों के रकबे को अच्छे से देखा जाए।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में छात्राओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

- स्वास्थ्य परीक्षण में 98 छात्राओं का हुआ परीक्षण

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

**राष्ट्रीय बाल** स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम 'ए' द्वारा छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी गयी।

शनिवार को क्षेत्र के अनौगी स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में चिकित्साधिकारी डॉ वरुण सिंह कटियार ने टीम के साथ 98 छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिसमें चार छात्राओं को दांत संबंधी समस्या, एक छात्रा को टॉन्सिल संबंधी और दो छात्राओं को त्वचा संबंधी समस्या निकली। जिनको डॉ वरुण सिंह कटियार द्वारा दवा दी गई। छात्रों को स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी एवं दांतो संबंधी बीमारियों से बचाव के बारे में जानकारी के साथ साथ सुबह और रात में सोने से पहले मंजन करने की सलाह दी। इस दौरान प्रधानाध्यापिका सीमा त्रिवेदी सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे।


विद्यालय में छात्राओं के दांतों का परीक्षण करते डॉ वरुण सिंह

# खबरें चलते-चलते

## समाधान दिवस में आठ में से दो शिकायतों का निस्तारण हुआ

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** शासन के निर्देश पर स्थानीय कोतवाली मे एसडीएम व सीओ सदर की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें फरियादियों से मामलों के संबन्ध मे पूंछताछ कर राजस्व व पुलिस कर्मियों को समस्याओं के निस्तारण के आवश्यक निर्देश दिये। शनिवार को कोतवाली परिसर मे आयोजित समाधान दिवस मे पहुंचे छिबरामऊ उप जिलाधिकारी उमाकान्त तिवारी एवं सीओ सदर कमलेश कुमार के समक्ष कुल आठ फरियादियों नें अबैध अतिक्रमण, जमीनों पर अबैध कब्जा किये जानें की शिकायत की गयी। जिसपर उप जिलाधिकारी व सदर क्षेत्राधिकारी ने मौके पर ही दो शिकायतों का निस्तारण कर दिया। जबकि अन्य शिकायतों की जॉच कर आवश्यक कार्यवाही किये जानें के निर्देश दिये। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे, निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह व राजस्व निरीक्षक प्रेमकृष्ण मिश्रा, लेखपाल कौशल पाण्डेय, रोहित यादव, सहित तमाम राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## सपा के जागरूकता अभियान में ग्रामीणों की जुटी भीड़

**तिर्वा।** तिर्वा विधानसभा क्षेत्र के बछ्ज्जापुर गांव में शनिवार को समाजवादी पार्टी द्वारा जागरूकता सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में सपा नेताओं ने लोगों को सपा की सदस्यता दिलाई। इस दौरान करीब एक सैकड़ा ग्रामीणों ने सपा की सदस्यता ली। आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष मुनेश राठौर, युवजन सभा के जिलाध्यक्ष गुलामुद्दीन व छात्रसभा के जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में महंगाई व भ्रष्टाचार बढ़ता जा रहा है। पढ़ा-लिखा युवा नौकरी न मिलने के अभाव में भटक रहा है। प्रदेश में लगातार अपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रही है। इस सरकार में सबसे ज्यादा पेपर लीक हो रहे हैं। जिससे युवाओं का भविष्य अंधकार में जा रहा है। इस मौके पर कार्यक्रम के प्रभारी उमेश यादव, विधानसभा अध्यक्ष शरद यादव, देवेन्द्र प्रताप सिंह, नसीम खान, विधानसभा प्रभारी राघवेन्द्र राजपूत सहित कई सपा नेता मौजूद रहे।

## पहली बार नगर भ्रमण पर निकलेंगे बाबा दौलेश्वर

**तिर्वा।** कस्बे के सिद्धपीठ बाबा दौलेश्वर धाम मंदिर से सोमवार को बाबा की पालकी यात्रा निकाली जाएगी। इसको लेकर कमेटी के सदस्यों ने तैयारियां शुरू कर दी है। कस्बे में पहली बार बाबा सिद्धपीठ दौलेश्वर धाम की पालकी यात्रा निकाली जा रही है। इसको लेकर श्रृंगार कमेटी के सदस्यों ने तैयारियां शुरू कर दी है। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि बाबा दौलेश्वर पहली बार मंदिर परिसर से निकलकर कस्बे में भ्रमण करेगें। इसके लिए उनकी पालकी को आकृषक ढ़ंग से सजाया जा रहा है। यह यात्रा बाबा दौलेश्वर धाम से शुरू होकर तिर्वा-कन्नौज फोरलेन मार्ग से होते हुए मां काली मंदिर तक जाएगी। जगह-जगह श्रद्धालु पालकी में मौजूद बाबा के दर्शन करेगें।

## शहर हर हर महादेव ओम नमः शिवाय के नारों से गूंजा

**छिबरामऊ कन्नौज।** शहर के सिद्ध पीठ गंगेश्वर नाथ मंदिर से बाबा गंगेश्वर नाथ शहर भ्रमण से पहले आरती करके यात्रा का शुभारंभ किया गया श्रावण मास के नाग पंचमी के दिन बाबा गंगेश्वर नाथ महाराज शहर भ्रमण से पूर्व यात्रा की आरती महंत प्रेमानंद गिरी नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मनोज दुबे के साथ गढ़ममान लोगों ने आरती कर यात्रा का शुभारंभ किया भ्रमण यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था की कमान प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार सिंह बिशनगढ़ थाना प्रभारी विनोद कुमार शाहित भारी मात्रा में पुलिस फोर्स व राजस्व कर्मचारी साथ रहे शहर में शहर में सैकड़ो स्थान पर बाबा गंगेश्वर नाथ यात्रा का पुष्प बरसाकर स्वागत किया गया।

# अब्जका इकाई ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

- सुप्रीम कोर्ट के एक अगस्त के आदेश को निष्प्रभावी बनाने की मांग की

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**


एसडीएम सदर को ज्ञापन देते अब्जका इकाई के पदाधिकारी

**अखिल भारतीय** अनुसूचित जाति /जनजाति कर्मचारी कल्याण एसोसिएशन जनपद इकाई के द्वारा महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदर रामकेश सिंह को दिया गया। इस दौरान अब्जका जनपद इकाई कन्नौज के जिलाध्यक्ष सर्वजीत आर्या ने बताया कि ज्ञापन की प्रमुख माँग में सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक अगस्त को एक निर्णय दिया गया। जिसमें कहा गया कि राज्य सरकारें चाहें तो अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति में भी उपवर्गीकरण कर सकती हैं। और क्रीमिलेयर की व्यवस्था को लागू कर सकती हैं। सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय से समूचा अनुसूचित जाति/ जनजाति समुदाय आहत है। इस निर्णय से सामाजिक विषमता आएगी और राजनीतिक दलों द्वारा इसके दुरुपयोग किए जाने की पूर्ण आशंका है। अनुसूचित जाति की ओबीसी वर्ग से तुलना नहीं की जा सकती क्योंकि अनुसूचित जाति का आरक्षण हिन्दू धर्म में व्याप्त छुआछूत का मुख्य कारण है जोकि सामाजिक भेदभाव के रूप में अभी भी दिखाई देता है। वरिष्ठ उपमहासचिव अबधनारायण दोहरे ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय के लागू होने से प्रतिनिधित्व /आरक्षण का मूल ढांचा ही चरमरा जाएगा। यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 341 और 342 का स्पष्ट उलंघन भी है। अतः इस सम्बंध में हम लोगों की सभी राजनैतिक दलों से यह मांग है। कि संसद द्वारा विशेष सत्र को आहूत करवा करके संविधान संशोधन विधेयक ला करके सुप्रीम कोर्ट के उक्त निर्णय को निरस्त किया जाए और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति का मूल ढांचा बरकरार रखा जाए। इस दौरान महामंत्री बृजेन्द्र कमल, कोषाध्यक्ष रामनरेश गौतम, वरिष्ठ उपमहासचिव अवधनारायण दोहरे, प्रांतीय संगठन मंत्री कैलाश बाबू गौतम, रमा संगठन की जिला अध्यक्ष दीपमाला, कल्पना आर्या, स्मिता गौतम, रेनू कमल, जसकरण, राकेश बौद्ध,संदीप कुमार,सी एल गौतम , जितेंद्र कुमार, विवेक प्रकाश, विनय कुमार सिद्धार्थ, अनुराग गौतम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# टायर फटने से अनियंत्रित हुई पिकअप, भिड़ी डीसीएम से




**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

**कस्बा के** निकटतम नेशनल हाईवे पर शनिवार को करीब चार बजे कन्नौज की ओर जा रही पिकअप का टायर फट गया। जिससे पिकअप अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी। उसी के पीछे आ रही डीसीएम की पीछे से भिंडत गयी। डीसीएम की इतनी तेज रफ्तार थी वह डिवाइडर तोड़ दूसरी ओर आ गयी। और वह पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी हालाकि फिर एक बड़ा हादसा होते हुए टल गया। यह देख लोगो की भीड़ एकत्रित हो गयी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँच गयी। मौके पर पहुँची पुलिस ने तुरंत ही क्रेन को मंगाकर पिकअप गाड़ी संख्या UP74 AT3494 व डीसीएम संख्या DL1LAD6888 को जसोदा चौकी ले गयी।

# डीएम व एसपी की मौजूदगी में नहीं हल हुए चार विवाद

- डीएम व एसपी ने थाना समाधान दिवस में सुनी शिकायतें
- 11 फरियादियों ने अफसरों के सामने रखी शिकायतें, सात निस्तारित

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**तिर्वा कोतवाली** परिसर में शनिवार को सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान आए जमीनी विवादों को लेकर डीएम समेत कई अफसर चकरा गए। घण्टो के तक जानकारी करने के बाद भी अफसर उसका कोई हल नहीं निकाल सके। समाधान दिवस के दौरान 11 फरियादियों ने अपनी शिकायतें अफसरों के सामने रखी। जिनमें से सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ला व एसनी अमित कुमार आनन्द की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समाधान दिवस के दौरान दौलीखाती गांव निवासी रामशंकर, कमलेपुर्वा गांव निवासी गोविन्द, बछ्ज्जापुर गांव निवासी अशलम, कटरा बहसार गांव निवासी फूला देवी सहित 11 फरियादियों ने जमीन संबंधित विवाद अफसरों के सामने रखे। इनमें सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। चार जमीन संबंधित विवादों का आखिरी तक हल नहीं निकल सका। सभी शिकायतों को तहसीलदार को जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान डीएम ने कहा कि समाधान दिवस में आने वाली सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से समय से निस्तारण करें। इस दौरान एएसपी अमित कुमार, तहसीलदार अवनीश कुमार, कोतवाल जितेन्द्र प्रताप सिंह सहित कई अफसर व कर्मचारी मौजूद रहे।

# विकलांग की जमीन पर दबंगों ने किया कब्जा

**छिबरामऊ कन्नौज।** विकलांग की जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर लिया जब पीड़ित ने कब्जा हटवाने के लिए कहा तो उक्त लोग मारपीट पर आमादा हो गए जिससे परेशान होकर विकलांग ने थाना समाधान दिवस से लेकर एसपी तक मदद की लगाई गुहार कस्बा किदवई नगर के रहने वाले छुट्टन अली पुत्र साजिद अली एसपी को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मेरे भाई ने मुझे वयस्क होने के बावजूद अवस्यक दिखाकर जमीन को अपने नाम कर लिया था प्रार्थी रोजी-रोटी की तलाश में इटावा में रहने लगा कुछ दिन बाद वापस आया तो उसे जगह पर निर्माण हो गया था जब कब्जा हटाने के लिए कहा तो उक्त लोग गाली गलौज मारपीट पर आमादा हो गए जिससे परेशान होकर विकलांग ने कई बार थाना समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र भी दिया कार्रवाई न होने पर एस पी की चौखट पर पहुंच कर न्याय की गुहार लगाई।

# पर्यावरण का स्वच्छ व सन्तुलित रहना जरूरी है: विजय मिश्रा

- कांग्रेस पूर्व प्रदेश सचिव ने पौधरोपण कर जागरूक किया

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**



**राजीव गांधी** वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत कांग्रेस पूर्व प्रदेश सचिव ने कांग्रेसजनों के साथ विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित करने के उपरान्त उन्होने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिये। जिससे हम सभी को स्वच्छ जलवायू प्राप्त हो सके।

शनिवार को क्षेत्र के ग्राम फक्करपुर में पौधरोपण करनें के उपरान्त कांग्रेस पूर्व प्रदेश सचिव ने कहा कि पर्यावरण का स्वच्छ एवं सन्तुलित रहना मानव सभ्यता के आस्तिव के लिये परम आवश्यक है। पेड़ हमारे जीवन मे भोजन और पानी की तरह महत्वपूर्ण है। यदि पेड़ नही होगे तो जीवन बहुत कठिन बन जायेगा। उन्होने कहा कि पेड़ हमें स्वस्थ और समृद्ध जीवन देने मे सहायक होते है। उन्होने ग्रामीणों को संबोधित करते हुये कहा कि हमारे देश के प्रत्येक नागरिक अगर वृक्षो को बचाओ, पौधो को लगाओ कि पहल करें तो हमारे देश मे प्राकृतिक परिवर्तन देखने को जरूर मिलेगा। क्यो कि वृक्ष ही है जो बारिश को धरती पर लाने मे मदद करते है। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष रमेश सविता, डॉ. कौशलेंद्र राजपूत, श्रीकृष्ण यादव, वीरेंद्र सोलंकी, इस्लामुद्दीन, सचिन राजपूत, अरुण कुमार, मुन्ना खान, तनिष्क गुप्ता, तरुण मिश्रा, सूरज गुप्ता, विनय त्रिपाठी सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम बड़ी धूमधाम के साथ होगा संपन्न

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**श्री गणेश** महोत्सव कार्यक्रम 2024 बैठक संपन्न जय बालाजी सेवा समिति इंदिरा आवास कॉलोनी फर्रुखाबाद रोड छिबरामऊ के सौजन्य से संचालित होने वाला श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम हर वर्ष की बात ईश्वर सभी बड़ी धूमधाम के साथ संपन्न होगा। इस बार भी समिति जय बालाजी सेवा समिति के अध्यक्ष पद पद सर्वेश कुमार तिवारी को सोपा गया तथा रजनी सक्सेना ने कहा अब समय कम है हम सभी को अपनी सामर्थ अनुसार सहयोग कर कार्यक्रम को भव्य बनाने में अपना पूरा सहयोग करना चाहिए दशरथ श्रीवास्तव ने कहा हमें पिछले वर्षों की भाति इस वर्ष कुछ ज्यादा मेहनत करनी होगी ताकि इस वर्ष और ज्यादा भव्यता के साथ कार्यक्रम संपन्न हो सके जल्दी ही अगली बैठक की घोषणा की जाएगी जिसमें सदस्यता अभियान चलाया जाएगा श्रीमती गीता कश्यप ने कहा कि हम सब का प्रयास रहे कि यह महोत्सव इसी प्रकार से आगे भी चला रहे मेरी तरफ से महोत्सव में पूरा सहयोग रहेगा सुभाष चंद्र गुप्ता ने कहा की जय बालाजी सेवा समिति इंदिरा आवास कॉलोनी फर्रुखाबाद रोड छिबरामऊ के द्वारा संचालित श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम की शहर में एक अलग ही पहचान है इस महोत्सव से इंदिरा आवास की अलग ही पहचान है हमें पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्यक्रम में सहयोग करना चाहिए बैठक में दशरथ श्रीवास्तव राजू गुप्ता सुभाष चंद्र गुप्ता छोटेलाल शर्मा विश्वनाथ रजनी सक्सेना बबली श्रीवास्तव पिंटू श्रीवास्तव प्रतिक श्रीवास्तव कुसमा चौहान अनामिका तिवारी यशिका तिवारी कार्तिक माही मीना मिश्रा गीता कश्यप बबलू सविता भोलू सरदार हरिओम मिश्रा यश तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में समिति के अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी ने सभी से कार्यक्रम में सहयोग करने की अपील की तथा बैठक में सम्मिलित होने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया अंत में सभी को जलपान कराया गया।

# भाकियू ने निकाली सद्भावना ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

- उप जिलाधिकारी सहित प्रशासन ने रोका यात्रा का मार्ग, प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा



**भाकियू** टिकैत के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा सैकड़ो की संख्या में ट्रैक्टरों द्वारा प्रतिवर्ष की तरह सद्भावना ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की छिबरामऊ एसडीएम सहित भारी संख्या में पुलिस बल ने यात्रा को रोक दिया। किसान नेताओं एवं प्रशासन के बीच तीखी झड़पें हुई। जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंप कर सभी मांगों को पूरा किए जाने की बात कहते हुए अल्टीमेटम देकर कहा कि यदि सभी मांगों का समय से निस्तारण न हुआ तो पुनः आंदोलन करेंगे।

शनिवार को भाकियू के शीर्ष नेतृत्व निर्देश पर सद्भावना ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में निकाली गई जिसमें भारी संख्या में ट्रैक्टरों पर कार्यकर्ताओं ने बैठकर नारेबाजी की इससे पूर्व लगभग सुबह 08 बजे से लेकर 10 बजे तक छिबरामऊ एसडीएम उमाकान्त तिवारी एवं सदर क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार, प्रभारी प्रभारी आलोक दुबे ने भारी पुलिस बल के साथ जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी को नजर बंद कर लिया। काफी जद्दो जहद के बाद जब सैकड़ो की संख्या में ट्रैक्टरों के साथ पहुंचे हजारों कार्यकर्ताओं को देखकर प्रशासन हलकान हो गया। इस्माइलपुर कार्यालय से रवाना होकर सद्भावना यात्रा जैसे ही महबूब कोल्ड स्टोरेज के पास पहुंची छिबरामऊ एसडीएम सहित भारी संख्या में पुलिस ने रास्ता रोक लिया जिस पर किसान पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आक्रोश में आ गए उन्होंने पुलिस प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी शुरू कर दी। जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने उन्हें समझाकर शांत कर दिया। जिलाध्यक्ष ने किसानों की समस्याओं से संबंधित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंप कर कहा कि यदि सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान ना हुआ तो वह पूरी तैयारी के साथ धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। दिए गए ज्ञापन में स्थानीय समस्याओं को लेकर कहा गया है कि समधन नगर पंचायत के आंशिक भाग इस्माइलपुर की गलियों में पानी भरा हुआ है कई बार अधिशासी अधिकारी को अवगत कराने के बावजूद भी समस्या से निजात नहीं दिलाई गई है। जनपद में बिजली व्यवस्था को ठीक किया जाए एवं निर्वाध बिजली आपूर्ति दी जाए। किसानों से लेखपाल और कानून द्वारा अवैध रूप से पैसा वसूल रहे हैं। उच्चाधिकारियों द्वारा संज्ञान में लेते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। किसाने की जमीन पर पुलिस अवैध कब्जा करवा रही है। समितियां में समय से पहले खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाये। विद्युत विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर के नाम पर किसानों को डराया जा रहा है इसे तत्काल रोका जाए। शासन के निर्देशानुसार 18 घंटे विद्युत आपूर्ति दी जाए। उन्होंने कहा कि यदि इन सभी समस्याओं का समाधान ना हुआ तो जिला मुख्यालय एवं तहसील मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ. कुसुम चौहान, डॉ. साजिद हुसैन, इरशाद अली, पिंटू यादव, मो. शहराज, महेंद्र सिंह ठाकुर, सुरेश सिंह यादव, प्रधान मो शमीम हबलू, उपेंद्र राजपूत, आलोक कुमार, मारूफ खान, मुईन अहमद, सर्वेश पाल, पप्पू श्रीवास्तव, आलोक तिवारी, राहुल कुमार, सचिन पांडे, प्रधान रामकिशोर मिश्रा, रामसागर त्रिवेदी, टीटू दुबे, गौरव दुबे, राकेश पांडे, अवध बिहारी अवस्थी, अनवर खान, रंजीत, रामनरेश, शैलेंद्र कुमार, ज्ञान सिंह दिवाकर, अकील फारुकी, हसरुद्दीन खान सहित भारी संख्या में किसान एवं कार्यकर्ता मौजूद है।

फोटो परिचय 10जीयूआर01-एसडीएम को ज्ञापन सौंपते जिलाध्यक्ष एवं ट्रैक्टर सद्भावना तिरंगा यात्रा निकालते कार्यकर्ता।

# प्रधान पति व उसके भाई को हिस्ट्रीशीटर व उसके भाइयों ने पीटकर किया बेदम

- चारागाह की भूमि पर जबरिया कर रहे बोरिंग का वीडियो बनाने पर दिया घटना को अंजाम
- ग्रामीणों ने बंधक बनाये गये प्रधान पति व उसके भाई को दरवाजा तोड़कर कराया मुक्त

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**चारागाह की** भूमि पर बोरिंग रुकवाने गये प्रधान पति तथा उसके भाई को हिस्ट्रीशीटर व उसके पुत्रों ने घर में बंधक बनाकर जमकर पीटा। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने दरवाजा तोड़ाकर दबंगों के कब्जे से प्रधान पति व उसके भाई को छुड़ाया। घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी गयी। पुलिस ने मामले जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार पीड़ित आनन्द प्रकाश पुत्र नाहर सिंह (प्रधान पति) त्योरी इस्माइलपुर का निवासी है। पीड़ित को शाम को ज्ञात हुआ कि चारागाह की भूमि पर गांव के दबंग हिस्ट्रीशीटर रामशरन पुत्र सुमेर, सतीश, शिवकुमार, अशोक, सुखेन्द्र पुत्रगण रामशरन निजी बोरिंग कर रहे थे। पीड़ित द्वारा उप जिलाधिकारी को सूचना दी गयी। मौके पर लेखपाल द्वारा निरीक्षण कर काम बन्द करवा दिया गया, परन्तु रात करीब 8.45 बजे पर लेखपाल को सूचना दी गयी कि बोरिंग कार्य पुनः शुरु कर दिया गया। लेखपाल के कहने पर मैं मौके पर गया तथा चारागाह की भूमि पर हो रही बोरिंग की वीडियो बनायी। जिसमें उक्त लोग गाली-गलौज करते हुए नाजायज असलहों के दम पर जबरिया बंधक बनाकर अपने घर के अंदर खींच ले गये व जान से मारने की कोशिश कर मारपीट की। जिसकी गांव के लोगों द्वारा मेरे भाई मनोज कुमार निवासी पिपराबोझी को सूचना दी गयी। वह भी मौके पर पहुंचा, तो इन लोगों ने योजनाबद्ध तरीके से आते ही लाठी-डंडों से प्रहार करना शुरु कर दिया। जान से मारने की नियत से फायर भी किये तथा अपने घर से जबरिया खींच ले गये। जहां घर के अंदर बंद करके लाठी-डंडों व अवैध असलहों की बटों से मारपीट की। जान से मारने का प्रयास किया। हमारे भाई को गम्भीर चोटें आयी हैं। उक्त घटना की गांव के लोगों को जानकारी हुई, तो वे लोग घटनास्थल पर पहुंचे और गेट नही खोलने पर गांव वालों ने गेट तोड़कर मेरे भाई को उक्त लोगों के कब्जे से छुड़ाया। उक्त लोगों द्वारा मेरे भाई का मोबाइल भी छीन लिया गया। जेब में पड़े 2400 रुपये भी छीन लिये। परिवार व गांव के लोग पिकअप से थाने लाये। जहां से उन्हें इलाज हेतु सरकारी अस्पताल भेजा गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच पड़ताल कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

## पति ने साले के साथ की मारपीट, दी तहरीर

**कंपिल, समृद्धि न्यूज**

**नगर के** मोहल्ला पट्टी मदारी निवासी महिला सीता ने बताया कि उनकी शादी जनपद कासगंज के मोहल्ला गंगेश्वर निवासी अमित श्रीवास्तव के साथ हुयी थी। मनमुटाव होने के कारण महिला काफी समय से पिता के साथ रह रही थी। शुक्रवार दोपहर पति अमित, देवर विशाल व ससुर रामेश्वर घर पर आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर भाई के साथ मारपीट कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मोहल्ले वालों के आने पर आरोपित मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पिता पुत्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आठ महीने पहले गायब हुए छात्र को पुलिस ने किया बरामद

- बिठूर रोड पर आइसक्रीम की ठेली चलाते मिला

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**आठ माह** पूर्व गायब हुए बालक को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया।

कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव दरौरा निवासी पीड़ित सत्यवीर पुत्र हाकिम सिंह ने थाने में धारा-363 आई.पी.सी. का मुकदमा दर्ज करवाया था। जिसमें कहा था कि मेरा भतीजा वरुण सिंह उर्फ विष्णु पुत्र संजीव उम्र 16 वर्षीय जो कि आरपी इंटर कॉलेज में कक्षा 9 का छात्र है। 8 जनवरी 2024 को सुबह 9.30 बजे लगभग स्कूल गया था, जो की स्कूल नहीं पहुंचा था तथा घर भी वापस नहीं आया था। जिस पर परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। उसके बाद परिजनों ने थाने में धारा 363 आई.पी.सी. का मुकदमा पंजीकृत किया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस जांच पड़ताल में लग गई, लेकिन काफी दिनों से उसकी लोकेशन ट्रेस नहीं हो पा रही थी। जैसे ही पुलिस को कल उसकी लोकेशन ट्रेस हुई उसके बाद में दरोगा गीतम सिंह मौके पर पहुंचे और आज उसको लेकर कमालगंज थाने पर आए। दरोगा गीतम सिंह ने बताया कि यह बिठूर रोड पर आइसक्रीम बेचने वाली ठेली चलता था, लोकेशन मिलने पर हम इसको लेकर थाने पर आए हैं जहां यह परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा।



दरोगा गीतम सिंह के साथ मौजूद छात्र वरुण

# महर्षि चरक की जयंती पर हुई पोस्टर प्रतियोगिता



पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेंती छात्रायें — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मेजर एस.डी.सिंह** पी0जी0 आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में चरक संहिता की जयंती मनायी गयी। आयुर्वेद संहिता एवं सिद्धान्त विभाग में स्थापित महर्षि चरक की प्रतिमा का विधिवत पूजन किया गया एवं कालेज के सभागार में चरक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने मनमोहक पोस्टर बनाकर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। जिसमें प्रथम पुरस्कार 2020 बैच की शाम्भवी कुमारी, द्वितीय 2023 बैच की सुभद्रा देवनाथ, तृतीय 2023 बैच के ब्योम सिंह ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन अरुण कुमार पाण्डेय ने किया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ0 अंजना दीक्षित ने की। पोस्टर प्रतियोगिता के जज डॉ0 सुनील कुमार गुप्ता डॉ0 शीलू गुप्ता रहे। आयोजनकर्ता डॉ0 मुकेश कुमार विश्वकर्मा तथा सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# लोहिया में बाहरी लोग प्रशिक्षु डाक्टर बताकर लिखते मिले दवाई

- बीते दिन सीडीओ ने एक बाहरी व्यक्ति को ड्रेसिंग करते पकड़ा था

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**थाना कादरीगेट** क्षेत्र के आवास विकास स्थित डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में डॉक्टर विवेक सक्सेना (बाल रोग विशेषज्ञ) इमरजेंसी में बच्चा देख रहे थे, तभी बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विवेक सक्सेना के 5 नंबर कक्ष में 3-4 लोग आकर बैठक गये और अपने को प्रशिक्षु बताकर बच्चों को दवा लिखने लगे। बताते चलें कि कुछ दिन पूर्व सीडीओ अरविंद मिश्रा ने जिला अस्पताल लोहिया का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान ड्रेसिंग रूम में एक बाहरी युवक ड्रेसिंग करता हुआ नजर आया था। सीडीओ ने बाहरी युवक की स्वयं अपने फोन से फोटो खींची थी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कार्यवाही करने के लिए कहा था। सीडीओ के निरीक्षण के बावजूद भी बाहरी लोग अपने आप को प्रशिक्षु बताकर डॉक्टर कक्ष में बैठ जाते हैं और मरीजों को दवाइयां लिखते हैं। मामले पर जिला अस्पताल लोहिया पुरुष सीएमएस डॉक्टर अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि बाहरी लोग अपने आप को प्रशिक्षु बताकर डॉक्टर कक्ष में बैठकर मरीजो को दवाइयां लिखते हैं। उसको दिखवायेंगे और जांच करके उन पर कार्रवाई की जाएगी। वही सीएमएस ने बताया कि मेरी जानकारी है कि कोई भी लिखा पढ़ी में प्रशिक्षु नहीं है।



बाल रोग विशेषज्ञ के कक्ष में बैठे बाहरी व्यक्ति

### बूढ़ी गंगा में भैंस को नहलाने गये किशोर की डूबने से मौत

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** बूढ़ी गंगा में भैंस को नहलाते समय किशोर की डूबकर मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार थाना शमशाबाद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरपारपुर निवासी प्रिंस उम्र 14 वर्ष पुत्र देवेंद्र यादव पिता के साथ बूढ़ी गंगा में भैंस को नहलाने गया था। भैंस गहरे पानी में जाने लगी। जिसे बचाने में प्रिंस भी भैंस के साथ डूबने लगा। पिता के चीखने चिल्लाने पर पर मौके पर पहुंचे कुछ लोगों ने किशोर को बचाया। जिसे परिजन लेकर एक प्राइवेट अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिस पर परिजन शव को लेकर घर चले आये। मृतक का भाई था।

# खबरें चलते-चलते

### जुए पर लगाम लगाने में खाकी हुई फेल

- आये दिन हारजीत को लेकर होता है विवाद

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** जुए पर लगाम लगाने में खाकी फेल नजर आ रही है। हार जीत को लेकर जुआरियों में आये दिन मारपीट होती है। जिससे मोहल्ले वालों का जीना दुश्वार हो गया है। उन्होंने जुए पर पाबंदी लगाने की मांग एसपी से की है। जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव फतेहउल्लापुर निवासी शेर सिंह ने बताया कि गांव में हर रोज जुँआ होता है। हम भी जुआ खेलते हैं। हर रोज की तरह आज भी गांव में ब्रह्मदेव महाराज के पास हम जुआ खेलने के लिए गए थे। जहां पर मैंने 900 रुपये पिटारु के जीत लिए और मैं घर चला गया। वापस आने पर पिटारू तथा पिटारू की पत्नी ने मेरे साथ में गाली-गलौज करके मारपीट कर दी। मैं शराब के नशे में था। इसीलिए पता ही नहीं चला कि कौन सी ऐसी चीज मार दी। जिससे मैं गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण करवाया। हालत गंभीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं गांव वालों ने बताया कि यहां पर रोज जुआ होता है और आए दिन गाली- गलौज व लड़ाई-झगड़ा होता रहा रहता है, लेकिन पुलिस यहां कभी नहीं आती है।

### वृद्ध महिला के साथ टप्पेबाजी, कुंडल व नकदी लेकर फरार हुए युवक

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** वृद्ध महिला के साथ दो युवकों ने टप्पेबाजी कर कुंडल व बैग में रखी 2500 रुपये की नकदी पार कर दी और फरार हो गये। पीड़ित महिला थाने पहुंची और घटना की जानकारी दी। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार महरुपुर रावी निवासी महिला सरला देवी पत्नी संतराम उम्र 60 वर्ष कस्बा में बाजार करने आई थी। रास्ते में सब्जी मंडी के पास पीछे से आए दो युवकों ने महिला से 2 रुपए मांगे। जिस महिला एक दुकान के सामने बैठ गई और पर्स निकाल कर रुपए देने लगी। महिला के साथ आए वृद्ध व्यक्ति को एक युवक ने बातों में उलझा लिया और टप्पेबाजों ने महिला के साथ टप्पेबाजी की घटना को अंजाम दिया। महिला के कान में पहने हुए कुंडल व बैग में रखी करीब 2500 रुपए की नगदी समेत बैग लेकर टप्पेबाज फरार हो गये। इसके बाद परेशान महिला ने आसपास युवकों की काफी खोजबीन की, लेकिन टप्पेबाजों का कोई पता नहीं चला। प्रभारी निरीक्षक ने बताया की घटना जांच की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मामला थाना कमालगंज क्षेत्र में रेलवे स्टेशन तिराहा का बताया गया है।

### पुलिस कप्तान ने कमालगंज थाने का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक ने थाने का औचक निरीक्षण कर थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार शनिवार को पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने कमालगंज थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान थाना के बाहर खड़े वाहनों व ई-रिक्शा खाड़ा होने पर नाराजगी जतायी। इसके साथ ही साथ थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नगर के अपराधियों की बैठक बुलायें और उनको निर्देश दें कि एक मौका उन्हें सुधरने का दिया जा रहा है। या तो सुधर जायें अन्यथा जेल जायें। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक ने अभिलेखों को देखा। इसके साथ ही साथ जनता के साथ सामंजस्य बैठाने की बात कही। जिससे जनता कोई भी घटना बताने में कोई संकोच न करे। साथ ही थानाध्यक्ष को अपराधों पर लगाने लगाने के निर्देश दिये।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**सत्य भारती** स्कूल ज्योना में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ बाल संसद, बाल सभा एवं हाउस एक्टीविटी, फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

जानकारी के अनुसार भारती एयरटेल फाउंडेशन द्वारा संचालित सत्य भारती स्कूल ज्योना में बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ बाल संसद, बाल सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न प्रकार की पारंपरिक एवं सांस्कृतिक परिधानों को पहनकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इसके साथ-साथ बच्चों ने बाल संसद का भी आयोजन किया। जिसमें ज्योना ग्राम पंचायत की ग्राम प्रधान रेखा देवी ने बच्चों के प्रश्नों के जबाब दिए और आश्वासन दिया कि बच्चों के सुझावों को ध्यान में रखकर विद्यालय का सहयोग सदैव किया जाएगा और विकास कार्य कराए जाएंगे। इस अवसर पर बच्चों ने फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता पर भी विभिन्न देशभक्त, वैज्ञानिक, भारत के महान पुरूषों, वीरांगनाओं, वीर योद्धाओं, वीर सैनिकों एवं महान खिलाड़ियों की वेशभूषा के परिधानों का प्रर्दशन कर खूब उपलब्धि हासिल की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य के द्वारा बच्चों को उनसें प्रेरणा लेकर भविष्य में एक सच्चे भारतीय बनकर सेवा का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिवलेश कुमार मिश्रा, क्लस्टर कोआर्डिनेटर रजीउल्लाह खान, डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर मनोज तोमर के साथ साथ अन्य अध्यापकगण आरजू, अंजली, अंचल गंगवार, प्रमोद पाण्डेय, अरूण, उजमा आदि ने भी बच्चों के साथ प्रतिभाग किया।



फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे — समृद्धि न्यूज

### बीएसएफ जवान के यहां चोरी का प्रयास विफल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** वीएसएफ जवान के यहां चोरी का प्रयास विफल हो गया। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव राजीपुर निवासी अजीत कुमार पुत्र अज्ञात कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि पीड़ित बीएसएफ का जवान है जो कि जम्मू कश्मीर में तैनात है। कल शाम 8 से 9 के बीच में गांव के पड़ोस में बच्चे का जन्मदिन था। जहां पर मेरी पत्नी शिखा शाम को अपने बच्चों के साथ जन्मदिन में शामिल होने के लिए घर में ताला लगाकर गई थी, लेकिन वह जल्दी ही घर में वापस आ गई। उसी बीच में कुछ अज्ञात लोगों ने घर का ताला तोड़घर में घुसकर चोरी करने का प्रयास किया, लेकिन पत्नी के जल्दी आने की वजह से चोरी नहीं हो पाई। इसके बाद पीड़ित ने 112 नंबर पर सूचना दी। उसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

# बाइक गिरने पर गाली गलौज व मारपीट

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**कमालगंज** थाना क्षेत्र के गांव नौसारा निवासी बालकराम पुत्र चिरौंजी लाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि शनिवार दोपहर लगभग 3.00 बजे मैं अपने जानवरों को चराने के लिए खेतों पर ले जा रहा था, तभी रास्ते में गांव के ही दिनेश पुत्र दलवीर की बाइक खड़ी थी। जानवर के लगने से बाइक गिर गई। जिस पर दिनेश गाली-गलौज करने लगा। जब मैंने इस बात का विरोध किया, तो दिनेश ने अपने भाई रमेश, धीरेंद्र तथा अपने पिता दलवीर पुत्र चिरौंजी लाल व अनीता पत्नी धीरेंद्र, निरमेश पत्नी परमेश को बुलाया। सभी लोग आए और एक राय होकर गाली-गलौज करते हुए धारदार हथियार से मारपीट कर दी। हथियार लगने से मेरे बाएं हाथ में गंभीर चोट आयी तथा उपरोक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने कहा कि जांच कर कार्यवाही की जाएगी।



जानकारी देता घायल बालकराम

# थाना दिवस में तहसीलदार ने सुनीं समस्यायें



समस्यायें सुनते तहसीलदार व मौजूद प्रभारी निरीक्षक — समृद्धि न्यूज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**थाना दिवस** में नायब तहसीलदार सृजन कुमार ने जन समस्याओं को सुना तथा निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये। प्रभारी निरीक्षक रामअवतार भी मौजूद रहे।

शनिवार को थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसीलदार सृजन कुमार व प्रभारी निरीक्षक रामअवतार ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। लालसहाय, सतीश, राजपाल, नंदराम पुत्र मन्नीलाल निवासी अताईपुर जदीद ने अपनी भूमिधर जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ थाना दिवस में शिकायत की है। उन्होंने कहा वह लोग दबंग किस्म के हैं तथा हमारी जमीन पर बार-बार कब्जा कर लेते हैं। मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। उन्होंने न्याय की गुहार लगायी है। प्रभारी निरीक्षक रामअवतार ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वाशन दिया है। इस मौके पर कुल चार शिकायतें आयीं। जिसमें से दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इस मौके पर क्राइम प्रभारी राजेश कुमार सिंह, एसआई विद्यासागर, एसआई प्रदीप शुक्ला, एसआई कीर्ति प्रकाश कनौजिया, कानूनगो विजयपाल, लेखपाल आकाश शुक्ला, लेखपाल अनुज कुमार आदि राजस्व अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सीपीवीएन में एएसआईएससी की ओर से क्वीज कम्पटीशन का हुआ आयोजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

**सीपी विद्या** निकेतन में (एएसआईएससी) की ओर से क्वीज कम्पटीशन का आयोजन किया गया। कम्पटीशन में सब जूनियर, सीनियर कैटेगरी में सीपी विद्या निकेतन अब्बल रहा। इस दौरान बरेली जोन के पाँच अलग-अलग विद्यालयों को तीन श्रेणियों मे बाँटा गया। कम्पटीशन में सीपी विद्या निकेतन, मॉडर्न पब्लिक स्कूल फर्रुखाबाद, क्रिस्तु ज्योति अकादमी कन्नौज सिटी, चिल्ड्रेन्स अकादमी छिबरामऊ व बीपीएस स्कूल एटा ने भाग लिया। सभी स्कूलों को तीन भागों मे श्रेणियों में बाँटा गया। सब जूनियर में कक्षा 8 तक, जूनियर में कक्षा 9 से 10 तक व सीनियर में 11 से 12 तक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कम्पटीशन में फिजिक्स, कैमिस्ट्री, बायोलॉजी, इतिहास व भूगोल विषय से सम्बन्धित प्रश्न पूछे गये। इस दौरान विद्यालय की प्रबन्धिका राज्य महिला आयोग की सदस्य पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डा0 मिथलेश अग्रवाल ने विजेता प्रतिभागियों को सार्टिफिकेट प्रदान कर सभी का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य एसके बाजपेई ने सभी प्रतिभागियों को इस प्रकार के कम्पटीशन में प्रतिभाग करते रहने के लाभ के बारे में जानकारी दी। उप प्रधानाचार्ये दीपक जैना ने विजय टीम के छात्रों को शुभकामनाएं दी। क्वीज प्रतियोगिता में कुलदीप राजपूत, राजजी अवस्थी व रजत राठौर ने क्वीज मास्टर बनकर प्रश्न पूछे। सब जूनियर में सीपी विद्या निकेतन, मॉडर्न पब्लिक स्कूल, सिटी चिल्ड्रेन्स अकादमी व जूनियर मे सीपी विद्या निकेतन, मॉडर्न पब्लिक स्कूल, सिटी चिल्ड्रेन्स अकादमी व सीनियर कैटेगरी मे सीपी विद्या निकेतन, क्रिस्तु ज्योति अकादमी, मॉडर्न पब्लिक स्कूल विजयी रहे।




विजेता छात्रों को पुरस्कृत करतीं मिथलेश अग्रवाल व प्रधानाचार्य आदि — समृद्धि न्यूज

# काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी के तहत प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**मदन मोहन** कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, श्याम कुमार तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सौरभ प्रताप सिंह व प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी ने किया। अध्यक्षता प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी ने की। काकोरी ट्रेन की घटनाक्रम पर आधारित 1857 से 1947 तक की क्रांति एकाकोरी के नायकों, स्वतंत्रता संग्राम में जुड़े ज्ञात व अज्ञात नायकों के विषय में बच्चों को अवगत कराने के उद्देश्य से



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व अन्य — समृद्धि न्यूज

जनपद स्तर पर प्रशासन द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, चित्रकला व पेंटिंग प्रतियोगिता, सुलेख व निबंध प्रतियोगिता तथा भाषण व वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में माध्यमिक स्तर के शासकीय, अशासकीय, वित्त विहीन विद्यालयों के छात्र-छात्राओं तथा बेसिक शिक्षा विभाग के प्राथमिक, जूनियर व कम्पोजिट विद्यालयों के ब्लॉक स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर चयनित 170 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इन प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र-छात्राओं को 15 अगस्त के संभावित कार्यक्रम में प्रमाण पत्र व प्रथम विजेता को 10 हजार रुपये, द्वितीय विजेता को 7500 रुपये, तृतीय विजेता को 5 हजार तथा सांत्वना को 1 हजार रुपये प्रति की धनराशि से सम्मानित किया जाएगा। विजेताओं की घोषणा जिलाधिकारी ने चयनित समिति के द्वारा किया जाएगा। संचालन समीक्षा अग्निहोत्री ने किया। शिक्षिका पूनम शुक्ला ने बताया कि सभी बच्चों ने बहुत ही उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया तथा मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह ने प्रश्न पूछे जाने पर बढ़-चढ़कर उत्तर दिए गए तथा अपने विचार भी साझा किये। उन्होंने काकोरी ट्रेन एक्शन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों पर भी प्रकाश डाला साथ ही सभी बच्चों को इस संबंध में जानकारी प्रदान की। निर्णायक समिति में डॉ0 महेश चंद्र राजपूत, कु0 अंजली यादव, गुलशन जहां ने सहयोग किया। प्रबंधक सुनील अग्रवाल द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मुनेन्द्र मिश्रा, डायट प्राचार्य अनुपम अवस्थी, नगर शिक्षाधिकारी नीरज अग्रवाल, दर्शना आर्य, दिव्या सिंह, सुधीर कुशवाहा, वैभव सोमवंशी, विजयलक्ष्मी, पारुल मिश्रा, ममता शुक्ला, महविश, जया अवस्थी, मधु कटियार, कविता चौहान, वरिष्ठ लिपिक अजंट सिंह, राघव मिश्रा, प्रदीप कुमार, पंकज औदिच्य आदि मौजूद रहे।

# लोधी जागृति मंच धूमधाम से मनायेगा वीरांगना अवंतीबाई की जयंती

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**लोधी जागृति** मंच की बैठक आरसी राजपूत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए हुई। जिलाध्यक्ष लोधी मनोज राजपूत ने आगामी कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आगामी 16 अगस्त को अमर शहीद वीरांगना अवंतीबाई लोधी की जयंती को मनाने की योजना बनाई और 21 अगस्त को पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 कल्याण सिंह बाबूजी पुण्य को ऐतिहासिक रूप से मानाने का निर्णय लिया गया। अध्यक्षता करते हुए आरसी राजपूत ने कहा की लोधी समाज के लोग आपने नाम के साथ सरनेम लोधी लगाने पर बल दिया। इस अवसर पर उधन सिंह,



बैठक में मौजूद लोधी जागृति मंच के पदाधिकारी

नरोत्तम सिंह, विश्वनाथ राजपूत, राहुल राजपूत, आदेश राजपूत, मानसिंह राजपूत, शेर सिंह राजपूत, तोताराम राजपूत, सोनू राजपूत, अनिल राजपूत, राघवेंद्र राजपूत, राजवीर राजपूत आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### चोरों ने बक्से व सेफ का ताला तोड़कर पार किये जेवरात

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बीती रात चोरों ने बक्से व सेफ का ताला तोड़कर हजारों रुपये के सोने चांदी के आभूषण पार कर दिये। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गॉव नरसिंहपुर निवासी सुखेन्द्र पुत्र हंसराम जो की हरियाणा प्रान्त के गुड़गॉव में प्राइवेट फैक्ट्री में नौकरी करता है। गॉव में उनका बेटा रहता है। बीती रात्रि अज्ञात चोर पड़ोसी की दीवार के सहारे सुखेन्द्र के घर में दाखिल हुए। चोर कमरे का ताला तोड़कर अन्दर कमरे में घुसे। उसमे रखें बक्से व अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखी सोने की अंगूठी, दो जोड़ी चाँदी की पायल, एक जोड़ी सोने के कुन्डल सहित घर का अन्य सामान चोर चुरा ले गये। वहीं गॉव के सन्जू गंगवार पुत्र सुरेश चन्द्र का ट्रैक्टर घर के बाहर खड़ा था। अज्ञात चोर ट्रैक्टर की बैट्री चुरा ले गये। घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने जाँच पड़ताल की।

### पांचवीं विशाल कावड़ यात्रा ढाईघाट पर पहुंची

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** पांचवी विशाल कांवड़ यात्रा ढाईघाट गंगा तट पर पहुंची। गंगाजी से जल भरकर गोला गोकर्णनाथ के लिए रवाना हो गयी। शनिवार को ढाईघाट गंगा नदी तट पर सैकड़ों की संख्या में कांवड़िया मिर्जापुर से कावड़ लेकर पहुंचे। इस दौरान कांवड़ियों में काफी उत्साह देखा गया। कांवड़िये बम-बम भोले की मस्ती में झूमते नजर आये। कांवड़ियों ने गंगा में स्नान किया और जल भरकर बम-बम भोले के उद्घोष करते हुए गोला गोकर्णनाथ के लिए रवाना हो गये। पूछने पर कांवड़ियों ने बताया कि यह उनकी पांचवीं कावड़ यात्रा है। युवकों में दिलजीत, भोले, विशनदयाल, पिंकू भोले, सत्येन्द्र भोले, दीपक भोले, संजीव भोले सहित दर्जनों कांवड़िये यात्रा में शामिल थे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस भी घाट पर तैनात रही। जो हर गतिविधि पर अपनी पैनी नजर बनाये रही।

### आईटीआई में प्रवेश की अंतिम तिथि 16 अगस्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण लखनऊ द्वारा चल रहे राजकीय औद्योगिक निजी प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2024-25 एक वर्षीय एवं सत्र 2024-26 दो वर्षीय प्रवेश चयन का परिणाम घोषित कर दिया गया। जिसकी अंतिम तिथि 16 अगस्त है। वेबसाइट पर भी जानकारी उपलब्ध है। प्रवेश लेने हेतु 16 अगस्त तक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ आईटीआई ठण्डी सड़क पर पहुंचकर प्रवेश ले सकते है। यह जानकारी प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने दी है।

### भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने नीमकरोरी मण्डल की ली बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा के मण्डल नीमकरोरी में हर घर तिरंगा कार्यशाला का आयोजन हुआ। मण्डल अध्यक्ष छत्रपाल व मण्डल महामंत्री बालगोविन्द, अजय दिवाकर, मोर्चा के अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह व जिला उपाध्यक्ष अतुल दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक ली। सभी को हर घर तिरंगा की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मौके पर मण्डल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पीडीए के तहत छात्रसभा का कार्यक्रम सोमवार को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल यादव ने नौ जवान पीडीए छात्र जागरुकता अभियान कार्यक्रम को लेकर छात्रसभा के जिलाध्यक्ष हर्ष गंगवार को जिम्मेदारी सौंपी है। वह 12 अगस्त को बद्री विशाल महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। साथ ही जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल यादव ने शमशाबाद के पूर्व नगर अध्यक्ष अवधेश पाण्डेय को जिला सचिव मनोनित किया है। यह जानकारी प्रवक्ता विवेक यादव ने दी है।

### शराब पीने से युवक की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गॉव मऊरसीदाबाद निवासी मोहित उम्र 35 वर्षीय पुत्र श्रीकिशन की हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ डाक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजनों ने बताया कि मोहित शराब पीने का आदी था। शराब पीने से उसकी हालत बिगड़ गयी और उसकी मौत हो गयी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में दो युवक झुलसे

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव सरैया निवासी गुरुदेव उम्र 26 वर्षीय पुत्र विनोद कुमार संदिग्ध परिस्थितियों में जल गया। वहीं क्षेत्र के गाँव कादरदादपुर सराय निवासी मोहन उम्र 29 वर्षीय पुत्र विनोद कुमार भी झुलस गये। दोनों को परिजनों ने कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

# सपाइयों ने मनाई वीरांगना फूलन देवी की जयंती

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



फूलन देवी की जयंती मनाते सपाई — समृद्धि न्यूज

**पूर्व सांसद** वीरांगना स्वर्गीय फूलन देवी की जयंती आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मनाई गई। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में सपाइयों ने वीरांगना फूलन देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि फूलन देवी एक संघर्ष की जीती जागती मूर्ति थी। जिस प्रकार से वह पिछड़े समाज की महिला होकर के भी उन्होंने अपने ऊपर हुए जुल्म के खिलाफ आवाज उठाई और अपने से बहुत बड़े ऐसे लोगों से लड़ी वह अपने आप में एक बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि नेताजी स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव ने हमेशा से ही पिछड़े और गरीब समाज को उठाने का काम किया और उनके संघर्ष को देखते हुए उन्हें देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा में सांसद बनाया। आज हम उन्हें याद कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। उन्होंने कहा उनके संघर्षों से बहुत कुछ सीखने की भी जरूरत है। प्रभारी छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव सुमित यादव, राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा सुजीत तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र शाक्य, जिला उपाध्यक्ष शशांक सक्सेना, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी अनुराग यादव, बंटी यादव, अवधेश पांडे आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर विनीत परमार, जियाउल हक, पूजा कठेरिया, निजाम अंसारी, रामपाल यादव, चंद्रेश राजपूत, अखिल कठेरिया, अमीर सिंह, मो0 शरीफ, कृष्ण कुमार, शिवम कुमार, शीलू, मुख्तार आलम, शिवशंकर शर्मा, पंकज कुमार, सचिन पांडे, जिला प्रवक्ता विवेक यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर बैठक सम्पन्न



बैठक लेते डीएम व अन्य अधिकारीगण — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉक्टर वीके सिंह की अध्यक्षता में पुलिस भर्ती परीक्षा विषयक बैठक का आयोजन किया गया। डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि जिनकी स्वच्छ छवि हो उनकी ही ड्यूटी लगाना सुनिश्चित करें यह विशेष ध्यान रखें कि दागी छवि वाले व्यक्तियों की ड्यूटी कदापि ना लगे। परीक्षा में कैमरे सक्रिय रखे जाएं, दो वाहन किराए पर ले लिए जाए, ताकि परीक्षा सुगमता से शासन की मंशा व नियमों के अनुसार संपन्न कराई जा सके। 15 एडेड व तीन 3 सरकारी स्कूलों में परीक्षा कराने की व्यवस्था निश्चित की गई है। अभ्यर्थियों के मोबाइल जमा कर लिए जाएंगे जो परीक्षा समाप्ति के उपरांत वापस कर दिए जाएंगे। बैठक में पुलिस अधीक्षक व संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रा.वि. मदारपुर में फाइलेरिया जागरुकता की दिलायी गई शपथ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


बच्चों को शपथ दिलाते प्रधानाचार्य

प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में स्वास्थ्य कार्यकर्ता/ आशा रामदेवी ने बच्चों को फाइलेरिया की दवा के साथ एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाई। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने सभी बच्चों को फाइलेरिया रोधी शपथ दिलाई। उन्होंने घर के अन्य सदस्यों को भी दवा खिलाने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य राजकिशोर शुक्ला ने कहा कि फाइलेरिया एक घातक बीमारी है। यह धीरे-धीरे शरीर में पनपती है। इसलिए दवा खाना बहुत जरुरी है। साल में एक बार दवा खाने से फाइलेरिया के कीटाणु मर जाते है और आगे कोई समस्या भी नहीं उत्पन्न होती है। इसलिए सभी लोग जागरुक हो और एल्बेंडाजोल की टेबलेट खाये। साथ ही बच्चों को जागरुक करते हुए शपथ दिलायी गई। इस मौके पर आकाश पाल, आशा देवी, रामदेवी आदि उपस्थित रहे।

# एमएलसी प्रांशुदत्त द्विवेदी ने मॉड्यूलर ओटी का किया उद्घाटन

- रीड की हड्डी के जटिल ऑपरेशन, दूरबीन से लिंगामैंट के होंगे आपरेशन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



**अब जनपद** में हड्डी रोग से जुड़े मरीज कुल्हा, कंधा, घुटना प्रत्यारोपण के लिए महानगरों के चक्कर काटने पड़ते है। अब जिले की जनता को राहत मिल गई है। माधव मैक्स हॉस्पिटल में अत्याधुनिक आपरेशन थियेटर का भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष एमएलसी प्रांशुदत्त द्विवेदी ने फीता काटकर शुभारंभ किया। माड्यूलर ओटी का उद्घाटन कर जनता को समर्पित कर दी है। जिससे मरीजों को काफी राहत मिली है। कम दरों पर बड़े आपरेशन जिले में ही संभव है। वहीं उद्घाटन के दौरान विधायक सुशील शाक्य, विधायक नागेंद्र सिंह राठौड़, मोहन अग्रवाल आदि लोग मौजूद रहे।

आवास विकास स्थित माधव मैक्स हॉस्पिटल में हड्डी रोग से जुड़े हुए कई जटिल ऑपरेशन पहले भी हो चुके हैं। एक वर्ष पहले माड्यूलर ओटी बनाने का काम शुरू हुआ। अब हॉस्पिटल में माड्यूलर ओटी का काम पूरा हो चुका है। नए बनाए गए मॉड्यूलर ओटी में इन्फेक्शन को कम करने के लिए बेहतर इंतजाम किए गए हैं। इसके साथ ही कुल्हा प्रत्यारोपण, घुटना प्रत्यारोपण, कंधा प्रत्यारोपण के साथ दूरबीन द्वारा लिगामेंट सर्जरी भी संभव हो गई है। जिससे मरीजों के इलाज में लगने वाले समय में कमी आ जाएगी। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ0 सुबोध वर्मा के नेतृत्व में मॉड्यूलर उल्टी का संचालन होगा। इसके साथ ही जरूरत पड़ने पर ज्वाइंट रिप्लेसमेंट ऑर्थो स्कोपिड सर्जन डॉक्टर आशीष की भी सेवाएं ली जाएगी। हॉस्पिटल के निदेशक डॉ अविनाश पांडे ने बताया की बिजली के मरीजों को जनपद में बेहतर उपचार मिल सके।

# डीएम ने दवा खाकर फाइलेरिया उन्मूलन का किया शुभारम्भ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**शनिवार से** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम शुरु हो गया है यह अभियान 2 सितंबर तक चलाया जायेगा। जिलाधिकारी वीके सिंह ने फाइलेरिया की दवा खाकर फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही डीएम कार्यालय में तैनात कर्मचारियों और फरियादियों को भी दवा खिलाई गई। डीएम ने कहा हमें अपने जिले से ही नहीं इस देश से भी फाइलेरिया रोग का समूल नाश करने के लिए अभियान के दौरान आपके घर पर आने वाले स्वास्थ्य कर्मी के सामने ही दवा का सेवन करना है।

सीएमओ ने कहा कि प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया रोग के बारे में जागरूक करेंगे साथ ही अपने सामने दवा खिलाएंगे और किसी भी स्थिति में दवा का वितरण नहीं किया जाएगा। उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आरसी माथुर ने बताया कि हाईड्रोसील हो जाना, हाथी पाँव हो जाना यानी पैरों में सूजन हो जाना, महिलाओ के स्तन में सूजन आ जाना यह सब फाईलेरिया रोग के लक्षण हैं। फाईलेरिया रोग मच्छरों द्वारा फैलता है। जिला मलेरियाधिकारी नौशाद अली ने बताया कि 2 वर्ष की आयु से ऊपर के लोगों को फाइलेरिया की दवा दी जायेगी। दवा खाली पेट नहीं खाना है। डीएमओ ने कहा कि अभियान के दौरान जिले के लगभग 21 लाख लोगों को अभियान के दौरान दवा खिलाई जायेगी। इस दौरान उप जिलाधिकारी सुभाष प्रजापति, एसीएमओ डॉ0 सर्वेश, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 दीपक, डीसीपीएम रणविजय, फाइलेरिया निरीक्षक दीपांशु यादव, विकाश, मलेरिया निरीक्षक नरजीत कटियार, पीसीआई से शादाब आलम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ करते डीएम व सीएमओ

# भाकियू ने बैठक में विद्युत खम्भों की गुणवत्ता का उठाया मुद्दा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन बलराज गुट की बैठक जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह पवन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैइक में विद्युत विभाग की ल्यूमिनो कंपनी बड़े पैमाने पर राज्य सरकार व जनता के रूपयो का चूना लगा रही है। जिसमें कंपनी के द्वारा लगाए गए खम्बों की गुणवत्ता भी खराब है और ग्राउंडिंग भी नहीं की जाती, कंपनी द्वारा लाइन से निकलने वाली पुरानी पंच केविल एवं अन्य सामान को ठेकेदार और कंपनी वाले मिलकर बेच देते हैं, जबकि जो लाइन उतारी जाती है किस जगह डंप की जाती है और कितनी बेंची जाती है बंच केविल के अलावा काफी सामान निकलता है वह कहां जाता है इन्हीं मुद्दों को लेकर भाकियू 12 अगस्त दिन सोमवार को डीएम को ज्ञापन सौंपेगा। इस अवसर पर सर्वेश सिंह, एनए खान, अनुराग शाक्य, डा0 प्रदीप सिंह, उज्जवलकांत, पंकज यादव, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद किसान नेता

# जनपद में अटेवा बनायेगा दो हजार सदस्य

- सदस्यता अभियान शुरू, ब्लाकवार बांटी गई रसीदें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पेंशन बचाओ मंच के तत्वाधान में जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह जाटव की अध्यक्षता में भोलेपुर स्थित एक गेस्ट हाउस में बैठक सम्पन्न हुई। जिला एवं ब्लाक कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने भाग लिया। अध्यक्षता करते हुए नरेन्द्र सिंह जाटव ने कहा कि जनपद में 2 हजार लोगों को सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित है। साथ ही ब्लाक वार सदस्यता रसीदों का वितरण किया गया। अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षकों एवं कर्मचारियों का एक ही सहारा पुरानी पेंशन है। जो मेरा अधिकार है। उसे हम लेकर रहेगें। सभी शिक्षक कर्मचारी अटेवा के बैनर तले आकर इस आंदोलन में भागीदार बने। जिससे पुरानी पेंशन बहाली का रास्ता साफ हो सकें। जबकि कई राज्यों में पुरानी पेंशन बहाल हो चुकी है। उत्तर प्रदेश में भी पुरानी पेंशन बहाल की जाये। इस मौके पर मुकेश कुमार, अनुराग गंगवार, जितेन्द्र सिंह, बीपी दीक्षित, फूल सिंह शाक्य, विमलेश शाक्य, प्रज्ञानंद, गौरव शाक्य, अंजुल यादव, सुशील संतोषी, प्रबल प्रताप सिंह, हिमांशु शुक्ला, डीके सिंह, विजेन्द्र मथुरिया आदि लोग मौजूद रहे।


बैठक में अटेवा की सदस्यता लेते पदाधिकारी

जयंती — जयंती पर फूलन देवी को समाज के लोगों ने किया याद

# जीवन भर फूलन देवी ने संघर्ष किया: अनिल कश्यप

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**निषाद पार्टी** के जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप के नेतृत्व में वीरांगना फूलन देवी की जयंती बढ़पुर स्थित कैम्प कार्यालय पर मनायी गई। कश्यप समाज के वरिष्ठ समाजसेवी एवं अन्य साथी गणों ने वीरांगना फूलन देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर केक काटा। अध्यक्षता ओम बाबू बाथम ने की। संचालन अजीत बाथम ने किया। राजकपूर बाथम ने फूलन देवी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि फूलन देवी का जन्म 10 अगस्त 1963 को उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के एक छोटे से गांव पूर्व में मल्लाह जाति गरीब परिवार में हुआ था। बचपन में ही फूलन देवी का विवाह पुत्तीलाल मल्लाह से हो गया था। उनके पति ने उन पर शुरू से ही अत्याचार करना प्रारंभ कर दिया था। जिससे परेशान होकर उन्होंने ससुराल में ना रहने का संकल्प कर लिया था। पुजारी सुरेंद्र कश्यप ने बताया कि फूलन देवी ने अपने ऊपर हुए पुलिस एवं समाज की अत्याचारों का बदला लेने के लिए चंबल का रास्ता चुन लिया और बाबू गुर्जर के गैंग में शामिल हो गई। वहां गैंग की दूसरे लीडर विक्रम मल्लाह से उन्होंने शादी कर ली।


फूलन देवी की जयंती मानते निषाद पार्टी के लोग

जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप ने कहा कि फूलन देवी ने अपने साथ हुए गलत कार्यो का बदला 7 माह में ही ले लिया। जिससे उनकी प्रसिद्ध देश के साथ-साथ विदेश में भी हो गई और फूलन देवी को आयरन लेडी कहा जाने लगा। फूलन देवी ने चंबल में रहने के बावजूद गरीबों की मदद करने के लिए सदैव प्रयास किया। गरीब कन्याओं की शादी में मदद करती रही। इस मौके पर मुनेश बाथम, कुलदीप बाथम, संदीप बाथम, सर्वेश बाथम, राय सिंह कश्यप, ओम बाबू बाथम, मौजी राम बाबा, जितेंद्र कनौजिया, ज्ञानेंद्र कश्यप, टिंकू कश्यप, अनुज कश्यप, रविंद्र कश्यप, विनोद कश्यप, सोमनाथ कश्यप, विजय कश्यप, कैलाश शंकर, महिपाल कश्यप, सुरेश कश्यप, अरविंद बाथम, अरविंद कश्यप, दुर्गेश कश्यप आदि लोग उपस्थित रहे।

# आजादी की लड़ाई में गुजरात ने दिया अहम योगदान : जेपी नड्डा

▸ राजकोट के रेसकोर्स मैदान से तिरंगा यात्रा की शुरुआत

एजेंसी



**राजकोट।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को गुजरात के राजकोट के रेसकोर्स मैदान से 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल और राज्य के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल की मौजूदगी में तिरंगा यात्रा शुरू हुई।

यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस मौके पर जेपी नड्डा ने कहा कि आजादी की लड़ाई में गुजरात का बड़ा योगदान रहा है। महात्मा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। प्रधामंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी के अमृतकाल में देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का स्वप्न देखा है, जिसे साकार करने का प्रण लिया है। उन्होंने युवाओं से अपील की है कि हमें आजादी सरलता से नहीं मिली है। हजारों वीर-शहीदों ने बलिदान दिया है और लाखों परिवार ने अपने सुख-चैन को त्याग कर दिन-रात देखे बिना मां भारती की आजादी के लिए संघर्ष किया है। इन महापुरुषों और आजादी के संघर्ष का इतिहास हमें याद रखना चाहिए। 9 अगस्त को महात्मा गांधी के अंग्रेजों हिंद छोड़ो का आह्वान का जिक्र करते हुए नड्डा ने कहा कि यह आंदोलन जन-जन की आवाज बन गई थी। सभा को मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, राजकोट की मेयर नयनाबेन पेढडीया समेत अन्य लोगों ने संबोधित किया। यात्रा का जगह-जगह गीत-संगीत, परंपरागत नृत्यों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ स्वागत किया गया।

## भारत-पाक बॉर्डर पर खेत में मिला पाकिस्तानी ड्रोन तीन किलो हेरोइन बरामद

**श्रीगंगानगर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को राजस्थान के अनूपगढ़ जिले से लगती भारत-पाकिस्तान सीमा की विजेता पोस्ट पर ड्रोन मिला है। इसके साथ तीन किलो हेरोइन बरामद की गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 15 करोड़ रुपये आंकी गई है। ड्रोन मिलने के बाद बीएसएफ ने पुलिस के साथ मिलकर पूरे क्षेत्र में सर्च अभियान शुरू किया है। बीएसएफ अधिकारियों ने बताया कि अनूपगढ़ के गांव 30 एपीडी के पास कालूराम नायक के खेत में ड्रोन मिला। किसान ने शनिवार की भोर में 4.15 बजे खेत में ड्रोन देखकर सूचना दी थी। इसके बाद टीम मौके पर पहुंची और खेत से पाकिस्तानी ड्रोन के साथ पीले रंग के पैकेट में बंधी तीन किलो हेरोइन बरामद की। पाकिस्तान से ड्रोन को हेरोइन की खेप के साथ भारत में तस्करी के लिए भेजा गया था लेकिन टेक्निकल फॉल्ट या बैटरी डिस्चार्ज होने के कारण ड्रोन सीमा के पास खेत में गिर गया।

# चेतावनी : कानून व्यवस्था सुधारें, नहीं प्रोजेक्ट रद्द कर देगा एनएचएआई : नितिन गडकरी

▸ मंत्री ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को एक लिखा पत्र

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेस-वे पर कानून व्यवस्था पर गंभीर चिंता जताते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पत्र लिखकर आठ हाइवे परियोजनाओं को रद्द करने की चेतावनी दी है।

केंद्रीय मंत्री ने ये भी कहा है कि ये सभी ग्रीनफील्ड कॉरिडोर हैं और अगर एक पैकेज भी रद्द होता है तो पूरा कॉरिडोर बेकार हो जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने पहले ही 104 किलोमीटर लंबी और 3,263 करोड़ रुपये की लागत वाले तीन राजमार्ग परियोजनाओं को भूमि की अनुपलब्धता का हवाला देते हुए समाप्त कर दिया है। गडकरी ने यह पत्र गुरुवार को लिखा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को एक पत्र लिखा। इसमें उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति नहीं सुधरती है तो भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) आठ और हाइवे प्रोजेक्ट रद्द कर देगा। जिसे एनएचएआई पंजाब में दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेस वे सहित कई ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड एनएच कॉरिडोर विकसित कर रहा है। इन प्रोजेक्ट की कुल लागत 14,288 करोड़ रुपये है। उन्होंने इसके साथ ही भूमि अधिग्रहण से जुड़े मुद्दों को भी उठाया है। गडकरी ने अपने पत्र में कहा है कि यहां पर कार्यरत एनएचएआई अधिकारियों, ठेकेदारों और उनके कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर उन्हें चिंता है। उन्होंने यहां पर हुए हमलों की तस्वीरें भी संलग्न करते हुए प्राथमिकता के आधार पर इन्हें हल करने को लेकर मान से इस मामले में व्यक्तिगत हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने पत्र में यह भी लिखा है कि जैसा उनके संज्ञान में है कि इस संबंध में कोई प्रगति नहीं हुई है और स्थिति और खराब हो गई है। उन्होंने अपने पत्र में अनुरोध किया है कि राज्य सरकार तुरंत सुधारात्मक कदम उठाए। एफआईआर दर्ज करे और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। एनएचएआई अधिकारियों और रियायतग्राहियों के कर्मचारियों का विश्वास बहाल हो सके।

# अयोध्या देश के सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक, प्रभु श्रीराम हमारे जीवन आदर्श : मुख्यमंत्री

एजेंसी



**जयपुर/दौसा।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर सिकराय विधानसभा क्षेत्र के विधायक विक्रम बंशीवाल एवं मेधावी छात्राओं ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने विधायक बंशीवाल की पहल पर हवाई मार्ग से अयोध्या दर्शन के लिए जा रही मेधावी छात्राओं को आशीर्वाद प्रदान किया।

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि अयोध्या दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केन्द्र बन चुका है, जो कि हमारे देश के गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि रोम-रोम में बसने वाले प्रभु श्रीराम हम सभी की जीवन पद्धति के आदर्श हैं। शर्मा ने कहा कि बच्चों में सांस्कृतिक केन्द्रों को लेकर अभिलाषा बनी रहती है। इस यात्रा से धार्मिक दर्शन के साथ ही भारत की समृद्ध संस्कृति एवं विरासत के साक्षी बनने का अनुभव प्राप्त होगा और जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत होगी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान छात्राओं को यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने छात्राओं के अनुरोध पर तिरंगे के साथ सेल्फी भी खिंचवाई। मुख्यमंत्री ने विधायक विक्रम बंशीवाल की बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में की गई पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह पहल भावी छात्र-छात्राओं की हौंसला अफजाई का काम करेगी।

### बेटियां राम मंदिर के दर्शन

विधायक की पहल पर सीनियर बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा सीमा मीना, शिवानी मीना, लक्ष्मी गुर्जर, रविना बैरवा, शिवानी मीना, हेमलता मीना, काजल सैनी, मनीषा सैनी, रीना मीना, काजल मीना, कोमल मीना, कोमल बैरवा, कविता योगी, पायल मीरोठा, कोमल खेड़ली, कोमल नांगल चांपा, कोमल गुर्जर, कोमल नाहरखोर्रा, निहारिका वैष्णव, आरती मीना, मनीषा मीना, भारती मीना, रचना मीना, रौनक मीना, सपना बैरवा, सानिया डोई, अंजली शर्मा, कोमल मीना तथा सैकंडरी बोर्ड की ज्योत्सना मीना, पायल बैरवा, मारिया बैरवा, बुद्धिप्रदा बांकावत, लक्ष्मी गुर्जर, किरण बैरवा, जन्नत सैनी, शिवानी सैनी, नीतू सैनी, रश्मि कसाना, किरण कसाना, रीना मीना आदि सैनी हवाई यात्रा कर राम मंदिर के दर्शन करेंगी।

## हसीना ने आधिकारिक तौर पर प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया : सजीब

**ढाका।** बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे सजीब वाजिद जॉय ने शनिवार को कहा कि उन्होंने (सुश्री हसीना) देश छोड़ने से पहले आधिकारिक तौर पर प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया है। सजीब ने यहां अपने बयान में कहा कि सुश्री हसीना को समय नहीं मिला और उन्होंने आधिकारिक तौर पर प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया है। मेरी मां ने एक बयान जारी करने और अपना इस्तीफा सौंपने की योजना बनायी थी , लेकिन फिर प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री के आवास की ओर मार्च करना शुरू कर दिया। और समय नहीं था।जहां तक संविधान की बात है, तो वह अभी भी बंगलादेश की प्रधानमंत्री हैं। बंगलादेश के राष्ट्रपति ने सैन्य प्रमुखों और विपक्षी नेताओं से परामर्श के बाद संसद को भंग कर दिया था, लेकिन प्रधानमंत्री के औपचारिक रूप से इस्तीफा दिए बिना कार्यवाहक सरकार के गठन को अदालत में चुनौती दी जा सकती है।

# दो मृतक आश्रित महिलाओं को योगी ने दिया आर्थिक संबल

समृद्धि न्यूज

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में दो मृतक आश्रित महिलाओं को क्रमशः पांच और दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि सौंपी और भरोसा दिलाया कि दुख और संकट की हर परिस्थिति में सरकार उनके साथ खड़ी है।

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर जिले के खजनी क्षेत्र के बेलवाडाढ़ी निवासी धर्मात्मा सिंह के निधन के बाद परिवार को आर्थिक संबल की आवश्यकता को देखते हुए उनकी पत्नी कमलेश सिंह को मुख्यमंत्री राहत कोष से पांच लाख रुपये की सहायता राशि का चेक सौंपा। गोरखनाथ मंदिर में चेक देने के साथ मुख्यमंत्री ने परिवार का हाल जाना और आश्वस्त किया कि संकट में मदद करने में उनकी सरकार हमेशा तत्पर है। इस अवसर पर सहजनवा के विधायक प्रदीप शुक्ल भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने इसी तरह से शनिवार सुबह महानगर के सूरजकुंड कॉलोनी निवासी श्रीकृष्ण अरुंधती मिश्रा को भी मुख्यमंत्री राहत कोष से दो लाख रुपये की आर्थिक मदद का चेक प्रदान किया। श्रीमती अरुंधती के पति सिद्धार्थ शंकर मिश्र का निधन हो गया है और उन्हें मुख्यमंत्री की तरफ से यह धनराशि मृतक आश्रित सहायता के रूप में दी गई। योगी ने उन्हें भी आश्वस्त किया कि दुख की घड़ी में सरकार उनके साथ खड़ी है। इस दौरान गोरखपुर ग्रामीण के विधायक विपिन सिंह भी उपस्थित रहे। गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंभीर बीमारी में इलाज के लिए वार्ड नम्बर ग्यारह पिपराइच निवासी चंदन जायसवाल पुत्र दयानंद जायसवाल को डेढ़ लाख रुपये की आर्थिक सहायता की धनराशि का चेक प्रदान किया। यह धनराशि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से उपलब्ध कराई गई है।

## खबरें एक नजर में

### राष्ट्रपति ने वीवी गिरि को जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को तिमोर–लेस्ते में पूर्व राष्ट्रपति वीवी गिरि को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति मुर्मू तीन देशों की राजकीय यात्रा के अंतिम चरण में आज तिमोर–लेस्ते में हैं। वीवी गिरि भारत के चौथे राष्ट्रपति थे। वे 24 अगस्त 1969 से 24 अगस्त 1974 तक इस पद पर रहे। 10 अगस्त 1894 को ओडिशा के बरहामपुर में जन्मे गिरि भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में एक प्रमुख व्यक्ति थे, जिन्हें श्रमिक आंदोलन में उनके योगदान और श्रमिकों के अधिकारों के लिए उनकी मजबूत वकालत के लिए जाना जाता है।

### एसटीएफ ने तस्करी के दो सरगनाओं को किया गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** ड्रग्स तस्करी के दो सरगनाओं को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने आज बताया कि पड़ोसी राज्य से मादक पदार्थों की तस्करी की चल रही जांच में इंस्पेक्टर शंकर ज्योति नाथ के नेतृत्व में असम पुलिस की एसटीएफ टीम ने सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल दो सरगनाओं को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने बताया कि वे इस व्यापक मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क को वित्तपोषित करने में भी शामिल हैं, जिससे बड़े पैमाने पर अवैध व्यापार को बढ़ावा मिल रहा है। पुलिस तस्करों से पूछताछ कर आगे की जांच जारी रखे हुए हैं।

### अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्कर सिमरनजोत संधू गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने विदेशों में रहकर भारत में ड्रग्स और हथियारों की तस्करी करने वाले सरगना सिमरनजोत संधू को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़ा गया तस्कर कई देशों में वांछित था। पंजाब पुलिस के आईजी (मुख्यालय) सुखचैन सिंह ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि मोगा पुलिस ने एक केंद्रीय एजेंसी के साथ संयुक्त अभियान में सिमरनजोत संधू को गिरफ्तार किया है। वह बटाला के पास गांव गोखूवाल का रहने वाला है। मोगा पुलिस के पास एक एफआईआर दर्ज थी। इसमें यूएसए में बैठे मनदीप सिंह का नाम सामने आया था। जांच में पुलिस को मनदीप सिंह व सिमरनजोत संधू के रिश्तों के बारे में पता चला था।

# गरीबों का सहारा बनी मां गायत्री जनसेवा व नीशू वेलफेयर संस्था



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** अमौसी एयरपोर्ट के पास चिल्लावा में रहने वाले एक आर्थिक रूप से कमजोर मुस्लिम परिवार की बेटी शबाना (बदला हुआ नाम) की शादी में मदद की गई। संस्था से जुड़े एक पत्रकार द्वारा तत्काल मदद मांगी गई थी कि पिता,भाई दोनो की मृत्यु हो चुकी है परिवार में कोई नही, मां ही बेटी का निकाह (शादी) करा रही है इसलिए संस्था द्वारा कुछ मदद कर दीजिए।

अतः आज परिवार के घर जाकर यथासंभव मदद संस्था माँ गायत्री जनसेवा संस्थान एवम नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा कर दी गई। हमारी दोनो संस्थाओं द्वारा जनसहयोग के माध्यम से अब तक 224वीं बेटी की शादी में मदद की गई। हमारा यही प्रयास, कोई लौट न निराश। इस बेटी की शादी में विशेष सहयोग संस्था के सदस्य शुभम गुप्त, मो इमरान खान, संगीता शाक्य, तृप्ति पांडे, रिया यादव, इंस्पेक्टर रूबी सिंह, निवेदिता, रागिनी, शशांक चतुर्वेदी का सहयोग रहा। अरुण प्रताप सिंह ने कहा कि हमारा प्रयास आगे भी जारी रहेगा हर गरीब को आर्थिक मदद देने के लिए हमारी संस्था सदैव तत्पर रहेगी।

## ये बांग्लादेश नहीं, ये मोदी का भारत : शेखावत

**जोधपुर।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भारत में बांग्लादेश जैसी स्थिति उत्पन्न होने की बात करने वालों को दो टूक जवाब दिया। शेखावत ने कहा कि ये बांग्लादेश नहीं है, ये भारत है और ये मोदी का भारत है। सपने में भी ऐसा सोचेंगे वालों को उनके साथ क्या होने वाले है? उन्हें अपने आप ही समझ लेना चाहिए। केंद्रीय मंत्री शेखावत शनिवार को जोधपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में बांग्लादेश में उपजे हालातों पर शेखावत ने कहा कि बांग्लादेश में जो कुछ हुआ, वो अप्रत्याशित भी था और अस्वीकार्य भी, लेकिन भारत सरकार निरंतर उस पर दृष्टि बनाए हुए है। वहां हालात सुधरें। एक बार वापस ठीक से कानून व्यवस्था पटरी पर आए। वहां सरकार का अस्तित्व स्थापित हो। पूरा विश्व इसको बहुत गंभीरता के साथ देख रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में बांग्लादेश जैसे हालात बन जाएंगे, ऐसी बातें करना दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ लोगों ने इस तरह की टीका-टिप्पणियां की हैं। भारत में इस टेम्पलेट को दोहराने की बात की है। वो शायद ये नहीं जानते कि ये बांग्लादेश नहीं है।

# आईआईटी कानपुर ने लांच किया साथी आईबीपीएस

▸ बैंकिंग की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को मिलेगी मदद

एजेंसी



**कानपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर ने साथी आईबीपीएस प्लेटफॉर्म के लॉन्च की घोषणा की है, जो इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सिलेक्शन (आईबीपीएस) द्वारा आयोजित बैंकिंग परीक्षाओं की तैयारी में उम्मीदवारों की मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया एक अभिनव कार्यक्रम है। शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से यह पहल भारत भर के इच्छुक छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षिक संसाधन प्रदान करती है, आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि और दूरदराज के क्षेत्रों के लोगों को प्राथमिकता देती है, समान अवसर सुनिश्चित करती है और उच्चतम गुणवत्ता वाली शिक्षण सामग्री तक पहुंच बढ़ाती है।

साथी आईबीपीएस कार्यक्रम आईबीपीएस क्लर्क परीक्षा के लिए व्यापक अध्ययन सामग्री प्रदान करता है और निकट भविष्य में अन्य आईबीपीएस परीक्षाओं को भी शामिल करने की योजना है। इच्छुक उम्मीदवार इसके पोर्टल https://ibps.iitk.ac.in/ के माध्यम से या ऐप स्टोर या Google Pla4 Store से SATHEE ऐप डाउनलोड करके SATHEE IBPS कार्यक्रम के लिए पंजीकरण कर सकते हैं।

आईआईटी के निदेशक प्रो. मणीन्द्र अग्रवाल ने शनिवार को कहा कि साथी आईबीपीएस प्लेटफॉर्म उच्च शिक्षा तक सभी की सुलभ पहुंच बनाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है और देश भर में छात्रों को सशक्त बनाने के लिए हमारी तकनीकी विशेषज्ञता का उपयोग करने का उदाहरण प्रस्तुत करता है, जो उन्हें न केवल परीक्षाओं के लिए बल्कि सफल भविष्य के लिए तैयार करता है। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्यों के अनुरूप है। प्रो. अमेय करकरे ने कहा कि साथी आईबीपीएस एक संरचित शिक्षण अनुभव प्रदान करता है जो हर छात्र की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरुप सहजता से इस्तेमाल किया जा सकता है। शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल ने ने कहा कि डिजिटल गैप को कम करने व आईबीपीएस की तैयारी करने वाले उम्मीदवारों के लिए एक शैक्षिक वातावरण बनाने और उनकी भौगोलिक या आर्थिक सीमाओं की बाधाओं को दूर कर उनकी महत्वाकांक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने में उनकी मदद करने के लिए यह प्लेटफार्म डिजाइन किया गया है।

# न्याय व्यवस्था से नागरिकों के मौलिक कर्तव्य बरकरार

▸ उपराष्ट्रपति ने न्याय प्रणाली को देश का मजबूत स्तम्भ बताया

एजेंसी

**जोधपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि न्याय व्यवस्था ने ही देश के नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों को बरकरार रखा हुआ है। वे शनिवार को यहां बार काउंसिल ऑफ राजस्थान की ओर से राजस्थान हाई कोर्ट के प्लेटिनम जुबली महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान रोल ऑफ ज्यूडिशरी इन इमर्जिंग इंडिया विषय पर सेमिनार का भी आयोजन किया गया।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सभी को प्लेटिनियम जुबली की बधाई दी। उन्होंने अपने उद्बोधन में कई ऐसे केस व कोर्ट के फैसलों को जिक्र किया जिनके फैसलों से नागरिकों को मौलिक आजादी का फायदा मिल रहा है। उन्होंने न्याय प्रणाली को देश का मजबूत स्तम्भ बताया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि मानव जीवन का सबसे अनमोल पहलू स्वतंत्रता है। लोग लोकतंत्र से प्यार करते हैं क्योंकि वे स्वतंत्रता को अपनी जीवनरेखा मानते हैं। कानून प्रजा के लिए या बाहर से काम करने वाली संप्रभु शक्ति के लिए नहीं हैं, बल्कि वे हमारे से हैं, हमारे लिए हैं और हमें उन्हें वास्तविकता में अनुवादित करना है। कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति के साथ सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एजी मसीह, न्यायाधीश संदीप मेहता, राजस्थान हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव, विधि मंत्री जोगाराम पटेल, बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा और बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के चेयरमैन भुवनेश शर्मा सहित कई पूर्व न्यायाधीश व अधिवक्ताओं ने भी शिरकत की। समारोह में राजस्थान हाई कोर्ट के वर्तमान एवं पूर्व न्यायाधीश, बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के वर्तमान एवं पूर्व सदस्य, प्रदेश में स्थित बार संघों के पदाधिकारी एवं अधिवक्ताओं ने भाग लिया।

# भारत की विकास साझेदारी मालदीव की जरूरतों और प्राथमिकताओं से प्रेरित : एस जयशंकर

एजेंसी



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि भारत की विकास साझेदारी मालदीव के लोगों और सरकार की जरूरतों और प्राथमिकताओं से प्रेरित है और यह अनुदान, ऋण, बजटीय सहायता, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण सहायता का एक विवेकपूर्ण मिश्रण है। अब हम एक ऐसे चरण में प्रवेश कर रहे हैं जहां इनमें से कई परियोजनाएं जमीन पर साकार हो रही हैं, जिससे आम लोगों को ठोस लाभ मिल रहा है। विदेश मंत्री ने उक्त बातें आज भारत की सहायता से तैयार मालदीव के 28 द्वीपों में जल एवं स्वच्छता परियोजनाओं के उद्घाटन पर कहीं। इस परियोजना से 32 द्वीपों में सुरक्षित पेयजल पहुंचेगा और 17 द्वीपों में सीवरेज प्रणाली शुरू होगी। इसका सीधा असर मालदीव के 28 हजार लोगों के जीवन पर पड़ा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि भारत-मालदीव विकास सहयोग दोनों देशों की साझेदारी के आदर्श वाक्य 'मालदीव ने कल्पना की, भारत ने पूरा की' पर आधारित है।

दोनों देशों का प्रयास है कि अपने रिश्ते की इस परिभाषित विशेषता का उपयोग कर और अधिक से अधिक ऊंचाइयों को छूए। संयुक्त प्रयास, संयुक्त गतिविधियाँ और साझा दृष्टि दोनों देशों की एक साथ यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बनेगी। विदेश मंत्री तीन दिवसीय यात्रा पर मालदीव में हैं। इससे पहले कल भारत और मालदीव ने यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) शुरू करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। कल समझौता ज्ञापन के बाद विदेश मंत्री ने कहा कि भारत ने अपने यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपाई) के माध्यम से वास्तव में डिजिटल लेनदेन में क्रांति ला दी है। एमओयू पर हस्ताक्षर मालदीव में डिजिटल नवाचार की दिशा में पहला कदम है। इसका पर्यटन पर बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। विदेश मंत्री ने आज मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात की और उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से भेजी गई शुभकामनायें दीं। उन्होंने कहा कि लोगों और क्षेत्र के लाभ के लिए भारत-मालदीव संबंधों को प्रगाढ़ करने के लिए भारत सरकार प्रतिबद्ध है। विदेश मंत्री ने आज मालदीव के सरकार के रक्षा, वाणिज्य और वित्तमंत्री से भी मुलाकात की।

### सरकार 69 भारतीयों की रिहाई का कर रही इंतजार

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि सरकार रूसी सेना में भर्ती 69 भारतीयों की रिहाई का इंतजार कर रही है। श्री जयशंकर ने लोकसभा में एक पूरक प्रश्न की जवाब में कहा कि यह भी बताया जा रहा है संकेत मिले हैं कि भारतीय नागरिकों को रूस की सेना में भर्ती होने के लिए गुमराह किया गया था। सीबीआई ने भी इस मामले में 19 आरोपियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया है। इस मामले में मानव तस्करी के सबूत सामने आए हैं और सबसे ज्यादा तस्करी के मामले आंध्र प्रदेश के है।

## अप्रैल से रूसी सेना में भारतीयों की तैनाती पर लगी रोक : रूसी दूतावास

**नई दिल्ली।** रूसी दूतावास का कहना है कि उनकी सरकार सैन्य सेवा में भारतीय नागरिकों की भर्ती के किसी अभियान खासकर किसी अस्पष्ट, कपटपूर्ण अभियान में शामिल नहीं रही है। वहीं इस वर्ष अप्रैल से रूस के रक्षा मंत्रालय ने भारत सहित कई देशों के नागरिकों को रूसी सशस्त्र बलों में सैन्य सेवा में प्रवेश देने पर रोक लगा दी है। नई दिल्ली स्थित रूसी दूतावास ने शनिवार को एक वक्तव्य जारी कर इस मुद्दे पर स्थिति स्पष्ट की है। दूतावास का कहना है कि यूक्रेन में विशेष सैन्य अभियान के दौरान भारतीय नागरिकों के हताहत होने की दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हुई हैं। दूतावास भारत सरकार और मृतकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता है। दूतावास ने आगे कहा कि दोनों देशों की संबंधित एजेंसियां रूस में सैन्य सेवा के लिए स्वेच्छा से अनुबंध करने वाले भारतीय नागरिकों की शीघ्र पहचान और उन्हें मुक्त करने के लिए मिलकर काम कर रही हैं।

# कानून और स्वास्थ्य सेवाओं का लक्ष्य समाज की बेहतरी : डी.वाई. चंद्रचूड़

▸ पीजीआई चंडीगढ़ के दीक्षांत समारोह में डॉक्टरों को दी डिग्रियां

एजेंसी



**चंडीगढ़।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा कि कानून और स्वास्थ्य सेवाओं का एक ही लक्ष्य होता है। दोनों समाज की बेहतरी के लिए काम करते हैं। जिस प्रकार हम गवाह और सबूतों के आधार पर किसी भी मामले की सुनवाई करते हैं, इसी प्रकार डॉक्टर भी मरीज की जांच रिपोर्ट और उसके लक्षणों के आधार पर उसका इलाज करते हैं।

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ शनिवार को पीजीआई चंडीगढ़ में आयोजित दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग ले रहे थे। उन्होंने यहां पर 80 डॉक्टरों को मेडल देकर सम्मानित किया और 508 डॉक्टरों को डिग्री प्रदान की है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चीफ जस्टिस ने कहा कि चंडीगढ़ एक अर्बन प्लानिंग का बेहतरीन हिस्सा है। यहां पर कैपिटल कॉम्पलेक्स, पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट, सुखना लेक इसके अच्छे उदाहरण हैं। उन्होंने बताया कि 2021 में वह अपने परिवार के साथ शिमला घूमने जा रहे थे, तभी उनकी बेटी प्रियंका को सांस लेने में तकलीफ हो गई थी। इसके बाद उसे इसी अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां पर उसका 6 हफ्ते तक इलाज चला। जिसके बाद वह ठीक होकर लौटी थी। पीजीआई में पहुंचने से पहले उन्होंने पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में एक नेशनल कांफ्रेंस का उद्घाटन किया। यह नेशनल कांफ्रेंस अदालत में टेक्नोलॉजी के उपयोग पर रखी गई है। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से जज यहां पर पहुंचे हुए हैं। इस मौके पर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि टेक्नोलॉजी के माध्यम से न्यायपालिका को आम नागरिकों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान होगा। टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल न्याय सबके द्वार सुनिश्चित करने के लिए किया जाना चाहिए। ई-कोर्ट का तीसरा चरण शुरू होने वाला है। केंद्र सरकार की तरफ से इसके लिए 7000 करोड़ रुपए का बजट भी दे दिया गया है। बुनियादी ढांचा बढ़ाया जाना जरूरी है। अदालतों में पेंडिंग केंसों का कारण है कि अदालतों में लोगों का विश्वास बढ़ रहा है। नए माध्यमों को अपनाना होगा।